# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## 1900 ईरानी व 13 अमेरिकी सैनिकों की जान लेकर....

## 40 दिन बाद थमी अमेरिका-ईरान की जंग...14 दिन का युद्ध विराम, 10 को अमेरिका व ईरान की इस्लामाबाद में बैठक

## अमेरिका भी जीता...

क्यों? ट्रंप ने कहा-ईरान हमलों से थक चुका था

# ये अनोखा सीजफायर

## ...और ईरान भी जीता

क्यों? हमारी 10 सूत्रीय मांगें अमेरिका ने मान ली हैं

### अब आगे क्या?

- खुल गया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, खुली जहाजों की आवाजाही
- ट्रंप ने कहा- ईरान के साथ मिलकर काम करेंगे, खूब पैसा कमाएंगे
- इजराइल ने समर्थन किया लेकिन, कहा- लेबनान इसमें शामिल नहीं
- तेल की कीमतें गिरीं। ब्रेंट क्रूड 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब आया
- दुनिया भर के शेयर बाजार में खुशी की लहर, पाक शेयर बाजार भी गदगदाया
- दोनों देशों के बीच 'प्रतिबंधों' को हटाने के लिए 15 सूत्रीय समझौते पर बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप की 5 वीं धमकी के बाद ईरान से जंग 2 हफ्तों के लिए रुक गई। दोनों देश 2 हफ्तों के सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। ट्रंप ने यह युद्ध-विराम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर घोषित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से दिया गया प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि दो हफ्ते तक लड़ाई रोक दी जाए और होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोल दिया जाए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इन दो हफ्तों के समय का इस्तेमाल ईरान के साथ अंतिम समझौता करने के लिए करेगा। उन्होंने लिखा कि ऐसा करने का कारण यह है कि हम अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को पहले ही पूरा कर चुके हैं और उनसे भी आगे बढ़ चुके हैं। साथ ही हम ईरान के साथ लंबे समय की शांति और पूरे मध्य पूर्व में शांति के लिए एक पक्का समझौता करने के बहुत करीब हैं।



तेहरान में सीजफायर के बाद जीत का जश्न

### सुरंगों में दबा परमाणु कचरा हटाएगा अमेरिका

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ मिलकर उन सभी परमाणु अवशेषों यानी की न्यूक्लियर डस्ट को खोदकर बाहर निकालेगा और हटाएगा, जो बी-2 बॉम्बर्स से किए गए।

### मोजतबा ने सेना को फायरिंग रोकने का आदेश दिया

ईरान ने स्पष्ट किया है कि संघर्षविराम का मतलब युद्ध का अंत नहीं है और अगर शत्रु किसी भी तरह की कार्रवाई करता है तो उसके हाथ हमेशा हथियार पर रहेंगे।

### ये हैं ईरान की 10 शर्तें

1. कोई हमला न किया जाए, अमेरिका आक्रमकता न दिखाए
2. होमुर्ज पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा
3. ईरान को यूरेनियम संवर्धन करने का अधिकार
4. ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए अमेरिका
5. यूएन ईरान के खिलाफ अपने प्रस्ताव वापस ले
6. सभी द्वितीयक प्रतिबंधों से ईरान को मुक्त किया जाए
7. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रस्ताव खारिज हों
8. युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई हो
9. अमेरिका अपने सभी सैनिक इस क्षेत्र से हटाए
10. लेबनान और दूसरे मोर्चों पर तुरंत हमले रोके जाएं



### ईरान में जो नुकसान हुआ, उसका क्या?

इस्लामाबाद की बैठक में ईरान होर्मुज में टैक्स वसूली का मुद्दा उठाएगा

**...और, युद्ध में ईरान की मदद करने वाले देशों की आई शामत**

**अमेरिका ने तत्काल प्रभाव से लगाया 50% टैरिफ**

### किस देश की क्या प्रतिक्रिया?

**भारत: ईरान में जंग रुकने का स्वागत**

भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस युद्धविराम का स्वागत किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी।

**चीन: हम तो शांति और युद्धविराम ही चाहते हैं**

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पाकिस्तान और अन्य देशों के प्रयासों का भी स्वागत किया और कहा कि चीन ने भी अपने स्तर पर प्रयास किए। माओ ने कहा- हमशांति वार्ता और युद्धविराम की वकालत करते रहे हैं।

**रूस: बुरी तरह हारे यूएस-इजराइल**

रूस ने कहा कि 28 फरवरी को ईरान पर बिना उकसावे के किया गया एकतरफा हमले में दोनों (यूएस-इजराइल) की करीबी हार हुई है। अब तुरंत एक राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान शुरू करना जरूरी है।

### पाक ने की मध्यस्थता

ट्रंप और ईरान ने पाकिस्तान और पाक सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को युद्धविराम के लिए क्रेडिट दिया। दोनों ने पाक को एक भरोसेमंद मध्यस्थ माना।







### खबर संक्षेप

**मोनालिसा की शादी पर संकट! आयोग ने दिए जांच के आदेश**



**नई दिल्ली।** प्रयागराज के महाकुंभ से वायरल गर्ल बनीं मोनालिसा भोंसले और फरमान की शादी पर संकट के बादल घिर गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मोनालिसा के नाबालिग होने की शिकायत पर नोटिस जारी कर उम्र जांच करने के आदेश दिए हैं। खरगोन के एसपी को मामले की जांच सौंपी गई है। आयोग ने मप्र और केरल के अधिकारियों को समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। मोनालिसा को अपनी उम्र से जुड़े दस्तावेज पेश करने होंगे। आयोग ने खरगोन एसपी को नोटिस जारी किया है और 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

जबलपुर में 'कृषि मंथन 2026' में बोले मुख्यमंत्री-कृषि, परंपरा और नवाचार के संगम से मप्र बना अग्रणी कृषि राज्य

## 'समृद्ध किसान व समृद्ध मप्र' की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में 'कृषि उत्सव'



*सीएम ने कहा कि जय किसान, जय जवान में जय विज्ञान जोड़ा गया था। वर्तमान दौर में हम इसमें जय अनुसंधान भी जोड़ रहे*

**कार्यक्रम में 10 कृषि स्टार्टअप्स को 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी गई**



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम

**उन्नत बीज प्रसंस्करण, औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि, परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय से देश में कृषि विकास का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों के शोध और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने उत्पादन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध मप्र की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में कृषि उत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर में आयोजित 'कृषि मंथन 2026' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**नर्मदा जल और सिंचाई से बढ़ी क्षमता**

उन्होंने कहा कि नर्मदा घाटी परियोजनाओं और सिंचाई विस्तार से प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर उन्होंने उन्नत बीज प्रसंस्करण, औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने बताया कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी बन रहा है। कोदो-कुटकी, रागी जैसे मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और पोषणयुक्त फसल मिल रही है।

**प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया**

सीएम ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देते हुए राज्य में दुग्ध उत्पादन 9% से बढ़ाकर 20% तक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को मुफ्त दूध देने की योजना लागू की जा रही है। उन्होंने कृषि विकास दर को गति देने के लिए क्षेत्रीय अनुकूलता के आधार पर गतिविधियों को सुनिश्चित करने और आधुनिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुकूल खेती, उन्नत बीज और उत्पादन वृद्धि पर ध्यान देने की अपील की। सीएम ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर में देश के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित करना और खेत से कारखानों तक उत्पादों की पहुंच सुगम बनाना है।



प्रेमी कमलेश — प्रियंका पत्नी (मास्टरमाइंड) — देवकृष्ण पुरोहित (मृतक)

धार में 'राजा रघुवंशी' जैसा हत्याकांड

## पत्नी ने कराई पति की हत्या..बॉयफ्रेंड पाने के लिए दी 1 लाख रु. की सुपारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

जिले के गोंदीखेड़ा चारण गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक ऐसा हत्याकांड हुआ, जिसने सबको झकझोर दिया। जिस पत्नी ने रो-रोकर पुलिस को लूट और बंधक बनाने की आपबीती सुनाई थी, वह खुद अपने पति की कातिल निकली। पुलिस ने महज 6 घंटे की जांच में उस पत्नी का नकाब उतार दिया, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस पूरी वारदात की पटकथा लिखी थी।

जांच में सामने आया कि प्रियंका पुरोहित (27) ने अपने पति देवकृष्ण पुरोहित को रास्ते से हटाने के लिए अपने प्रेमी कमलेश (33) के साथ साजिश रची। इस साजिश के तहत कमलेश ने अपने साथी सुरेंद्र पिता प्रताप सिंह को करीब 1 लाख रुपए की सुपारी दी थी और पूरी घटना को लूट का रूप देने की पहले से प्लानिंग की गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सुपारी लेने वाला आरोपी सुरेंद्र फरार है। धार पुलिस के मुताबिक यह मामला ठीक वैसा ही है, जैसा इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में हुआ था।



वारदात के बाद लूट का ड्रामा करती प्रियंका

### 15 साल की उम्र में हो गई थी शादी

देवकृष्ण और प्रियंका की शादी 15 साल की उम्र (बचपन) में हो गई थी। उसका राजगढ़ में रहने वाले कमलेश पुरोहित के साथ अफेयर (प्रेम प्रसंग) चल रहा था। योजना के तहत सुरेंद्र देवकृष्ण के घर पहुंचा और उसे सोते हुए ही मौत के घाट उतार दिया।

### लूट के लिए मर्डर से शुरू हुई वारदात कहानी

गोंदीखेड़ा चारण में रहने वाली प्रियंका पुरोहित 7 अप्रैल 2026 को पति देवकृष्ण की हत्या का केस दर्ज कराया। पत्नी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश रात में उसके घर में घुसे और दोनों को बंधक बना लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से पति की हत्या कर दी। इसके बाद घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूटकर फरार हो गए। लूटे गए माल की कीमत करीब 3.5 लाख रुपए बताई गई। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो प्रियंका पुरोहित शक के घेरे में आ गई। वह अपने बयान में बार-बार बदलाव कर रही थी। घर की तलाशी में पुलिस को वो गहने भी मिल गए जिन्हें लूटने का दावा किया गया था।

## चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थमा

*असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग होगी*

## असम, केरल और पुडुचेरी में '296 सीटों' पर आज मतदान, 4 मई को होगी मतगणना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। असम की बात करें तो यहां कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के



असम में मतदान दल

करीब 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

### उम्मीदवारों की संख्या 1900 से ज्यादा

*असम में 1,388 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें 817 उम्मीदवार थे। केरल में 2,117 नामांकन के साथ 1,252 उम्मीदवार और पुडुचेरी में 514 नामांकन के साथ 442 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। कुल मिलाकर 4,019 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 2,511 उम्मीदवार शामिल थे। हालांकि, स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद अंतिम उम्मीदवारों की संख्या घटकर लगभग 1,900 से ज्यादा रह गई है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 'साइलेंस पीरिएड' लागू है। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के बाद 4 मई को मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।*



## असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान आज

# मतदान से पहले सुरक्षा व्यवस्था सख्त की, लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं
# अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर व्यापक तैयारियों का जायजा लिया



एजेंसी ⏭ गुवाहाटी /नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। असम विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। चिरांग जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मतदान कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की इकाई, तेल निगम के बोंगाईगांव केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला प्रशासन और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर तय किए गए कक्ष के स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्था और आवश्यक सुरक्षा ढांचे का गहन समीक्षा की गई अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि मजबूत कक्ष के आसपास सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध समय से पहले पूरे कर लिए जाएं। अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के दौरान मतपेटियों और संबंधित सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। किसी भी तरह की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

### वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए पोस्टल बैलट सुविधा

चुनाव आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और पहचान किए गए दिव्यांग व्यक्तियों के लिए डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) के माध्यम से घर से ही अपना वोट डालने की एक वैकल्पिक सुविधा प्रदान की है।



सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान

### असम में मतदान केंद्रों की निगरानी लाइव वेबकास्ट से होगी

असम चुनाव के लिए 31,490 पोलिंग स्टेशनों पर 25,054,463 मतदाता मताधिकार के हकदार हैं और इन सभी मतदान केंद्रों की निगरानी लाइव वेबकास्ट के ज़रिए की जाएगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारीकार्यालय से जारी जानकारी में कहा गया है कि सीईओ अनुराग गोयल की अगुवाई में सभी संबंधित अधिकारी मतदान प्रक्रिया से जुड़ी अपनी ज़िम्मेदारियां देख रहे हैं। चुनाव आयोग ने पहले ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात कर दिया है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा पक्की करने के लिए, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी शामिल हैं, को तैनात किया गया है।

### मतदान कर्मियों और मशीनों की व्यवस्था की

चुनावी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कुल 151,132 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। मतदान प्रक्रिया के लिए 41,320 बैलेट यूनिट, 43,975 कंट्रोल यूनिट और 43,997 वीवीपैट मशीनों का इंतज़ाम किया गया है, इनमें आपातकालीन स्थितियों में इस्तेमाल के लिए रिज़र्व में रखी गई मशीनें भी शामिल हैं। ज़रूरत पड़ने पर इस्तेमाल के लिए अतिरिक्त मतदान कर्मियों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का उपयोग

मतदान प्रक्रिया के लिए 1,099 ईवीएम, 1,099 कंट्रोल यूनिट और 1,099 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा आपात स्थिति से निपटने के लिए 364 ईवीएम, 364 कंट्रोल यूनिट और 459 वीवीपैट मशीनें रिजर्व में रखी गई हैं।

### अधिक संख्या में मतदान करें लोग

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाएं। वहीं राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओर से भी अंतिम दौर का प्रचार अभियान पूरा कर लिया गया है।

### केरल में मतदान का समय सुबह 7 बजे से



केरल के सभी मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (रतन यू. केलकर ने बताया कि सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। 883 उम्मीदवार की किस्मत लॉक होगी।


### पुडुचेरी में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की

प्रदेश के 30 निर्वाचन क्षेत्रों में 1,099 मतदान केंद्र हैं। बुधवार को ईवीएम और अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ जीपीएस युक्त वाहनों के जरिए संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया। उनके साथ सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल और हथियारबंद जवान भी तैनात किए गए हैं।

### बंगाल के लिए चुनाव आयोग की बैठक

## चिल्लाए ब्रायन, सीईसी बोले- बाहर निकलिए





पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली में चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ और टीएमसी के बीच 7 मिनट की मुलाकात एक बड़े विवाद के साथ समाप्त हुई। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने वहां चिल्लना लगे, माहैल गरम हो गया और ईसी ने उन्हें बाहर निकलने का आदेश दे दिया।

### टीएमसी नेताओं ने चिल्लाकर बात की

आयोग ने कहा ब्रायन चुनाव आयुक्तों पर चिल्ला रहे थे और बोलने तक नहीं दिया। सीईसी ने कथित तौर पर ब्रायन से मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध किया और कहा कि चीखना-चिल्लाना और अभद्र व्यवहार आयोग के कक्ष में उचित नहीं है।

### खरगे ने गुजरातियों पर किए कमेंट के लिए मांगी माफी



केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान गुजरात के लोगों पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी मांगी है। हम सम्मान करते हैं।

### नॉमिनेशन के बाद बोलीं ममता
### हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे



भवानीपुर सीट से नॉमिनेशन करने के बाद सीएम ममता बेनर्जी ने टीएमसी के लिए समर्थन मांगते हुए लोगों से अपील की कि हमारे उम्मीदवारों की जीत तय करें। हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे।

### बाबा के दरबार में पहुंचे सीएम सरमा



असम में चुनाव प्रचार थामने के बाद असम के सीएम बैजनाथ धाम पहुंचे और धार्मिक स्थल का दर्शन किया। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के साथ आश्रम गए।

### भाजपा ने जारी की छठी लिस्ट
### कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह पर लगाया दांव

बंगाल चुनाव के लिए भाजपा ने छठी सूची जारी कर दी है। कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।


### बंगाल में कांग्रेस ने 7 उम्मीदवार बदले

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिए हैं। पार्टी की तरफ से बुधवार को नई लिस्ट जारी की गई। सूची जारी कर दी है।

## खबर संक्षेप

### रामपाल को 11 साल 4 महीने बाद मिली बेल

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को देशद्रोह के



एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को जमानत दे दी। 11 साल, 4 महीने और 20 दिन जेल में बिताने के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रामपाल को हिसार सेंट्रल जेल-2 से रिहा कर दिया जाएगा।

### गोवा कोर्ट ने लूथरा बंधुओं को दी जमानत

**पणजी।** गोवा के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नाइटक्लब लाइसेंस से जुड़े कथित



एनओसी फर्जीवाड़ा मामले में सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जमानत दी। यह मामला उत्तरी गोवा के अर्पोरा स्थित चर्चित नाइटक्लब बर्च बाय रोमियो लेन से जुड़ा है, जहां शराब परोसने एक्साइज लाइसेंस हासिल करने में कथित रूप से अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए।

### कांग्रेस नेता मोहसिना का 94 उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** देश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना



किदवई का बुधवार तड़के अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने पुष्टि की है। किदवई काफी समय से बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने नोएडा के मेट्रो अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा उनका अंतिम संस्कार निजामुद्दीन स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

### अग्रिम जमानत को खेड़ा पहुंचे हाईकोर्ट

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट



रुख किया है। वे सीएम हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी पर आरोप लगाने के बाद अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे। आरोप है कि खेड़ा ने सीएम के परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

## मोदी कैबिनेट ने 4 बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# अरुणाचल में 26,000 करोड़ से पूरा होगा हाइड्रो प्रोजेक्ट, इससे बिजली क्षमता बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए राशि को मंजूरी दी और उनके पूरा होने की समय सीमा भी निर्धारित की। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा

## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने अरुणाचल प्रदेश के कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में 1720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए 26,069.50 करोड़ के निवेश को मंजूरी दे दी है। इसको पूरा करने की अनुमानित अवधि 8 साल रखी गई है। यह परियोजना 8 गुणा 210 मेगावाट और 1 गुणा 40 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ 6870 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करेगी। इस प्रोजेक्ट से अरुणाचल प्रदेश में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी, पीक डिमांड मैनेजमेंट में मदद मिलेगी, राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन को समर्थन मिलेगा और ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अरुणाचल प्रदेश में अन्य प्रमुख जलविद्युत परियोजनाएं सुबनसिरी लोअर (2000 मेगावाट), दिबांग मल्टीपर्पज (2880 मेगावाट) निर्माणाधीन हैं, जबकि एटालिन (3097 मेगावाट) परियोजना प्रस्तावित है। इस परियोजना से कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा।

### लोगों को लाभ

**4,743.98**
करोड़ बाढ़ नियंत्रण (फ्लड मॉडरेशन) के लिए देगी

**1,340**
करोड़ बुनियादी ढांचे (सड़क, पुल, ट्रांसमिशन) के लिए देगी

**750**
करोड़ राज्य की इक्विटी हिस्सेदारी के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में देगी

राज्य सरकार को इस परियोजना से 12फीसदी मुफ्त बिजली मिलेगी

अतिरिक्त 1 फीसदी राजस्व स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए निर्धारित होगा



### किसानों को होगा फायदा

### खरीफ 2026 के लिए उर्वरक सब्सिडी को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडीदरों को मंजूरी दे दी है। खरीफ के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ होगी। यह पिछले बजट के मुकाबले करीब 4,317 करोड़ रुपए अधिक है। इससे किसानों को सब्सिडी के तहत सस्ती, किफायती और उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों को ध्यान में रखते हुए सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति तय करना है। सरकार किसानों को 28 प्रकार के पीएंड के उर्वरक (डीएपी सहित) सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराती है।

### जयपुर मेट्रो फेज-2 को भी दी मंजूरी
### 13,000 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 13,037 करोड़ रकी लागत से बनाई जाएगी और शहर की परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में बड़ा योगदान देगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति मिली।इस योजना के तहत 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ ई साउथ कॉरिडोर बनाया जाएगा, जो प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक जाएगा। इसमें कुल 36 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस प्रोजेक्ट को राजस्तान मेट्रो रेल लागू करेगा, जो केंद्र और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है।यह नया मेट्रो कॉरिडोर जयपुर के कई प्रमुख इलाकों को जोड़ेगा।

### राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 79,459 करोड़


केंद्र सरकार ने राजस्थान के बाड़मेर (बालोतरा) जिले के पचपदरा में बन रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट समिति ने इस परियोजना की लागत 43,129 करोड़ से बढ़ाकर 79,459 करोड़ करने की स्वीकृति दी है। इस परियोजना में एचपीसीएल अतिरिक्त 8,962 करोड़ का निवेश करेगी। इसके बाद कंपनी का कुल निवेश बढ़कर 19,600 करोड़ हो जाएगा। यह रिफाइनरी एक बड़ा और आधुनिक प्रोजेक्ट है, जिसमें पेट्रोलियम के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल उत्पाद भी बनाए जाएंगे।

### राहुल की नागरिकता विवाद

## हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड देखने से किया मना, सुनवाई 15 को

### ब्रिटेन की नागरिकता का आरोप





एजेंसी ⏭ इलाहाबाद

हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वह आरोपों की सच्चाई की जांच नहीं करेगा और न ही गृह मंत्रालय के रिकॉर्ड की पड़ताल करेगा। यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें लखनऊ ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया गया था। याचिकाकर्ता एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। उसने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने ब्रिटिश नागरिकता ली थी और इस संबंध में विभिन्न कानूनों के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय के विदेशी प्रभाग के अधिकारी 2019 में जारी नोटिस से संबंधित रिकॉर्ड लेकर अदालत में मौजूद थे।

### आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं

कोर्ट ने कहा कि यह न्यायालय आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करता है और न ही प्रस्तुत रिकॉर्ड का परीक्षण करेगा। इससे पहले एक अन्य पीठ ने इन रिकॉर्ड को देख लिया था और बाद में उन्हें वापस कर दिया था। मामले की पृष्ठभूमि 2015 की एक शिकायत है, जिसमें राहुल पर ब्रिटेन की नागरिकता रखने का आरोप लगाया गया। इसके आधार पर गृह मंत्रालय ने 2019 में उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि, लखनऊ कोर्ट ने इस वर्ष जनवरी में एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज की थी, जिसके खिलाफ अब हाइकोर्ट में चुनौती दी गई।

### केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेंगे


हाईकोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई जारी रखते हुए अगली तारीख 15 अप्रैल तय की। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि वह इस स्तर पर आरोपों की गहराई में जाने के बजाय केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। बाद में अदालत ने गृह मंत्रालय से संबंधित सभी रिकार्ड तलब किए थे, लेकिन मंगलवार को बेंच ने इन रिकार्ड को देखने से फिलहाल इनकार कर दिया। यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष अदालत में दायर की गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने 17 दिसंबर 2025 को लखनऊ ट्रांसफर किया था।

### गोवा सरकार को लगाई फटकार

## हाई कोर्ट ने शिवाजी की प्रतिमा को ध्वस्त करने का दिया आदेश

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने गोवा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने



मोरमुगाओ बंदरगाह प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण रोकने में घोर लापरवाही हुई है। यह मामला वास्को के हेडलैंड साडा क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाए जाने से जुड़ा है। जिसकी अवैधता को लेकर बार-बार शिकायतें की गईं।जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित एस. जमसांदेकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एमपीए को सशस्त्र सुरक्षा उपलब्ध कराए, ताकि प्रतिमा को ध्वस्त किया जा सके और उस जंक्शन को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जा सके। कोर्ट ने राज्य के इस तर्क को खारिज कर दिया कि बंदरगाह को सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत उपायों तक ही सीमित रहना चाहिए या अपनी सीआईएसएफ सुरक्षा पर निर्भर रहना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य ने केवल एक मूकदर्शक की तरह काम किया है।

### उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली में वेटिंग की झंझट खत्म की

# अब यहां 'नो रूम' होते ही चलेगी 'क्लोन स्पेशल'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए 'क्लोन स्पेशल' ट्रेन चलाने का अहम निर्णय लिया है। प्रयागराज एक्सप्रेस और हमसफर जैसी ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलाई जाएगी ताकि यात्रियों को आसानी से कंफर्म टिकट मिल सके। यह ट्रेन नई दिल्ली के बजाय दादरी स्टेशन तक जाएगी, जिससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर कानपुर और अलीगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर भी रुकेगी।

## ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलेगी



### नई दिल्ली के बजाए दादरी रेलवे स्टेशन तक

इससे यात्रियों को नई ट्रेन मिलेगी जिससे कंफर्म टिकट आसानी से मिल सकेंगे। इस क्लोन ट्रेन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसे नई दिल्ली के बजाय दादरी रेलवे स्टेशन तक चलाया जाएगा ताकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले यात्रियों को सीधा संपर्क मिल सके। इससे यात्रियों को आनंद विहार या नई दिल्ली उतरकर ट्रैफिक जाम में फंसने से भी राहत मिलेगी। इससे दलाली पर भी लगाम लग सकेगी।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी

इस ट्रेन से यात्री दादरी तक कम समय में पहुंच सकेंगे। इससे नई दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनों की भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। यह क्लोन ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस की तरह ही चलेगी। यह प्रयागराज से चलकर कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल और अलीगढ़ जैसे बड़े स्टेशनों पर रुकते हुए दादरी तक पहुंचेगी।

### यात्रियों को वेटिंग से मिलेगा छुटकारा

रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए मांग आधारित क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह निर्णय दिल्ली रूट की ट्रेनों में भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए लिया गया है। प्रयागराज एक्सप्रेस, हमसफर और रीवा एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट अक्सर 100-200 से ऊपर चली जाती है। इसे दूर करने रेलवे ने तय किया जैसे ही 'नो रूम' की स्थिति बनेगी तुरंत एक क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

जबलपुर

गुरुवार 9 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष –07

वर्ष : 20, अंक : 338

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम

अधि. 30

न्यून. 17


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



4 नारी शक्ति का सशक्तिकरण जरूरी





जबलपुर मैट्रो

8 नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में 100% महिला..


सबरीमाला मंदिर मामले में नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- धर्म में अंधविश्वास क्या है? इसका फैसला करने का हमें 'अधिकार'

## सरकार का कहना-न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं, फैसले का हक नहीं

**सरकार ने कहा**

संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत यह विधायिका का काम है कि वह सुधार कानून बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सबरीमाला मंदिर मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है। यह टिप्पणी केंद्र सरकार के उस तर्क के जवाब में आई जिसमें कहा गया था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं। सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट अब धर्म के भीतर अंधविश्वास की परिभाषा तय करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार कर रहा है। बुधवार को नौन्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है।







**विधायिका का निर्णय ही अंतिम, यह सही नहीं**

*हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मेहता के इस तर्क को बहुत सरल बताते हुए कहा कि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र है कि कोई चीज अंधविश्वास है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद क्या होगा, यह विधायिका का काम है, लेकिन अदालत में यह नहीं कहा जा सकता कि विधायिका का निर्णय ही अंतिम होगा। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि जादू-टोना को धार्मिक प्रथा का हिस्सा माना जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा?*

## खबर संक्षेप

### इंदौर के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**इंदौर।** राऊ क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। सुबह करीब 8:23 बजे स्कूल प्रबंधन को यह मेल मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। स्कूल के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई लेकिन कुछ नहीं मिला।

### नकली दूध फैक्ट्री पकड़ाई 1000 ली. केमिकल जब्त



**मंदसौर।** यहां नकली दूध फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। यहां के कोटड़ा बुजुर्ग में पुलिस ने दबिश देकर तीन साल से चल रले नकली दूध की फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से पुलिस ने 1000 लीटर केमिकल, 1500 लीटर दूध जब्त किया है। जिससे सिंथेटिक दूध बना रहे थे। साथ ही सैंपल भी जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। पूरा मामला शामगढ़ थाना पुलिस क्षेत्र का बताया जा रहा है। फैक्ट्री तीन साल से चल रही थी।

### बड़वानी जिले में 3.6 तीव्रता का आया भूकंप



**बड़वानी।** जिले में बुधवार को अचानक भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सेंधवा क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न इलाकों में जमीन में हल्का कंपन महसूस किए जाने की जानकारी सामने आई है। जिले के अंजड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहिपुरा में बुधवार दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया गया कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई।

बड़ी वारदात : मुरैना में एक बार फिर रेत माफिया का खूनी खेल

# रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ रहे वन रक्षक को 'कुचल' डाला

*कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों से बात की*

**घटना के बाद से लोगों में नाराजगी, वन विभाग के कर्मचारी भी चिंतित**



पवन तोमर (मालिक) सोनू चौहान (मालिक)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

चंबल इलाके में रेत माफिया का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। चंबल नदी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन का खेल चल रहा है। अब मुरैना में रेत माफिया ने एक फॉरेस्ट कॉन्सेटबल को ट्रैक्टर से कुचल दिया है। अस्पताल लाने पर कॉन्स्टेबल हरिकेश गुर्जर की मौत हो गई है। वारदात दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी। टीम ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने उनको कुचल दिया। फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकला।

**हत्या के बाद रेत बेचकर आरोपी भाग निकले**



हरिकेश गुर्जर (मृतक)



लाल घेरे में आरोपी ड्राइवर

**» ट्रैक्टर मालिकों में दोनों एक पार्टी के पदाधिकारी**

**» वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी**

**कुछ समय पहले अंबाह रेंज में हुआ था पदस्थ**

मृतक हरिकेश गुर्जर मुरैना जिले के सरायछोला थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकपुर गांव का निवासी है। कुछ समय पहले ही वह मध्य प्रदेश के अन्य जिले से स्थानांतरित होकर अंबाह रेंज में पदस्थ हुआ था।

**नेता प्रतिपक्ष ने कहा-इस घटना ने साबित कर दिया कि अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका**



*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त और अपराधियों के हौसले चरम पर हैं। मुरैना में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला कर आरक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर देना न केवल भयावह है, बल्कि यह साबित करता है कि प्रदेश में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका है।*

**काश...वन कर्मियों को हथियार रखने के साथ चलाने की अनुमति होती?**

**भोपाल।** मुरैना में एक वन कर्मी की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में एक और तथ्य सामने आया है। यह पूरी तरह से वन महकमे की आपराधिक लापरवाही प्रतीत होती है। चूंकि यदि पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए वन महकमा वनकर्मियों को हथियार चलाने की अनुमति दे दी होती, तो शायद यह घटना नहीं होती। दरअसल, विदिशा जिले के लटेरी घटना की जांच करने वाले न्यायमूर्ति चौहान आयोग की रिपोर्ट के साथ-साथ, तत्कालीन पीसीसीएफ (हॉफ) ने नवंबर 2025 में वन विभाग को यह सिफारिश की थी कि वन बलों को हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्हें असम, महाराष्ट्र और ओडिशा के समान कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए।

जबलपुर लोकायुक्त टीम की कार्रवाई

# नगर पालिका का बाबू मांग रहा था 52 हजार घूस, धरा गया

**38 हजार रुपए में कर लिया था सौदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर



संजय तिवारी (आरोपी)

प्रदेश में लगभग हर दूसरे दिन कहीं न कहीं लोकायुक्त रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ रही है बावजूद रिश्वतखोर बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। नरसिंहपुर नगर पालिका में बुधवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के बाबू संजय तिवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

**इंदौर में 90 हजार लेते पकड़ाए पीडब्ल्यूडी के दो इंजीनियर**


मंगलवार को इंदौर में लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी के दो अफसर बालकुमार जैन, सहायक यंत्री/प्रभारी कार्यपालन अधिकारी और धीरेंद्रकुमार मीना उपयंत्री/प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी को 90 हजार रिश्वत लेते पकड़ लिया। रिश्वतखोर अधिकारियों ने ग्वालियर के रामनगर में रहने वाले फरियादी राघवेंद्रसिंह गुर्जर से जो कि ओम एंटरप्राइज, डीडी नगर, गोले का मंदिर ग्वालियर में लायजनिंग मैनेजर का कार्य करता है।

छिंदवाड़ा में सड़क हादसा

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर 2 महिलाओं की मौत, युवक घायल

**युवक की हालत गंभीर नागपुर रेफर किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के मोहखेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बैतूल रोड स्थित नरसला में बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप ने दोपहिया वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे नागपुर रेफर कर दिया गया है।

मुख्य न्यायाधीशों के मैसेज पढ़ने थे

# मोबाइल लेकर पहली बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीजेआई

**बोले- मैं अपनी जिंदगी में कभी नहीं लाया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सूर्यकांत

अदालत में मोबाइल फोन का इस्तेमाल आम तौर पर अच्छा नहीं माना जाता। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को अदालत में मोबाइल फोन लेकर पहुंचे। सीजेआई सूर्यकांत ने खुद भी कहा कि उनकी जिंदगी में ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें मोबाइल लेकर कोर्ट रूम में आना पड़ा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के सिलसिले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के कुछ मैसेजों को पढ़ना था। अपने मोबाइल नंबर पर भेजे गए पत्रों को पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने मुस्कुराते हुए कहा कि दरअसल, मुझे अभी याद आया कि मैं पहली बार अदालत में मोबाइल फोन ला रहा हूं।

यात्रियों के लिए परेशानी वाली खबर

# भोपाल से चलने वाली 8 ट्रेनें रद्द रखरखाव के चलते नहीं चलेंगी

**करीब 20 हजार से अधिक यात्री होंगे प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो

रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्य के कारण भोपाल से चलने और गुजरने वाली आठ प्रमुख ट्रेनों के नियत फेरे कैंसिल रहेंगे। नागपुर मंडल से गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक सुधार और जयपुर मंडल के कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें नागपुर-जयपुर मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य के कारण अप्रैल-मई में निरस्त रहेंगी। इन ट्रेनों के अचानक रद्द रहने से करीब 20 हजार से अधिक यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है। इन ट्रेनों के फेरे रहेंगे कैंसिल 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से 7 से 25 अप्रैल तक कैंसिल रहेगी। 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस अमृतसर से 7 से 27 अप्रैल तक कैंसिल रहेगी।

# शिक्षकों ने परीक्षा रद्द करने की मांग की



**'टीईटी आदेश' के खिलाफ शिक्षकों ने डीपीआई घेरा, सीएम के नाम ज्ञापन दिया**

**भोपाल।** राजधानी में बुधवार दोपहर टीईटी (टीचर्स एलिजीबिलिटी टेस्ट) अनिवार्यता के आदेश के विरोध में शिक्षक संगठनों ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) मुख्यालय का घेराव किया। नारेबाजी करते हुए शिक्षकों ने परीक्षा रद्द करने की मांग की।

**खुदरा महंगाई दर का अनुमान 4.6% रखा**

ईएमआई में फिलहाल कोई बदलाव नहीं

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को 5.25% पर रखा बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संजय मल्होत्रा

नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों का ऐलान हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बताया कि केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। इसका सीधा मतलब यह है कि आपकी होम लोन, कार लोन या पर्सनल लोन की ईएमआई फिलहाल स्थिर रहेगी और उनमें कोई कमी या बढ़ोत्तरी नहीं होगी।

**जंग के हालातों को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी**

गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार आरबीआई का मुख्य फोकस महंगाई को स्थायी रूप से 4% के लक्ष्य तक लाना है। हालांकि महंगाई नियंत्रण में दिख रही है, लेकिन ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के हालातों को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.6% महंगाई दर का अनुमान लगाया है। अगर आप नया लोन लेने की सोच रहे हैं, तो ब्याज दरें वैसी ही रहेंगी जैसी पिछले महीने थीं। फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज भी फिलहाल स्थिर रहेगा, जो बचत करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है।

दूसरे और तीसरे सप्ताह में भी पारा 38 से 40 डिग्री तक ही पहुंचने की उम्मीद

फिर बदलेगा प्रदेश का मौसम

# अप्रैल का पहला सप्ताह रहा ठंडा, कल से गर्मी बढ़ेगी, आंधी व बारिश का एक दौर और आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**» इस साल 37 डिग्री को पार नहीं कर सका**

**» पिछले 10 साल में इस महीने लगातार तीन साल 43 से 44 डिग्री तक गर्मी रही**

राजधानी में इस साल अप्रैल का पहला सप्ताह पिछले वर्षों की तुलना में ठंडा बीता है। एक अप्रैल का शहर का दिन का पारा 37 डिग्री तक रहा, जिसके बाद इसमें धीरे-धीरे कमी आती रही। पिछले 10 साल में इस महीने लगातार तीन साल 43 से 44 डिग्री तक गर्मी रही, लेकिन इस साल पारा अभी 37 डिग्री तक ही पहुंचा है।

अब शुक्रवार से गर्मी में बढ़त की उम्मीद है। दूसरे सप्ताह से तीसरे सप्ताह के बीच बारिश का एक दौर और चलने से अप्रैल में इस बार गर्मी 43 से 44 डिग्री तक नहीं पहुंच पाएगी। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन के बाद तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस महीने पहला सप्ताह अपेक्षाकृत ठंडा रहा है। राजधानी में वर्ष 2016 से 2026 के बीच 6 साल दिन का पारा 43 से 44 डिग्री तक रहा है। इनमें वर्ष 2026 में 42.6, 2017-42.7, 2018-42.8, 2019-43.7, 2021- 42.8 और 2022- 43.3 डिग्री दर्ज हुआ है।



राजधानी की पॉलिटेक्निक रोड, दोपहर 1:15 बजे का दृश्य

**पहले सप्ताह का पारा**

| तारीख | पारा |
|---|---|
| 1 अप्रैल | 37.4 |
| 2 अप्रैल | 36.8 |
| 3 अप्रैल | 36.2 |
| 4 अप्रैल | 35.2 |
| 5 अप्रैल | 33.4 |
| 6 अप्रैल | 34.0 |
| 7 अप्रैल | 34.4 |
| 8 अप्रैल | 33.2 डिग्री रहा। यह नार्मल से 4.6 डिग्री कम है |

**आज यहां ओले गिरेंगे**

गुरुवार तक दतिया, भिंड, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना में बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

चिंतन

# मध्यपूर्व में युद्धविराम दुनिया को देगा राहत

मध्यपूर्व की बारूदी जमीन पर 40 दिन तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम निस्संदेह दुनिया के लिए राहत की सांस लेकर आया है। यह विराम केवल गोलियों और मिसाइलों की खामोशी भर नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम आदमी की रसोई तक फैले संकट से अस्थायी निजात का संकेत भी है। सवाल यह है कि क्या यह युद्धविराम स्थायी शांति की प्रस्तावना है या सिर्फ एक खतरनाक संघर्ष का छोटा सा 'पॉज'? हालांकि उम्मीद की जा सकती है कि अब दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। इससे तेल, गैस, उर्वरकों और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद्द ने पूरी दुनिया को संकट में धकेल दिया था। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से इस लड़ाई की आंच लोगों की रसोई तक पहुंच गई थी। श्रमिकों, व्यापारियों और आमजन समेत हर वर्ग पर इसका व्यापक असर साफ देखा गया था। तेल, रसोई गैस और उर्वरक तक महंगे हो गए थे। होर्मुज खुलने से तेल, गैस और खाद्य पदार्थ आसानी से लोगों तक पहुंच सकेंगे। उम्मीद की जा सकती है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने वैश्विक तेल आपूर्ति को हिला दिया था। तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में उछाल ने विकासशील देशों की कमर तोड़ दी। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में इसका सीधा असर खेत और रसोई दोनों पर दिखा। महंगे उर्वरकों ने किसानों की लागत बढ़ाई तो रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों ने आम आदमी की थाली को प्रभावित किया। ऐसे में यह युद्धविराम आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जगी है, जिससे महंगाई पर कुछ अंकुश लग सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों के लिए यह राहत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उनकी उर्वरक जरूरतें खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं। यदि आपूर्ति बहाल रहती है, तो आगामी कृषि सत्र अपेक्षाकृत स्थिर रह सकता है, लेकिन इस राहत के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह युद्धविराम किसी स्थायी समाधान का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों की मजबूरी का उत्पाद है। अमेरिका में चुनावी दबाव, इज़राइल की सैन्य रणनीति और ईरान की क्षेत्रीय पकड़ इन सबके बीच यह समझौता हुआ है। यह शांति की इच्छा से ज्यादा, थकान और दबाव का समझौता प्रतीत होता है।सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए है। इतने कम समय में दशकों पुराने अविश्वास, वैचारिक टकराव और सामरिक प्रतिस्पर्धा को खत्म करना लगभग असंभव है। पूरे घटनाक्रम में एक और महत्वपूर्ण पहलू है क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका। पाकिस्तान के जरिए हुई मध्यस्थता ने भले ही अस्थायी राहत दिलाई हो, लेकिन यह भी साफ है कि बिना व्यापक और ईमानदार कूटनीतिक प्रयासों के स्थायी समाधान संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। कहा जा सकता है कि अगर इस अवसर को गंभीर कूटनीतिक पहल, आपसी विश्वास निर्माण और दीर्घकालिक रणनीति से नहीं जोड़ा गया, तो यह केवल एक विराम बनकर रह जाएगा, जिसके बाद संघर्ष और अधिक तीव्रता के साथ लौट सकता है। दुनिया को अब युद्धविराम से आगे बढ़कर शांति की स्थायी इबारत लिखनी होगी। इसके लिए सभी शक्तिशाली देश प्रयास करें।

आर्थिकी

अनिरुद्ध प्रताप सिंह



# बाजार की चाल, अस्थिर रुपया और आरबीआई की सीमाएं

पिछले कुछ समय से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान-अमेरिका–इजराइल के बीच जारी संघर्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित किया है और इसका सबसे स्पष्ट असर रुपये पर देखने को मिला है। पिछले दो हफ्तों में रुपये का व्यवहार लगभग वैसा ही रहा है जैसा आर्थिक सिद्धांत बताते हैं, यानी जैसे-जैसे जोखिम बढ़ा, पूंजी बाहर निकली, तेल महंगा हुआ और घरेलू मुद्रा दबाव में आ गई। रुपये में आई तेज गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस गहरे असंतुलन का संकेत है, जो वैश्विक और घरेलू कारकों के मिलन से पैदा हुआ है। यह स्थिति इस बात को भी उजागर करती है कि जब बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी तेजी से बाहर निकलती है, तो भारत का भुगतान संतुलन उतना मजबूत सुरक्षा कवच नहीं रह जाता, जितना सामान्य परिस्थितियों में माना जाता है। इस घटनाक्रम की शुरुआत ऊर्जा बाजार से हुई। युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति पर खतरा बढ़ा और कीमतों में तेजी आई। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, उन्हें अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। इसी के साथ विदेशी निवेशकों का भरोसा भी डगमगाया और उन्होंने भारतीय बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप डॉलर की उपलब्धता और कम हो गई, जिससे रुपये पर दोहरा दबाव पड़ा। यह वही स्थिति है, जिसे अर्थशास्त्र में मांग और आपूर्ति के सरल सिद्धांत से समझाया जाता है-जब डॉलर की मांग बढ़ती है और आपूर्ति घटती है, तो उसकी कीमत बढ़ती है और रुपया गिरता है। 30 मार्च आते-आते यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रुपया अपने इतिहास के सबसे कमजोर स्तर के करीब पहुंच गया, दिन के दौरान लगभग 95 प्रति डॉलर तक फिसल गया। पूरे वित्तीय वर्ष में रुपये में लगभग 11 प्रतिशत की गिरावट यह दिखाती है कि यह केवल अल्पकालिक उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक दबाव है। असली कहानी केवल स्पॉट रेट की नहीं है, बल्कि उस व्यापक वित्तीय अस्थिरता की है जो इसके पीछे काम कर रही थी। जैसा कि हम जानते हैं कि जब भूराजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो उसका असर केवल शेयर बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी वित्तीय प्रणाली में फैल जाता है। विदेशी मुद्रा बाजार में यह अस्थिरता सबसे पहले दिखाई देती है, जहां रुपये और डॉलर की कीमतें तेजी से बदलने लगती हैं। बैंक और डीलर इस जोखिम को संभालने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे इसे स्प्रेड यानी खरीद और बिक्री के दाम के अंतर के रूप में ग्राहकों पर डाल देते हैं। सामान्य समय में यह अंतर बहुत कम होता है, लेकिन जब बाजार में घबराहट बढ़ती है, तो यही स्प्रेड बढ़ जाता है और हर लेन-देन महंगा हो जाता है।

इस बार स्थिति और जटिल इसलिए हो गई है, क्योंकि बाजार में असंतुलन बहुत बढ़ गया है। सामान्यतः भारत के अंदर और विदेशों में रुपये की कीमत लगभग समान रहती है, लेकिन जब इन दोनों के बीच अंतर बढ़ने लगे, तो यह बाजार में गड़बड़ी और अनिश्चितता का संकेत होता है। इसी अंतर का फायदा उठाने के लिए ट्रेडर्स सक्रिय हो गए और आर्बिट्राज के जरिए लाभ कमाने लगे। 30 मार्च को डॉलर-रुपया बाजार में कुल लेन-देन लगभग 302 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो असामान्य रूप से अधिक था। इस पूरे तंत्र के केंद्र में एक असहज सच्चाई भी है-विदेशी मुद्रा बाजार केवल अस्थिरता को झेलता ही नहीं, बल्कि उससे लाभ भी कमाता है। बैंक और वित्तीय संस्थाएं बढ़ते स्प्रेड के जरिए ज्यादा मुनाफा कमाती हैं। इसके अलावा, उनके ट्रेजरी डेस्क भी बाजार की दिशा पर दांव लगाते हैं, जिसे तकनीकी रूप से जोखिम प्रबंधन कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता में यह भी एक प्रकार की सट्टेबाजी होती है। ऑनशोर बाजार और ऑफशोर नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) के बीच का अंतर इस खेल को और बढ़ाता है। युद्ध, पूंजी का तेज बहिर्वाह, डॉलर की मजबूती और वैश्विक बाजारों की अस्थिरता जैसी स्थितियों से मुकाबले के लिए आरबीआई के पास सीमित उपकरण हैं, जैसे ब्याज दरों में बदलाव या विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग। जब बाहरी दबाव बहुत अधिक होता है, तो ये उपाय पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाते। यही कारण है कि आज का संकट केवल नीति की विफलता नहीं, बल्कि एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थाओं की सीमाएं स्पष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल अल्पकालिक हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और गहरे घरेलू विदेशी मुद्रा बाजार का निर्माण करना होगा, ताकि बाहरी झटकों का असर प्रभावी ढंग से कम किया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



# नारी शक्ति का सशक्तिकरण जरूरी

**महिला आरक्षण बिल**

नरेंद्र मोदी

> 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं।

इक्कीसवीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। आने वाले दिनों में भारत के अलग-अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है।

हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की




भागीदारी को मजबूती दी है। ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारी शक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित

दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ।

अंतर्मन




## आज की पाती

### पौधे रोपना कितना जरूरी

आज हमें जो पेड़ों से फल और जीने के लिए मुफ्त की ऑक्सीजन मिल रही है, और इन पेड़ों को हमारे पूर्वजों और बुजुर्गों ने लगाया था। सोचो! अगर उन्होंने अपने समय में पौधे न लगाए होते तो आज हमें बहुत से पेड़ न नजर आते। और उन्होंने भी अगर आज की तरह पेड़ धड़ाधड़ काटे होते तो आज हमारा देश, जोकि प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना माना जाता है, यहां रेगिस्तान ही रेगिस्तान नजर आते। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को पेड़ों से मिलने वाली मुफ्त ऑक्सीजन का तोहफा देना है तो हमें भी जहां भी जगह मिले, वहां पौधे लगाने चाहिए और जब भी कोई घर, फैक्टरी या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण करें तो अपने यहां एक-दो पौधे लगाने की जगह जरूर छोड़नी चाहिए।

*- अंशुल, मधुबन*

## ट्रेंड

### बिना गारंटी के ऋण



मोदी सरकार के नेतृत्व में, छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर, स्वरोजगार और लघु उद्योगों को नई शक्ति प्रदान की गई है। इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ से अधिक मूल्य के 58 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### किसानों का दर्द



किसानों का दर्द वही लोग सही मायने में समझ सकते हैं जिन्होंने स्वयं खेतों में पसीना बहाया हो। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजस्थान के हर जिले के किसानों को दिन के समय बिजली मिलेगी।

-भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### चुनाव आयोग



अब यह कहने की भी जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है और भाजपा से सीधे निर्देश ले रहा है। यह बात अब सबके सामने आ चुकी है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### युद्धविराम का स्वागत



अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम स्वागत योग्य कदम है। आशा है कि इन दिनों में समझदारी से काम लिया जाएगा और हम स्थायी शांति की ओर बढ़ेंगे। बच्चों को संभावनाओं से भरा भविष्य मिलना चाहिए, न कि विनाश से।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

## करंट अफेयर

# ग्रामीण भारत में 46% लोग भूमिहीन : रिपोर्ट



देश के ग्रामीण इलाकों में शीर्ष 10 प्रतिशत परिवारों के पास 44 प्रतिशत जमीन है, जबकि 46 प्रतिशत भूमिहीन हैं। 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' के एक अध्ययन में यह बात कही गई है। 'भारत में भूमि असमानता : प्रकृति, इतिहास एवं बाजार' शीर्षक वाले इस कार्य-पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच प्रतिशत परिवार 32 प्रतिशत जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष एक प्रतिशत परिवारों के पास 18 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 प्रतिशत ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 प्रतिशत जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है।

## ऑफ बीट

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा



थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## महिलाओं को विधानसभा में जल्द मिलेगा 33% आरक्षण : मोहन यादव

**UCC पर देश और प्रदेश कर रहे है काम : CM**

# गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान में CM मोहन यादव का कांग्रेस पर प्रहार







जबलपुर।

जबलपुर में भाजपा के 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब समय केवल वादों का नहीं, बल्कि काम करके दिखाने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर ऐतिहासिक और पुण्य कार्य किया गया है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलकर मुस्लिम महिलाओं के साथ अन्याय किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश अब समान नागरिक संहिता (UCC) की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और एक देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिए कि इसी माह एक नया इतिहास रचा जाएगा। साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात दोहराई। सीएम यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर बताएं कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि "अभी कुछ फांस बाकी है, कांग्रेस की सांस बाकी है" और भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यों से कांग्रेस को नींद नहीं आ रही है।उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय भोपाल से जबलपुर पहुंचने में 10 घंटे लगते थे, जबकि आज यह सफर महज 3 घंटे में पूरा हो रहा है। गेहूं खरीदी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय 550 रुपए प्रति क्विंटल मिलते थे, जिसे भाजपा सरकार ने बढ़ाकर 2000 रुपए से अधिक कर दिया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से आधी है। नक्सलवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस समस्या को खत्म करने की दिशा में काम किया, जबकि कांग्रेस ने आदिवासियों को लंबे समय तक वंचित रखा।



# कृषि मंथन में दिखे नवाचार, AI आधारित "प्लांट डॉक्टर" बना आकर्षण केन्द्र

**जबलपुर।** कृषि मंथन 2026 कार्यक्रम में 40 से अधिक आधुनिक कृषि मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनमें ड्रोन हाईटेक हब, पराली कटिंग हार्वेस्टर, बैटरी ऑपरेटेड रिच प्लांटर और प्राकृतिक खेती आधारित मॉडल शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने इन नवाचारों का अवलोकन कर सराहना की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एमटेक छात्र आर्यन चंद्र द्वारा विकसित "प्लांट डॉक्टर" डिवाइस रही, जो AI तकनीक के जरिए 10 से अधिक फसलों और 45 प्रकार की बीमारियों की पहचान कर तुरंत रिपोर्ट तैयार करती है। यह कम लागत, पोर्टेबल और ऑफलाइन उपयोग की सुविधा से लैस है।

**प्राकृतिक खेती और ड्रोन तकनीक से लागत घटाने पर जोर-** पनागर के किसान अनिल पटेल द्वारा प्रस्तुत बायो डाइजेस्ट यूनिट मॉडल में जैविक अपशिष्ट से 45 दिनों में 200 लीटर जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया दिखाई गई। वहीं, "नमो ड्रोन दीदी योजना" के तहत प्रशिक्षित सपना काची ने ड्रोन के जरिए खाद और दवाइयों के छिड़काव का प्रदर्शन किया, जिससे कम समय और लागत में बेहतर परिणाम संभव हैं। इसके साथ ही एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल में पशुपालन, मत्स्य पालन और खेती को जोड़कर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## रामभद्राचार्यजी से लिया आशीर्वाद



जबलपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भटौली स्थित साकेत वाटिका राघव कुटी में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## 10वीं-12वीं अब फेल-पास सबको मिलेगा दूसरा मौका

# 7 मई से बोर्ड की द्वितीय परीक्षा पूरक परीक्षा व्यवस्था खत्म

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने इस साल से छात्रों के लिए बड़ा बदलाव किया है। अब पारंपरिक पूरक परीक्षा प्रणाली को खत्म कर 'द्वितीय परीक्षा' शुरू की जा रही है, जिसमें फेल और पास दोनों तरह के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। खास बात यह है कि छात्र अब सिर्फ फेल विषयों के लिए ही नहीं, बल्कि बेहतर अंक लाने के लिए भी किसी विषय में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह परीक्षा 7 मई 2026 से शुरू होगी। बोर्ड का मानना है कि इससे छात्रों को अपने रिजल्ट सुधारने का बेहतर अवसर मिलेगा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने पूरक परीक्षा की पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। पहले हाईस्कूल में अधिकतम दो विषय और हायर सेकेंडरी में एक विषय में फेल छात्र ही पूरक परीक्षा दे सकते थे। लेकिन अब 'द्वितीय परीक्षा' के तहत सभी छात्रों को समान अवसर मिलेगा।

### फेल के साथ पास छात्र भी दे सकेंगे परीक्षा



नई व्यवस्था के अनुसार, जो छात्र किसी विषय में अनुत्तीर्ण हैं, उनके लिए उस विषय की परीक्षा देना अनिवार्य होगा। वहीं, जो छात्र पास हैं, वे भी अपने अंक सुधारने के लिए स्वेच्छा से किसी भी विषय में शामिल हो सकते हैं। यह बदलाव छात्रों के लिए बड़ा राहत भरा कदम माना जा रहा है। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, हायर सेकेंडरी (12वीं) की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। वहीं हाईस्कूल (10वीं) की परीक्षा 7 मई से 19 मई 2026 के बीच होगी। सभी परीक्षाएं निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होंगी।

### रिजल्ट में बेहतर अंक होंगे मान्य

द्वितीय परीक्षा के बाद जारी की जाने वाली अंकसूची मुख्य परीक्षा की तरह ही होगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि छात्र के मुख्य परीक्षा और द्वितीय परीक्षा में से जो भी बेहतर परिणाम होगा, वही अंतिम रूप से मान्य किया जाएगा। इससे छात्रों को अपना प्रदर्शन सुधारने का सीधा लाभ मिलेगा।

### महाकौशल संभागीय हाट बाजार में भी लगेगा साप्ताहिक जैविक हाट

**जबलपुर।** जैविक उत्पादों के प्रति नागरिकों के बढ़ते रुझान को देखते हुये जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा जबलपुर कृषि उपज मंडी परिसर की तरह अब रेल सौरभ कॉलोनी कांचघर रोड स्थित महाकौशल हाट बाजार में भी साप्ताहिक जैविक उत्पादों के बाजार का आयोजन किया जायेगा। महाकौशल संभागीय हाट बाजार में जैविक हाट के आयोजन की शुरुआत गुरुवार 9 अप्रैल की सुबह 9 बजे से होगी। महाकौशल हाट बाजार में जैविक उत्पादों का यह बाजार प्रत्येक गुरुवार को लगाया जायेगा। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि जैविक खेती को अपना रहे किसानों को प्रोत्साहित करने तथा नागरिकों को ताजी, सुरक्षित और रसायनमुक्त सब्जियां एवं कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जबलपुर में अब सप्ताह में दो दिन, प्रत्येक गुरुवार को महाकौशल संभागीय हाट बाजार में तथा प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर में जैविक हाट का आयोजन किया जायेगा।

## कांग्रेस ने की नगर निगम में तालाबंदी

# डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन ठप्प दूषित पेयजल पर गुस्सा फूटा

हरिभूमि जबलपुर।

शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति की अव्यवस्था, बढ़ते टैक्स और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को कांग्रेस पार्षद दल ने नगर निगम मुख्यालय में घेराव कर तालाबंदी कर दी। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सचेतक अयोध्या तिवारी, उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्षद और कार्यकर्ता निगम कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ एसडीएम पंकज मिश्रा और नगर निगम उपायुक्त बीएन बाजपेयी मौके पर पहुंचे और पार्षदों से चर्चा कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा वाहन समय पर नहीं पहुंच रहे हैं, सड़कों और मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे हैं और नियमित सफाई नहीं हो पा रही।

पार्षदों ने यह भी कहा कि जल आपूर्ति की स्थिति भी गंभीर है। कई इलाकों में समय पर पानी नहीं मिल रहा, पाइपलाइन लीकेज की शिकायतें लंबित हैं और नागरिकों को बार-बार शिकायत दर्ज करानी पड़ रही है। लोगों को दूषित पानी मिल रहा है 18 लाख की आबादी में कुल 10 करोड़ का बजट में रखा है। लोगों के मुंह में जीरा के समान है।

### टैक्स दोगुना, सुविधाएं शून्य

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार बंदरबांट की तरह चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर संसाधनों का बंटवारा कर रहे हैं, जबकि जनता को सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि सफाई के नाम पर दो से चार गुना तक टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत में शहर की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।लाल बिल्डिंग भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई है, इसलिए तालाबंदी कर विरोध दर्ज कराया गया है, उन्होंने कहा।

### ठेकों और भुगतान में अनियमितता के आरोप

प्रदर्शन के दौरान कचरा प्रबंधन के ठेकों में अनियमितताओं और आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान में गड़बड़ी के आरोप भी लगाए गए। पार्षदों का कहना था कि सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, जिससे व्यवस्था और प्रभावित हो रही है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने भी नगर निगम प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि अनाप-शनाप टैक्स वसूले जा रहे हैं, लेकिन शहर में न सफाई है और न ही विकास कार्य नजर आ रहे हैं। "कचरा गाड़ियां महीने में एक-दो बार ही पहुंच रही हैं, कई वार्डों में हालात बेहद खराब हैं," उन्होंने आरोप लगाया। पार्षद अयोध्या तिवारी ने कहा कि जबलपुर की जनता त्रस्त और नाराज़ है। "न पर्याप्त कर्मचारी हैं, न नियमित निगरानी। टैक्स पूरा लिया जा रहा है, लेकिन बदले में सुविधाएं शून्य है।

### प्रशासन से चर्चा के बाद जारी

मौके पर पहुंचे एसडीएम पंकज मिश्रा और उपायुक्त बीएन बाजपेयी ने पार्षदों से चर्चा कर उनकी मांगों को सुनने और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। हालांकि कांग्रेस पार्षद दल ने साफ कहा है कि यदि शीघ्र ठोस सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को वार्ड स्तर तक ले जाया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से विरोध जारी रहेगा।

# अवकाश के दौरान वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि महिला गेस्ट फैकल्टी को मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने मेटरनिटी बेनेफिट एक्ट 1961 के प्रविधानों का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता को 26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश दिए। कटनी के शासकीय तिलक पीजी कालेज में गेस्ट फैकल्टी के पद पर कार्यरत डा. प्रीति साकेत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अधिवक्ता हितेंद्र गोल्हानी व काजल विश्वकर्मा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता को पहले छह माह का मातृत्व अवकाश वेतन सहित स्वीकृत किया गया था। बाद में 16 जून, 2023 को कालेज प्रशासन द्वारा आदेश में संशोधन कर यह कहा गया कि अवकाश अवधि में कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा। इस संशोधित आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत प्रत्येक महिला कर्मचारी को मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन पाने का अधिकार है। प्रशासन द्वारा आदेश में संशोधन कर मानदेय रोकना कानून के विपरीत है और महिला कर्मचारी के अधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि याचिकाकर्ता को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं राज्य की ओर से कहा गया कि गेस्ट फैकल्टी एक अस्थायी नियुक्ति है और संबंधित शासकीय सर्कुलर के अनुसार उन्हें मानदेय देने का प्रावधान नहीं है, इसलिए पूर्व आदेश में संशोधन किया गया।

## ठेकेदार से रिश्वत लेते नपा का लिपिक गिरफ्तार

**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में पदस्थ लिपिक संजय कुमार तिवारी को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मामले में शिकायतकर्ता भीष्म नारायण सिंह राजपूत, निवासी शांति नगर दमोह नाका जबलपुर, ने लोकायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भुगतान प्राप्त होने के बाद उनकी एफडीआर और बैंक गारंटी वापस करने के एवज में लिपिक संजय कुमार तिवारी 52 हजार की रिश्वत मांग रहा था। बातचीत के बाद राशि 38 हजार में तय हुई। शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर के कंप्यूटर कक्ष में जैसे ही आरोपी ने 25 हजार की पहली किस्त रिश्वत के रूप में ली, टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया को साक्ष्यों के साथ दस्तावेजीकृत किया गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(**B**) और 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस ट्रैप कार्रवाई में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक बृज मोहन सिंह नरवरिया सहित लोकायुक्त की टीम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से सरकारी दफ्तरों में हड़कंप की स्थिति है।

## गेहूं खरीदी की सीएम हाउस से होगी मॉनिटरिंग

# मप्र में आज से गेहूं खरीदी केंद्रों पर हेल्प डेस्क, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम; सीएमओ से होगी गेहूं खरीदी की मॉनिटरिंग



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गुरुवार से गेहूं खरीदी शुरू होगी। सभी कलेक्टरों और राजस्व अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को निर्देश दिए गए हैं कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल और छाया का इंतजाम कराएं। गेहूं की खरीदी के मामले में सामाजिक और सेवाभावी संस्थाएं भी सहयोग करें। गेहूं खरीदी की मॉनिटरिंग के लिए सीएम निवास में भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें किसान और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान कहीं। सीएम यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए समर्पित है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर फैसले लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बारदान की पर्याप्त व्यवस्था है। गेहूं की प्रति क्विंटल कीमत 2650 रुपए करना बड़ी चुनौती थी, हम इसे 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक ले जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलवाने के लिए हम समर्पित है। खरीदी केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किये जा रहे हैं, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी। खरीदी केंद्रों पर पंपलेट और होर्डिंग के द्वारा भी किसानों को व्यवस्था के संबंध में जानकारियां देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पहले सीएम यादव ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों से कहा था कि 9 अप्रेल से की जाने वाली गेहूं की खरीदी के लिए सबसे पहले लघु और सीमांत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं लिया जाएगा, उनकी स्लॉट बुकिंग प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को दिए निर्देश में कहा था कि अपने प्रभार के जिलों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें और प्रशासन व किसानों के साथ समन्वय बनाए रखें।

# एयर एलायंस की उड़ानें बंद होना बड़ा झटका

### जबलपुर से पुनः नई उड़ानों की मांग


**जबलपुर।** एलायंस एयर द्वारा जबलपुर से अपनी उड़ान सेवाओं को बंद किया जाना पूरे महाकौशल क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ है। इस निर्णय से न केवल यात्रियों को असुविधा हो रही है, बल्कि व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वायुसेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि जबलपुर मध्य प्रदेश का एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक, न्यायिक, शैक्षणिक और व्यापारिक केंद्र है। यह शहर कान्हा, बांधवगढ़ जैसे राष्ट्रीय उद्यानों तथा भेड़ाघाट जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का प्रवेश द्वार भी है। ऐसे में यहां से हवाई सेवाओं का बंद होना क्षेत्र के समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। वायुसेवा संघर्ष समिति के मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, बलदीप मैनी, सुनील श्रीवास्तव ने इस परिप्रेक्ष्य में एलायंस एयर प्रबंधन से जबलपुर से उड़ान सेवाओं को शीघ्र पुनः प्रारंभ किया जाए।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# श्री सम्मेद शिखर में रचेगा इतिहास

## 18 अप्रैल को मुनि प्रमाणसागर महाराज देंगे जैनेश्वरी दीक्षा

**जबलपुर। शाश्वत सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी की पावन धरा पर 18 अप्रैल को एक ऐतिहासिक क्षण साकार होगा, जब मुनि प्रमाणसागर महाराज अपने शिष्यों को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करेंगे। इस आयोजन में संस्कारधानी जबलपुर सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, मुनि प्रमाणसागर महाराज 15 अप्रैल को अपने शिष्यों के साथ सम्मेदशिखर जी में मंगल प्रवेश करेंगे।**



यह आयोजन त्याग, तपस्या और आत्मजागरण का अद्वितीय संगम माना जा रहा है, जिसकी तुलना वर्ष 1968 में मुनि ज्ञानसागर महाराज की ऐतिहासिक दीक्षा परंपरा से की जा रही है। मुनि प्रमाणसागर महाराज का जीवन त्याग और साधना का प्रेरणास्रोत रहा है। उन्होंने आचार्य विद्यासागर महाराज से प्रेरित होकर कम आयु में ही ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया और वर्ष 1988 में दीक्षा लेकर संयम मार्ग अपनाया। उन्होंने मध्यप्रदेश सहित देशभर में भगवान महावीर के अहिंसा और करुणा के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। इस आयोजन को लेकर गुणायतन-सेवायतन परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने का आह्वान किया है। यह अवसर केवल दीक्षा का नहीं, बल्कि आत्मजागरण और आध्यात्मिक अनुभूति का पर्व माना जा रहा है।

# सिहोरा, खितौला सराफा संगठन की कार्यकारिणी गठित

**सिहोरा।** सराफा संगठन सिहोरा-खितौला की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन भी किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में सुशील सोनी अध्यक्ष सिहोरा,मदन सोनी खितौला उपाध्यक्ष,आशीष सोनी सिहोरा सचिव,बसंत सोनी सह सचिव खितौला,अनिल सोनी कोषाध्यक्ष सिहोरा तथा शिवम भास्कर सोनी खितौला को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्यों में अभिषेक नौगरहिया,मनीष खरया,मगन सोनी,वीरेन्द्र सराफ,सतीश खरया, कमलेश सोनी,पवन सोनी,अनिल सोनी,अनिल सोनी,मनोज सोनी,अद्वीप सोनी संदीप सोनी, संजय सोनी बरगी, राहुल सोनी फनवानी एंव दीपक सोनी को शामिल किया गया। इस अवसर पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय नितिन सोनी लकी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मकान अधूरा छोड़कर ठेकेदार ने 4 लाख हड़पे

**जबलपुर।** बेलबाग थानान्तर्गत सीएमएम कम्पाउंड लालचर्च के सामने रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर की पहली मंजिल पर एक कमरा एक हॉल व पोर्च बनाने के लिए पड़ोस में काम कर रहे ठेकेदार को ठेका दिया था। ठेकेदार को स्टाम्प पेपर के माध्यम से इस काम के एवज में 3 लाख 82 हजार रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया गया था। इसके बावजूद ठेकेदार ने काम पूरा नहीं कर 2 लाख रूपए का ही निर्माण कार्य किया और शेष रकम अमानत में ख्यानत कर हड़प कर अधूरा काम छोड़कर भाग गया। आरोपी ठेकेदार के खिलाफ 406 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बेलबाग पुलिस ने बताया कि सीएमएम कम्पाउंड लाल चर्च बेलबाग निवासी आकाश विल्सन को अपने घर के ऊपर कुछ निर्माण कार्य कराना था उसने इस काम की जिम्मेदारी पड़ोस में काम कर रहे ठेकेदार मानेगांव रांझी निवासी विजेन्द्र सिंह चौहान को दी थी। ठेकेदार विजेन्द्र सिंह को अनुबंध के तहत मकान की ऊपरी मंजिल पर एक कमरा एक हॉल सामने का पोर्च सीढ़ी तथा भूतल में किचिन, खिड़की स्लैब व पुट्टी का काम करना था इसके लिए आकाश ने ठेकेदार को अपनी मां की मौजूदगी में स्टॉम्प पेपर के माध्यम से एक एग्रीमेंट कर 3 लाख 82 हजार रूपए की राशि का ऑनलाईन का भुगतान किया था। पैसा पूरा लेने के बावजूद ठेकेदार विजेन्द्र सिंह महज 2 लाख रूपए का ही निर्माण कार्य किया और शेष रकम को अमानत में ख्यानत कर हड़पते हुए काम को अधूरा छोड़कर भाग गया।



# भोपाल के राजेश व्यास ने बार कौंसिल चुनाव का नामांकन फार्म दाखिल किया

**जबलपुर।** प्रदेशभर के वकीलों की प्रमुख संस्था स्टेट बार कौंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के चुनाव में भाग लेने भोपाल के जाने-माने अधिवक्ता राजेश व्यास ने अपना नामांकन पत्र मुख्यालय जबलपुर आकर मुख्य चुनाव अधिकारी जस्टिस एसके पालो के समक्ष दाखिल किया। श्री व्यास 2002 से लगातार बार कौंसिल के सदस्य बनते आ रहे हैं, पहली बार 2002 में बार कौंसिल सदस्य हेतु प्रत्याशी रहे श्री व्यास ने पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मत प्राप्त कर रिकार्ड बनाया था, छात्र राजनीति से आपकी सक्रियता का परिणाम रहा कि प्रदेश के सबसे बड़े बार एसोसिएशन भोपाल के आप चार बार रिकार्ड मतों से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नामांकन फार्म दाखिल करने के उपरांत शुभचिंतकों ने फूलमालाओं से स्वागत करते हुए विजयी भव की शुभकामनाएं दी।

## आगरा कैंट–असारवा जंक्शन के मध्य सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नियमित परिचालन प्रारंभ

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग पर संचालित गाड़ी संख्या 01919/01920 आगरा कैंट-असारवा जंक्शन-आगरा कैंट स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 20178/20177 आगरा कैंट–असारवा जंक्शन-आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में नियमित कर दिया गया है। यह गाड़ी 8 अप्रैल 2026 से आगरा कैंट से तथा 9 अप्रैल 2026 से असारवा से सप्ताह में 5 दिन नियमित रूप से चलेगी।आगरा कैंट-असारवा-आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस पाँच साप्ताहिक ट्रेन का नियमित परिचालनगाड़ी संख्या 20178 आगरा कैंट-असारवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस पाँच साप्ताहिक ट्रेन (सोमवार एवं मंगलवार को छोड़कर) आगरा कैंट से 18:45 बजे प्रस्थान करेगी। पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों पर यह गाड़ी गंगापुर सिटी पर 21:05 बजे, सवाई माधोपुर पर 21:48 बजे, केशोराई पाटन पर 23:15 बजे, पहुँचकर अगले दिन बूंदी पर मध्यरात्रि 00:08 बजे, मंडलगढ़ पर 01:38 बजे तथा चंदेरिया पर 03:05 बजे ठहराव लेते हुए असारवा जंक्शन पर उसी दिन 11:00 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20177 असारवा-आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस पाँच साप्ताहिक ट्रेन (मंगलवार एवं बुधवार को छोड़कर) असारवा जंक्शन से 15:00 बजे प्रस्थान करेगी। पश्चिम मध्य रेल में चंदेरिया पर 22:40 बजे, मंडलगढ़ पर 23:28 बजे, पहुँचकर अगले दिन बूंदी पर मध्य रात्रि 00:23 बजे, केशोराई पाटन पर 01:10 बजे, सवाई माधोपुर पर 02:30 बजे तथा गंगापुर सिटी पर 03:20 बजे ठहराव लेते हुए आगरा कैंट 07:15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी की कोच संरचना में 9 सामान्य श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

## मारपीट की वारदातों में 3 घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत मोह. हाफीज बाबा टोला में बहू के वाद विवाद को लेकर तीन बदमाशों ने पहले एक पिता व उसके दो पुत्रों के साथ मारपीट कर पटक दिया। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टेढ़ीनीम बाबा टोला निवासी 55 वर्षीय मोह.नासिर गत दिवस अपने लड़के मोह. रहमान, मोह. सलमान तथा समधी मोह. हफीज के घर बहू के वाद विवाद को लेकर गत दिवस उसके घर मोह. हफीज बाबा टोला आये थे। दूसरे दिन सभी को मोह. हफीज उर्फ बबलू ने फोन करके बात करने बुलाया था बात करने के लिये हफीज के घर गये थे जहां बात करने के दौरान मोह. हफीज उर्फ बबलू उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गाली देने से मना किया तो बबलू उर्फ हफीज, समीर उर्फ फैजान एवं असरफ मारपीट करने लगे समीर उर्फ फैजान ने चाकू से सिर में मारा दुबारा फिर से मारा तो उसने हाथ से रोका जिससे गदेली में चोट आयी उसका बेटा मोह. रमजान, मोह. सलमान बीच बचाव करने लगे तो तीनों ने उसके दोनों बेटों के साथ भी मारपीट कर जमीन पर पटक दिये जिससे दोनों को सिर में अंदरूनी चोटें आ गई है। झूमाझपटी के दौरान उसका मोबाइल गिर गया जो नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## नम्रता स्पेशल स्कूल में होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**पाटन।** नम्रता स्पेशल स्कूल में अशासकीय संस्था नम्रता शिक्षा एवं पुनर्वास परिषद द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन अनुश्री होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से हुआ। शिविर में डॉ. आदित्य पचौरी, डॉ. नगमा, डॉ. डीके, डॉ. जोया मंसूरी और वॉलिंटियर्स ने निशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जबलपुर की सहायक संचालक सुश्री सोनम बर्वे भी उपस्थित रहीं। संस्था सचिव श्री नितिन विश्वकर्मा के अनुसार, इस शिविर में कुल 162 हितग्राहियों को जांच और होम्योपैथिक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, जिनमें 35 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को भी लाभ हुआ। स्वास्थ्य शिविर में समाजसेवी श्री उदयभान सिंह, वार्ड पार्षद श्री दीपक जैन, श्री सत्यम मेहरा, नम्रता स्पेशल स्कूल से रेशु श्रीवास्तव, सत्या मिश्रा और नीतू जी आदि उपस्थित रहे।

# अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**जबलपुर।** अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा समाज के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क परामर्श मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर 09.04.2026 को अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मदन महल रेल्वे स्टेशन रोड, राइट टाउन में आयोजित होगा। इस कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक परीक्षण एवं दवाईयों पर 20% की छूट दी जाएगी। साथ ही मरीजों को ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी एवं एक्स रे स्क्रीनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कैंप का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस



अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे।

अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्ट डॉक्टर बी.के. पांसे, डॉ. माणिक पांसे, डॉ.नचिकेत पांसे, डॉ. अबोली पांसे, डॉ. पारिजात पांसे, डॉ. मुकुल नेमा एवं समस्त सम्माननीय चिकित्सकों ने सभी नागरिकों से इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# भारत विकास परिषद की नई शाखा का गठन, शपथ ग्रहण संपन्न

**बरेला।** भारत विकास परिषद, महाकौशल प्रांत के अंतर्गत नगर में "श्री दादा ठन ठन पाल शाखा, बरेला" का गठन किया गया। इस अवसर पर नवगठित शाखा के पदाधिकारियों का विधिवत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवीन शाखा के पदाधिकारियों में अरविंद कुशवाहा को अध्यक्ष, श्रीमती दीपिका दुबे को उपाध्यक्ष, डॉ. संदीप पटेल को सचिव तथा शिवम उपाध्याय को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त अरुण बर्मन, श्रीमती लक्ष्मी कुशवाहा, दिव्या ठाकुर, सुनील पटेल एवं कृष्ण कुमार पटेल, दीपक कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कीर्ति



अभिलाष पांडे उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष श्री सुनील कोठारी ने की। प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर रामकृष्ण चौकसे ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रांत के विभिन्न पदाधिकारी एवं अन्य शाखाओं के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलेश पांडे द्वारा किया गया, जबकि अंत में श्री जितेंद्र कुलकर्णी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम के पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शुरू

**जबलपुर।** नगर निगम के समस्त पेंशनर और पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने वाले पेंशनरों को माह अप्रैल 2026 में भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार समस्त सेवानिवृत्त पेंशनरों का दिनांक 01 अप्रैल 2026 से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, समस्त निगम से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर नगर निगम मुख्यालय में पेंशन शाखा कमरा नं. 43 में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन करा सकते हैं, जिससे मासिक पेंशन सुचारू रूप से जारी रहे। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समस्त पेंशनर से निर्धारित समय सीमा में भौतिक सत्यापन कराकर पारिवारिक पेंशन का लाभ पूर्व की भांति लेने का आग्रह किया है।

# इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी ट्रेन नैनी स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होगी

**जबलपुर।**

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज मंडल के अंतर्गत प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 (लाइन संख्या 17) पर अधोसरंचनात्मक कार्यों हेतु कुल 40 दिनों (दिनांक 25 अप्रैल 2026 से 03 जून 2026 तक) का पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लेने का निर्णय लिया गया है] जिसके चलते गाड़ी संख्या 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी ट्रेन के टर्मिनल में अस्थायी परिवर्तन एवं समय-सारिणी में पुनर्निर्धारण किया गया है।

**यात्रा प्रारंभ तिथि से टर्मिनल में अस्थायी परिवर्तन-**

ट्रेन संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी दैनिक ट्रेन 24 अप्रैल 2026 से 02 जून 2026 तक प्रयागराज छिवकी के बजाय अब यह



परिवर्तित टर्मिनल नैनी तक जाएगी। नैनी रेलवे स्टेशन पर सुबह 10:00 बजे पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी दैनिक ट्रेन 25 अप्रैल 2026 से 03 जून 2026 तक प्रयागराज छिवकी के बजाय अब यह परिवर्तित टर्मिनल नैनी से प्रारम्भ होगी। नैनी रेलवे स्टेशन पर प्रस्थान समय रात 21:00 बजे रहेगा।

टर्मिनल परिवर्तन के कारण ट्रेन संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी ट्रेन के समय में परिवर्तन-टर्मिनल परिवर्तन के कारण गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी दैनिक ट्रेन का पुनर्निर्धारण किया गया है। यह गाड़ी 25 अप्रैल 2026 से 03 जून 2026 तक नैनी से मानिकपुर तक अब संशोधित समयानुसार चलेगी। अन्य मार्ग के स्टेशनों पर समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। संशोधित समय की जानकारी इस प्रकार है- नैनी रेलवे स्टेशन से रात 21:00 बजे प्रस्थान कर इरादतगंज 21:15 बजे, जसरा 21:24 बजे, मदरहा 21:33 बजे, लोहगरा 21:42 बजे, शंकरगढ़ 21:54 बजे, मझियारी 22:06 बजे, बरगढ़ 22:15 बजे, कटइयाडंडी 22:24 बजे, डभौरा 22:35 बजे, पनहाई 22:49 बजे एवं मानिकपुर जंक्शन 23:12 बजे पहुँचेगी।

# पत्नी से बात करने पर गुस्साएं युवक ने घर में घुसकर की मारपीट, 1 बेहोश

**जबलपुर।**

रांझी थाना अतंर्गत बड़ा पत्थर रक्षानगर रांझी में पत्नी से बात करने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के घर में घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट में आई चोटों के कारण युवक बेहोश हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा पत्थर रक्षा नगर रांझी निवासी 25 वर्षीय अंकित गोटिया गत देर रात लगभग 1 बजे अपनी पत्नी श्रीमति सोनिया गोटिया के साथ सो रहा था। उसी समय दरवाजा खटखटाने की आवाज आने पर श्रीमति सोनिया ने पूछा कौन है तो बाहर से आवाज आयी कि मैं रितिक बोल रहा हूं दरवाजा खोलो अंकित से बात करनी है, उसने दरवाजा खोली तो रितिक यादव एवं अक्कू डुमार घर के अंदर घुस आये और मेरी पत्नी से क्यों बात करता है कहते हुए रितिक यादव और अक्कू ने अंकित के साथ गालीगलौज कर



मारपीट की और उसे उठाकर पटक दिया, जिससे अंकित के सिर चेहरा एवं शरीर मे अंदरूनी चोटें आने के कारण वह बेहोश हो गया। पड़ोस के लोगों के आने पर रितिक यादव एवं अक्कू डुमार भाग गये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 333, 109(1), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)घ, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## झगड़ रहे बदमाशों ने समझाने गए युवक को चाकू मारा

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत क्रेशर बस्ती दुर्गा मंदिर के पास आपस में झगड़ रहे दो बदमाशों को समझाना एक युवक को महंगा पड़ गया। एक बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के मेडिकल कॉलेज अस्तपाल में भर्ती कराया गया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रेसर बस्ती निवासी 26 वर्षीय मजदूर संजय उर्फ संजू गौंड गत रात लगभग 9.20 बजे क्रेशरबस्ती दुर्गा मंदिर में बैठा था, उसी समय पड़ौसी पप्पू गोटिया एवं अमन पटेल किसी बात को लेकर आपस में झगड़ रहे थे वह समझाने गया तो अमन पटैल गाली गलोज करते हुये तू बीच में क्यों बोलता है पहले भी झगड़ा किया है कहते हुए चाकू से उस पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 109 बीएनएस तथा 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री वेद प्रकाश आर्य-** जार्ज डिसल्वा वार्ड गोरखपुर निवासी श्री वेद प्रकाश आर्य (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धर्म प्रकाश जायसवाल-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री धर्म प्रकाश जायसवाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सौम्या गुप्ता-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री रोशन गुप्ता की पुत्री कु. सौम्या गुप्ता (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सखा जायसवाल-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री राम सखा जायसवाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांता बाई श्रीवास्तव-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री भवानी प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शांता बाई श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री रामनाथ सिंह-** डुमना रोड स्थित सैनिक सोसायटी निवासी श्री रामनाथ सिंह (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बैजनाथ चौधरी-** फकीरचंद




का अखाड़ा चौपड़ा कुआं राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बैजनाथ चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला स्थापक-** विजय नगर घड़ी चौक के पास निवासी श्री रविकांत स्थापक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला स्थापक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव-** महर्षि अरविंद वार्ड बेलबाग निवासी श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अवधरानी बंगवर्ती-** पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री पुरुषोत्तम बंगवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती अवधरानी बंगवर्ती (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोतीझारी देवी विश्वकर्मा-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री राजनाथ विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मोतीझारी देवी विश्वकर्मा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा पटेल-** एलआईसी इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री धनीराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निरसी बाई कुशवाहा-** संजय नगर अधारताल चांदमारी रोड निवासी श्री मंगल प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती निरसी बाई कुशवाहा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती संतोष देवी-** रिज रोड बजरिया निवासी श्री कन्हैया लाल की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष देवी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय कुमार रजक-** सुशीला कैसल अपार्टमेंट महेशपुर मदनमहल निवासी श्री अजय कुमार रजक (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हरिशचंद्र शर्मा-** गली नं. 5, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री हरिशचंद्र शर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# सशक्त और परिपक्व हो रहा है भारतीय लोकतंत्र: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा लोकतंत्र निरंतर परिपक्व हो रहा है। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा अभिव्यक्ति के प्रमुख मंच हैं। विपक्ष की सकारात्मक आलोचना का भी इन सदनों के सत्रों में स्वागत किया जाता है। कई बार सदस्यों की अभिव्यक्ति और दिए गए सुझावों से सही दिशा में कार्य करना संभव हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार, मध्यप्रदेश विधानसभा की विभिन्न समितियों के सुझावों पर कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मप्र विधानसभा की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक को विधानसभा में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा समितियों की संयुक्त बैठक आहूत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी नवगठित समितयों के सभापतियों और सदस्यों को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के साथ ही अन्य राज्यों में भी इन समितियों के भ्रमण होते हैं। विधानसभा का पिछले दिसंबर माह में विशेष सत्र हुआ था, जो एक श्रेष्ठ परम्परा के रूप में हमारे सामने उदाहरण है। विभिन्न समितियां अपनी सक्रिय भूमिका से योजनाओं के आंकलन और विश्लेषण का दायित्व निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मप्र विधानसभा के वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल स्वर्णिम होगा।

**खास बातें**

- विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा- विधानसभा का ही लघु स्वरूप है विधानसभा समितियां
- विधानसभा में हुई नव गठित सभा समितियों की पहली बैठक



बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।



### मंत्री विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी किया संबोधित

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा सदस्यों पर यह दारोमदार है कि वे गठित समितियों का महत्व स्थापित करें। आचरण समिति की रिपोर्ट का भी अध्ययन करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधानसभा की समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समितियों के माध्यम से जनहित के अनेक कार्य पूर्ण होते हैं। प्रारंभ में विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने संयुक्त बैठक में उपस्थित अतिथियों और सदस्यगण का स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सभा समितियों के सभापति और सदस्यगण उपस्थित थे। संयुक्त बैठक के समापन पर प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने आभार व्यक्त किया।

### बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहलः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र में बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहल की है। पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय में संसद में एक तिहाई स्थानों पर महिलाओं की भूमिका होगी। इसके लिए अप्रैल माह में ही संसद का विशेष सत्र हो रहा है। महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की दिशा में जो पहल हुई है वह हमारे लोकतंत्र के परिपक्व और सशक्त होने का ही प्रमाण है।

### *हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली*

*विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली है। लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारे लिए गर्व का विषय है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। विधानसभा की भूमिका मां की तरह होती है। सभी सदस्य ऐसा ही भाव रखकर कार्य कर रहे हैं। विधानसभा की समितियां विधानसभा का ही लघु स्वरूप हैं।*

**खबर संक्षेप**

### सिस्टर ट्यूटर नियुक्ति रिजल्ट घोषणा पर रोक

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में सीधी भर्ती प्रक्रिया से सिस्टर ट्यूटर के पद पर होने वाली नियुक्तियों का परिणाम घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी रानू हरिनखेडे सहित 30 नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने चिकित्सा शिक्षा (गैर-राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2023 में संशोधन किया है। इसके तहत सिस्टर ट्यूटर पद पर पदोन्नति से भर्ती नियमों को कुल पदों के 10 फीसदी तक सीमित किया है। सीधी भर्ती को कुल पदों के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।

### मुलताई नपा निर्वाचित अध्यक्ष नीतू को राहत

**जबलपुर**। बैतूल की मुल्ताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुल्ताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया, जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने कहा गया था। नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय

# जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए 16,720 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


कैबिनेट ने मप्र में शिक्षा क्षेत्र को मजबूती देते हुए आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति, पीएमश्री स्कूल योजना के विस्तार और कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के छात्रों को मुफ्त पुस्तकों के लिए वित्तीय स्वीकृति दी गई। साथ ही, उज्जैन हवाई पट्टी को एयरबस विमानों के अनुकूल विकसित करने और दिल्ली में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 10 हजार रुपए मासिक सहायता देने जैसे दूरगामी फैसले भी लिए गए हैं।

यह निर्णय प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने मप्र के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की दिशा में कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश की प्रगति को नई गति देने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों और महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए कुल 16,720 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस बैठक में शिक्षा, कृषि, सिंचाई, प्रशासनिक सुधार और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

**खास बातें**

- वन क्षेत्रों में पुनरुत्पादन, पुनर्स्थापना एवं संरक्षण के लिए 5,215 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- कैबिनेट ने मप्र के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की दिशा में कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए

### *उज्जैन में शासकीय हवाई पट्टी में एयरबस विमानों के संचालन व भूमि अधिग्रहण के लिए 590 करोड़ रुपए की मंजूरी*



कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### 8 योजनाओं के लिए 2030-2031 तक निरंतरता और 2952 करोड़ रुपए का अनुमोदन

कैबिनेट ने वाणिज्यिक कर विभाग के तहत 8 योजनाओं की 2030-2031 तक निरन्तरता और लगभग 2,952 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया गया है। कैबिनेट ने भारत सरकार की ओर से स्वीकृत कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार वन क्षेत्रो में पुनरुत्पादन, पुनर्स्थापना एवं संरक्षण कार्यवृत्तों में उपचार कार्य के लिए 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक कुल 5 वर्षों के लिए 5,215 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। आरटीई के तहत अशासकीय विद्यालयों को ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए 3,039 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई।

### पीएमश्री स्कूल योजना के लिए 940 करोड़ रुपए की मंजूरी

पीएमश्री स्कूल योजना के वर्ष 2031 तक विस्तार के लिए राज्यांश 940 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। पीएमश्री स्कूल एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। पीएमश्री स्कूल योजना को सितंबर 2022 में अनुमोदित किया गया जिसका उद्देश्य चयनित विद्यालयों को 5 वर्षों की अवधि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 अनुरूप अनुकरणीय विद्यालयों के रूप में विकसित करना है।

### उज्जैन धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण

भारत सरकार की उड़ान योजना में राज्य सरकार की ओर से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराई जाती है। कैबिनेट ने इस कार्य के लिए कुल 437.5 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और राशि 590 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। उज्जैन, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### शिवपुरी में प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

## अनुशासन व समय की पाबंदी ही पार्टी को करती है मजबूती प्रदान : जामवाल



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत शिवपुरी जिले के दिनारा, करैरा एवं सिरसौद मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन और समय की पाबंदी ही पार्टी को मजबूती प्रदान करती है।

### कार्यकर्ता पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं

जामवाल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए। भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ होता है और किसी भी परिस्थिति में इनसे समझौता नहीं करता। यही कारण है कि पार्टी हर चुनाव में सफलता प्राप्त करती है और निरंतर उन्नति करती है।

### चावड़ा ने गेहूं उपार्जन फैसले पर सीएम का माना आभार

**भोपाल**। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने मंगलवार को मप्र मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। चावड़ा ने कहा कि सरकार ने 9 अप्रैल से किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का जो फैसला लिया है, वह स्वागत योग्य है।

### घमतरी में कोसरिया परिवार ने पेश की अनूठी मिसाल

## बेटी हुई है! कार पर बैनर लगाकर अस्पताल से घर तक मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वंश में 24 साल बाद बेटी हुई है। स्वजन की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। अस्पताल से घर तक धूमाल व ढोल-नगाड़े के साथ करीब दो किलोमीटर तक स्वजन व लोग पूरी सड़क भर थिरकते हुए उसे घर ले गए।

बकायदा जिस कार में बेटी सवार हुई थी, उसे सजाकर बड़े अक्षरों में लिखा हुआ था कि बेटी हुई है। इस परिवार में सालों बाद बेटी पैदा हुई, तो उनके स्वागत का जश्न देखने पूरा शहर मजबूर हो गया, क्योंकि इससे पहले बेटी के जन्म पर इस तरह का स्वागत किसी ने नहीं देखा था, जो पहली बार हुआ है।

### *डेढ़ किलोमीटर तक हुई आतिशबाजी और नृत्य*

*धमतरी शहर के मकेश्वर वार्ड निवासी रूपेश कोसरिया व उनकी पत्नी किरण कोसरिया को प्रथम संतान के रूप में एक अप्रैल को बेटी हुई है। उनके कोसरिया परिवार के वंश में 24 साल बाद पहली बेटी ने जन्म लिया है, तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। छह अप्रैल को जब धमतरी-रायपुर रोड स्थित निजी अस्पताल से मां व बेटी को स्वजन लाने गए, तो उनके स्वजन ने नन्हीं बेटी के स्वागत में रास्तेभर ऐसा जश्न मनाया कि पूरा शहर देखता रहा। धूमाल, ढोल-नगाड़ा और आतिशबाजी के साथ करीब डेढ़ से दो किलोमीटर सड़क में नाचते हुए उसे लाया गया। लोग इसे किसी शादी या अन्य जश्न समझ रहे थे, लेकिन हकीकत पता चली तो सब आश्चर्यचकित रह गए। जिस कार में बेटी को बिठाया गया, उस पर बकायदा एक बड़ा बैनर लगाया गया था जिसमें लिखा था- बेटी हुई है।*

### *परिवार ने समाज को दिया बड़ा संदेश*

*बच्ची के ताऊ (बड़े पिताजी) दीपक कोसरिया ने बताया कि उनके परिवार में 24 साल बाद बेटी का जन्म हुआ है। उनके घर में बहन के बाद पहली बार बेटी आई है, इसलिए यह खुशी खास है। बेटी कोई बोझ नहीं होती, उसे अच्छी शिक्षा और बेहतर भविष्य देना ही परिवार की जिम्मेदारी है। घर में बेटी होना गर्व की बात है और यह भगवान का आशीर्वाद है। परिवार के इस कदम की पूरे शहर में सराहना हो रही है।*

### राजनीतिक संभावनाओं पर भी सट्टेबाजी

## महादेव एप की स्पेलिंग में मामूली बदलाव कर सट्टेबाजी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव सट्टा एप अपनी स्पेलिंग में मामूली बदलाव कर फिर सक्रिय हो गया है। नए नाम में महादेव की स्पेलिंग में डबल ए का उपयोग किया गया है। 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा करीब 6,000 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग मामले की जांच के बाद इस पर कार्रवाई हुई थी। लेकिन अब यह आईपीएल और चुनावी सीजन में दोबारा सक्रिय हो गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार प्लेटफार्म पर क्रिकेट मैचों के नतीजों के साथ-साथ ओवर में बनने वाले रन, विकेट गिरने सहित अन्य दांव लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक संभावनाओं पर भी सट्टेबाजी इतना ही नहीं, बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के चुनावों में सीटों के अनुमान और राजनीतिक संभावनाओं पर भी सट्टेबाजी हो रही है। सट्टे की रकम आमतौर पर 100 से 10,000 रुपए के बीच तय की जाती है। साल 2025 में ऑनलाइन मनी गेमिंग पर प्रतिबंध के बावजूद एप संचालित हो रहा है। मुख्य संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल अब तक पकड़ से बाहर हैं। 2026 में अब तक की कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट रायपुर ने साल 2026 में अब तक ऑनलाइन सट्टे के तीन मामलों में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों में कुल मिलाकर 1,04,85,000 नकदी, लैपटॉप, मोबाइल, वाहन, बैंकिंग दस्तावेज सहित लगभग 1.92 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रायसेन-विदिशा जिले में की बैठकें

## भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाना हैः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को रायसेन एवं विदिशा जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग, जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बैठक एवं छोटी टोली बैठक को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल ही नहीं, एक ऐसी विचारधारा और मिशन है, जो देश के हर नागरिक की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करता है। भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, हर समाज वर्ग के उत्थान के लिए काम करना है, ताकि हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बना सकें।

हमारी विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति के कारण ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और हमारे सिद्धांतों के प्रति अडिग विश्वास का परिणाम है। हम सब मिलकर एक महान राष्ट्र के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी सफलता केवल एक क्षणिक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह निरंतर मेहनत और सीखने की प्रक्रिया का परिणाम होती है। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पहले से ही सफलता के शिखर पर हैं, क्योंकि सफलता एक निरंतर चलने वाली यात्रा है, जो सीखने और आगे बढ़ने से ही संभव हो सकती है। बैठक के बाद खण्डेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान बूथ कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर उनके परिवारजनों से आत्मीय भेंट कर भोजन किया।



खंडेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर भेंट कर भोजन किया।

### निटर के 62वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन उच्च शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित

## शिक्षकों को सशक्त बनाना भारत की शैक्षिक प्रगति की कुंजी : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में संस्थान का 62 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार मंत्री (उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा), मध्यप्रदेश सरकार, ने निटर द्वारा तैयार किए गए 11 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) का औपचारिक शुभारंभ किया।

परमार ने कहा कि निटर भोपाल ने लगातार प्रयासों और समर्पित कार्य के माध्यम से भारत में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। मध्यप्रदेश में कई राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं और उच्च शिक्षा विभाग उन्हें निटर भोपाल के मॉडल के अनुरूप सहयोग करने के लिए तैयार है। विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को सशक्त बनाने और राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षक ही एनईपी के वाहक हैं। इस अवसर पर निटर भोपाल का ट्रेनिंग कैलेंडर भी विमोचित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के लिए सर्वाधिक प्रशिक्षण शामिल है।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधित करते मंत्री इंदर सिंह परमार।

### मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनेंगे

अनुपम राजन, आईएएस, एसीएस, उच्च शिक्षा विभाग ने निटर भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रयोगशाला सुविधाओं की सराहना की। उच्च शिक्षा विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि निटर के साथ सहयोग करके विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनाया जाएगा। प्रो. गोबर्धन दास, निदेशक, आइसर भोपाल ने भारत की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं है, बल्कि पुनर्विकासशील राष्ट्र है। कभी विश्व गुरु रहे भारत की युवा पीढ़ी, वरिष्ठ पीढ़ी के मार्गदर्शन और सहयोग से इसे फिर से वैश्विक मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रो.खेमसिंह डेहरिया, अध्यक्ष, प्राइवेट यूनिवर्सिटीज रेगुलेटरी कमीशन ने निटर भोपाल द्वारा लॉन्च किए गए मूक्स की सराहना की। कहा कि यह पाठ्यक्रम देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों को लाभान्वित करेंगे।

### कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी ने कहा कि संस्थानों के छात्रों को मूक्स में भाग लेकर अपने कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। संस्थान प्रमुख का यह दायित्व है कि वे छात्रों को विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षकों से लाभ प्राप्त करने का अवसर दें। संस्थान आगामी वर्ष से भारतीय ज्ञान परंपरा में बीएस-एमएस प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा है। आज करीब 85 प्रतिशत नौकरियां कौशल पर आधारित हैं। इसलिए निटर भोपाल अनुभवात्मक शिक्षा और व्यावहारिक कौशल विकास पर केंद्रित है। प्रो. संजय अग्रवाल ने निटर भोपाल के विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं का वर्णन किया।

## युवक गले में सांप लपेटकर गलियों में घुमा, लोग हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर



सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत रेवापुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक गांव की गलियों में अपने गले में विशालकाय सांप लटकाए बेखौफ घूमता नजर आया। इस घटना का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया में तेजी से प्रसारित हो रहा है। बताया जा रहा है कि हाबील नामक युवक सुबह के समय सांप को गले में डालकर पूरे गांव में घूमता रहा। उसे इस हालत में देखकर गांववाले दंग रह गए। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक के गले में लटका सांप जहरीला नहीं था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि हाबील जहरीले सांपों को भी पकड़ने में माहिर बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार हाबील पिछले कई वर्षों से बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सांप पकड़ने का काम करता है और कई बार जहरीले सांपों को भी अपने हाथों में काबू कर चुका है। यही वजह है कि गांव में उसकी अलग पहचान बन चुकी है।

## महतारी वंदन योजना की 26वीं किस्त जारी, खातों में पहुंची राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं के लिए मंगलवार का दिन खुशियों भरा रहा। प्रदेश सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' के तहत 26वीं किस्त की राशि जारी कर दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल से राज्य की लगभग 68.48 लाख विवाहित महिलाओं के बैंक खातों में कुल 641.62 करोड़ की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचा लाभ इस बार की किस्त की सबसे खास बात बस्तर संभाग का डेटा रहा। सरकार की 'नियद नेल्ला नार' (आपका अच्छा गांव) योजना के तहत आने वाले सुदूर और नक्सल प्रभावित इलाकों की 7,773 महिलाओं के खातों में भी सफलता पूर्वक राशि भेजी गई है। यह दर्शाता है कि योजना का लाभ अब प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठी महिला तक भी सुलभता से पहुंच रहा है।



## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वेलर्स का राजस्व 64% बढ़ा




**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वेलर्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में अपने कुल राजस्व में 64 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। आभूषणों की ज़ोरदार खरीदारी की वजह से हुई, जबकि सोने की कीमतें अस्थिर बनी रहीं। खुदरा आभूषण विक्रेता का पिछले साल इसी तिमाही में राजस्व 6,222.35 करोड़ रुपये था।

### एफसीएल ने ब्याज, मूलधन के भुगतान में चूक की

FUTURE CONSUMER

**नई दिल्ली।** फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड ने मार्च 2026 के अंत तक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और असूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों से लिए गए ऋण के ब्याज और मूलधन के भुगतान में 615.67 करोड़ रुपये की चूक की है। एफसीएल ने 31 मार्च, 2026 तक बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए 325.26 करोड़ के ऋण और अन्य नकद सुविधाओं के भुगतान में चूक की थी।

### इक्सिगो का ट्रेन में भोजन मुहैया कराने स्विगी से करार




**नई दिल्ली।** ट्रेन टिकट बुकिंग मंच इक्सिगो ट्रेन्स एंड कन्फर्म टिकट ने खाद्य ऑनलाइन मंच स्विगी के साथ साझेदारी की बुधवार को घोषणा की। इस साझेदारी से यात्री देश के 160 से अधिक रेलवे स्टेशन पर 40,000 से अधिक रेस्तरां से खाना ऑर्डर कर पाएंगे। अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू की जा रही है।

### मैक्स हेल्थकेयर, केएचएल में खरीदेगी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड ने हॉस्पिटल कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा इंक. से कलिंगा हॉस्पिटल लिमिटेड (केएचएल) में 58.4 प्रतिशत नियंत्रक हिस्सेदारी खरीदने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। इस सौदे का इक्विटी मूल्य 300 करोड़ रुपये है। इस अधिग्रहण के साथ मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट ओडिशा के भुवनेश्वर में उतर जाएगी।

### जापान के एमयूएफजी बैंक की एसएफएल में हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** जापान के प्रमुख ऋणदाता एमयूएफजी बैंक ने बुधवार को श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) में 39,618 करोड़ रुपये में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। यह निवेश भारत के वित्तीय सेवा क्षेत्र में दो देशों के बीच होने वाला अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

### बद्री संभालेंगे फ्लिपकार्ट की एआई परियोजना




**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपने वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आपूर्ति शृंखला प्रमुख हेमंत बद्री को कृत्रिम मेधा (एआई) कायाकल्प परियोजना की कमान सौंपने की जानकारी दी है। फ्लिपकार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति ने कर्मचारियों को भेजे गए आंतरिक ई-मेल में इस नियुक्ति की सूचना दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम फ्लिपकार्ट को 'एआई-केंद्रित' संगठन बनाने की दिशा में अहम है।

# ट्राई का कॉल, एसएमएस के लिए कम कीमत वाले प्लान का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार परिचालकों के लिए यह अनिवार्य किये जाने का प्रस्ताव किया कि वे केवल कॉल और एसएमएस सेवाओं के लिए कम कीमत पर मोबाइल प्लान जारी करें।

- इसकी कीमत मौजूदा विशेष शुल्क वाउचर की तुलना में कम हो

इसकी कीमत मौजूदा विशेष शुल्क वाउचर की तुलना में कम हो, जिनमें डेटा (इंटरनेट) सुविधा भी शामिल है। दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (तेरहवां संशोधन) विनियमन, 2026 के मसौदे में ट्राई ने कहा कि उसने प्रत्येक दूरसंचार परिचालक के लिए कम से कम एक विशेष शुल्क वाउचर जारी करना अनिवार्य किया है, जो केवल कॉल (वॉयस) और एसएमएस के लिए हो। लेकिन कंपनियों ने लंबी वैधता वाले कुछ ही प्लान जारी किए।

## परिचालक के लिए एक विशेष शुल्क वाउचर जारी करना अनिवार्य किया

### पिछले बदलाव का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने यह भी पाया कि केवल वॉयस और एसएमएस पैक को पेश करते समय, दूरसंचार परिचालकों ने शुरू में अपेक्षाकृत अधिक कीमत तय की और प्लान से डेटा लाभ हटाने के अनुपात में इन कीमतों को कम नहीं किया गया। नियामक ने कहा कि पिछले बदलाव का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है और इसलिए उसने एक नया प्रस्ताव पेश किया है।




### विशेष शुल्क वाउचर भी देना अनिवार्य होगा

ट्राई ने कहा, 'प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य इस समस्या का समाधान करना है। इसके तहत, वॉयस, एसएमएस और डेटा वाले विशेष शुल्क वाउचर (चाहे उनमें अतिरिक्त सेवाएं हों या न हों) के लिए दी जाने वाली प्रत्येक वैधता अवधि के लिए, सेवा प्रदाता को केवल वॉयस और एसएमएस के लिए एक अलग विशेष शुल्क वाउचर भी देना अनिवार्य होगा।'

*वॉयस व एसएमएस पैक के अधिक विकल्प मिलेंगे*

*नियामक ने कहा, 'साथ ही, इससे उपभोक्ताओं को केवल वॉयस और एसएमएस वाले पैक के अधिक विकल्प मिलेंगे, जिससे वे डेटा-युक्त पैक के बराबर हो जाएंगे। ट्राई ने इस प्रस्ताव पर संबंधित पक्षों से 28 अप्रैल तक सुझाव देने को कहा है।*

### अनावश्यक सेवाओं की जबरन खरीद पर रोक लगेगी

नियामक ने कहा कि इस संशोधन से पारदर्शिता बढ़ेगी, अनावश्यक सेवाओं की जबरन खरीद पर रोक लगेगी और यह सुनिश्चित होगा कि जिन उपभोक्ताओं को डेटा की आवश्यकता नहीं है, उन्हें इसके लिए भुगतान के लिए बाध्य नहीं किया जाए।

## चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा

# आरबीआई ने रेपो दर को यथावत रखा, 2026-27 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई ने इसके साथ सतर्क रुख अपनाते हुए 'देखो और इंतजार करो' की नीति का रुख अपनाया है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में लगभग 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में उल्लेखनीय तेजी आई है। इससे ईंधन के आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है।

**महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए नीतिगत दर यथावत रखी**

**आरबीआई ने सतर्क रुख अपनाते हुए देखो और इंतजार करो की नीति अपनाई**

**ईंधन के आयात पर निर्भर भारत के लिए मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा**

### रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की छह अप्रैल से शुरू तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा, ''एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही एमपीसी ने मौद्रिक नीति के मामले में 'तटस्थ' रुख को बनाये रखा है।




### अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत

गवर्नर ने कहा, ''हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद अधिक मजबूत है, जिससे अब इसमें झटकों का सामना करने की क्षमता पहले की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।

### रुपए में 50 पैसे का उछाल

इसके साथ ही अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से चार प्रतिशत से अधिक टूटा है। इससे आयातित मुद्रास्फीति बढ़ने का जोखिम है। हालांकि, संघर्ष विराम की घोषणा के बाद रुपया 50 पैसे चढ़कर 92.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया है।

### मासिक किस्त यथावत बनी रहेगी

इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।

आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस-की-तस बने रहने की संभावना है।

### *खुदरा महंगाई 4.6 फीसदी रहने का अनुमान*

*आरबीआई ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण जिंस की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के कारण वृद्धि दर में नरमी रह सकती है। नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) के तहत दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक तीन से पांच जून को होगी।*

# मुद्रा योजना ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप को मजबूत बनाया : शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



**पिछले 11 वर्षों में स्वरोजगार व छोटे उद्योगों को गति दी**

**मुद्रा योजना के 11 वर्षों में 58 करोड़ ऋण वितरित किए गए**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 वर्षों में छोटे कारोबारियों और स्टार्टअप को बिना गारंटी ऋण देकर उन्हें मजबूत बनाया है और स्वरोजगार तथा छोटे उद्योगों को नई गति दी है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अमित शाह ने कहा कि मुद्रा योजना के 11 वर्षों में 58 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इससे 12 करोड़ युवाओं को लाभ मिला है और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा को नई गति मिली है। शाह ने कहा, /"मुद्रा योजना के 11 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना गारंटी ऋण देकर छोटे कारोबारियों और नए उद्यमों को सशक्त बनाया है, जिससे स्वरोजगार और छोटे उद्योगों को नई ताकत मिली है।/ उन्होंने यह भी कहा कि हर तीन में दो मुद्रा ऋण महिलाओं को दिए जाना महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### 20 लाख तक ऋण दिया जा रहा

यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को शुरू की थी। इसके जरिए बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

# अदाणी समूह के शेयरों में तेजी अदाणी ग्रीन 11 प्रतिशत चढ़ा




- अमेरिकी अदालत ने अदाणी की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की
- अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 8.78 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में आई तेजी के साथ ही बुधवार को अदाणी समूह के शेयरों में भी उछाल देखने को मिला। अदाणी ग्रीन का शेयर 11 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया जबकि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 8.78 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

अमेरिका की एक अदालत ने अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की याचिका को सुनवाई को स्वीकार कर लिया है। इस याचिका में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) की तरफ से दायर धोखाधड़ी मामला खारिज करने का अनुरोध किया गया है। अदाणी की तरफ से दलील दी गई है कि यह मामला अमेरिकी क्षेत्राधिकार से बाहर है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस घटनाक्रम के बाद अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में तेजी का माहौल रहा। बीएसई में अदाणी ग्रीन का शेयर 11.38 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 8.78 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज लि. 8.62 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस 7.60 प्रतिशत मजबूत हुए।

इनके अलावा, एनडीटीवी में 6.48 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट में 6.28 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 5.28 प्रतिशत, एसीसी में 5.20 प्रतिशत और अदाणी पावर में 3.55 प्रतिशत की तेजी रही। इस तरह समूह की सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 14.22 लाख करोड़ रुपये रहा।

### कच्चे तेल के दाम में नरमी का बाजार पर असर

बीएसई सेंसेक्स 2,946.32 अंक यानी 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 873.70 अंक यानी 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## हुंडई मोटर मई से वाहनों की कीमतें एक फीसदी बढ़ाएगी...



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने बढ़ती लागत के कारण मई से अपने वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की बुधवार को जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने मई 2026 से अपने सभी मॉडल की कीमतों में एक प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की योजना बनाई है। यह मूल्य संशोधन विभिन्न लागतों में वृद्धि के कारण किया जा रहा है। हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी विभिन्न मॉडल एवं संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा, '' हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि बढ़ती लागत को खुद वहन कर ग्राहकों को कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाया जाए। हालांकि, कच्चे माल की लागत में लगातार वृद्धि से इसका एक हिस्सा मामूली मूल्य वृद्धि के रूप में ग्राहकों पर डालना जरूरी हो गया है।''

# भारत में स्टार्टअप का कर्ज-आधारित वित्तपोषण 2025 में तीन अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- बड़ी कंपनियों को दिया जाने वाला कर्ज 1.68 अरब डॉलर रहा

भारत में स्टार्टअप कंपनियों को कर्ज के जरिये मिलने वाले वित्तपोषण में तेजी आई है। वर्ष 2025 में बिना हिस्सेदारी दिए मिलने वाला कर्ज (उद्यम ऋण) 1.3 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि बड़ी कंपनियों के विस्तार के लिए दिया जाने वाला कर्ज (वृद्धि ऋण) 1.68 अरब डॉलर रहा। स्ट्राइड वेंचर्स की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान स्टार्टअप वित्तपोषण के तरीके में बड़े बदलाव का संकेत है। पहले इस तरह का कर्ज केवल कंपनियों की नकदी जरूरत (रनवे) बढ़ाने तक सीमित था लेकिन अब इसका इस्तेमाल विस्तार, अधिग्रहण और कारोबार को मजबूत करने में भी हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में करीब 187 स्टार्टअप कंपनियों ने उद्यम ऋण लिया।

# बीएमडब्ल्यू ग्रुप की बिक्री रिकॉर्ड 4,567 इकाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पहली तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़त जारी रही

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने चालू कैलेंडर साल की पहली तिमाही के दौरान 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपनी सबसे अधिक 4,567 वाहनों की बिक्री दर्ज की है। जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पहली तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़त जारी रही। अब कंपनी की हर चौथी कार इलेक्ट्रिक है। भारत के लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी पहली तिमाही में 26 प्रतिशत रही। कंपनी के पास इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे बड़ी श्रृंखला है, जिसमें बीएमडब्ल्यू आई7, बीएमडब्ल्यू आईएक्स, बीएमडब्ल्यू आई5, बीएमडब्ल्यू आईएक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस, मिनी कंट्रीमैन ई, मिनी कंट्रीमैन एसई ऑल4 जैसी कारें और बीएमडब्ल्यू सीई 04 व बीएमडब्ल्यू सीई 02 जैसे दोपहिया वाहन शामिल हैं।

### *सबसे अधिक पहली तिमाही की बिक्री हासिल की*

*बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने कहा, /"बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2026 में बेहद मजबूत स्थिति में प्रवेश किया है। हमने व्यापक आर्थिक और भूराजनीतिक बाधाओं के बावजूद ठोस दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करते हुए अब तक की सबसे अधिक पहली तिमाही की बिक्री हासिल की है।/"*

# महिला कर्जदारों का 76 लाख करोड़ रुपए का ऋण संग्रह, आठ वर्षों में चार गुना वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में महिला कर्जदारों का ऋण संग्रह 76 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल प्रणालीगत ऋण का 26 फीसदी है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें बताया गया है कि 2017 के बाद से इसमें करीब पांच गुना वृद्धि हुई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2017 से दिसंबर 2025 के बीच ऋण-सक्रिय महिला कर्जदारों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) नौ फीसदी रही।

इसी अवधि में, महिलाओं के बीच ऋण पहुंच 19 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2017 में महिलाओं का कुल बकाया ऋण 16 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025 में 76 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारत में लगभग 45 करोड़ ऋण-योग्य महिलाएं हैं, जिससे आगे विस्तार की काफी संभावना है। यह वृद्धि विशेष रूप से वाणिज्यिक ऋण से प्रेरित है। 2022 से 2025 के बीच महिला कारोबारी कर्जदारों को दिए गए ऋण में 31 फीसदी की सीएजीआर दर्ज हुई, जो कुल वाणिज्यिक ऋण की 17 फीसदी वृद्धि से अधिक है। नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने कहा कि आर्थिक विकास तब आगे बढ़ता है जब बाजारों में भागीदारी व्यापक, गहरी और अधिक कुशल हो जाती है। सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई) के कर्जदारों का व्यक्तिगत खुदरा और वाणिज्यिक ऋणों की ओर धीरे-धीरे बदलाव देखा गया है।

## गिरावट का सबसे ज्यादा फायदा डाउनस्ट्रीम कंपनियों को हुआ

# क्रूड की कीमतें 15% तक क्रैश, ऑयल कंपनियों के शेयर उछले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट ने भारतीय ऑयल कंपनियों के शेयरों में बड़ा उतार-चढ़ाव पैदा कर दिया है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में करीब 15–17 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। इसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार में ऑयल सेक्टर पर पड़ा। तेल की कीमतों में गिरावट से सबसे ज्यादा फायदा डाउनस्ट्रीम कंपनियों को हुआ, जैसे एचपीसीएल, आईओसी और बीपीसीएल। इन कंपनियों का काम कच्चे तेल को रिफाइन करके पेट्रोल-डीजल बनाना होता है। कच्चा तेल सस्ता होता है, तो इनकी लागत घटती है, मुनाफा बढ़ता है। यही वजह है कि इनके शेयरों में 6 से 10 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई।

- कंपनियों के शेयरों में छह से लेकर दस प्रतिशत तक तेजी देखी गई

*एचपीसीएल में जबरदस्त तेजी : एचपीसीएल में जबरदस्त तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर 8 अप्रैल 2026 को 10.09 प्रतिशत उछलकर 364.95 रुपए पर बंद हुआ। दूसरी ओर अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए यह गिरावट नुकसानदायक साबित हुई। ऑयल और नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के शेयर 8 अप्रैल 2026 को 3.43 प्रतिशत तक गिर गए। ये कंपनियां सीधे कच्चे तेल का उत्पादन करती हैं, इसलिए तेल की कीमत गिरने से उनकी कमाई पर असर पड़ता है।*



### इंटरग्लोबल एविएशन का शेयर 9 फीसदी उछला

इंटरग्लोबल एविएशन के शेयरों को 8 अप्रैल को पंख लग गए। दोपहर में यह शेयर 9.02 फीसदी उछाल के साथ 4,654 रुपए पर चल रहा था। सस्ते क्रूड से कंपनी की ऑपरेशनल कॉस्ट में कमी आएगी, जिससे उसका मार्जिन बढ़ेगा। 28 फरवरी को मध्यपूर्व में लड़ाई शुरू होन के बाद से इस शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अगर क्रूड में और नरमी आती है तो यह एविएशन कंपनियों के लिए अच्छा होगा। 8 अप्रैल को स्पाइजेट के शेयरों में भी तेजी दिखी। 5 फीसदी चढ़ने के बाद इस शेयर में अपर सर्किट लग गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-37 Date-08/04/2026 2026_UAD_496949_1 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत कदम तलैया (शंकर जी) मंदिर के पीछे बाउण्ड्रीबॉल निर्माण कार्य। (महापौर मद) | 03 माह / 3.41 लाख | 2000/- / 3410/- | 22/04/2026 |
| 2 | PRO-37 Date-08/04/2026 2026_UAD_496949_2 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड स्थित पप्पू सोनकर के घर से अमरनाथ सोनकर के घर तक नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (महापौर मद) | 03 माह / 5.01 लाख | 2000/- / 5018/- | 22/04/2026 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

# चंद घंटे में ही टूट गया सीजफायर, ईरान के लावन द्वीप में तेल रिफाइनरी पर हमला


इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह कमांड और कम्युनिकेशंस सेंटर पर हमला किया।

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं*

कुवैत में तेल बिजली घर और पानी के प्लांट पर ड्रोन हमला

### बुधवार सुबह करीब 10 बजे किया हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। लेकिन ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन द्वीप की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन यह नहीं बताया गया है कि हमला किसकी ओर से किया गया है।

## ईरान ने कुवैत में किए ड्रोन हमले

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुश्मन की ओर से किया गया बड़ा और खौफनाक हमला था। कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।*

**इजराइल की दो टूक**

## सीजफायर पर समर्थन, हिज्बुल्ला के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच हुए दोहफ्ते के युद्धविराम समझौते का समर्थन करता है, लेकिन यह समझौता लेबनान में हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी लड़ाई को कवर नहीं करता है। लेबनानी मिलीशिया हिज्बुल्ला के खिलाफ युद्ध में उसकी 'लड़ाई और जमीनी अभियान जारी है' और वह इस समझौते का हिस्सा नहीं है। इजराइल की सेना ने स्वीकार किया कि युद्ध जारी है। बता दें, युद्धविराम की घोषणा किए जाने के कुछ घंटे बाद ही इजराइल ने मध्य बेरूत पर कई हवाई हमले किए।

**सीजफायर के बाद भारत की एडवाइजरी**

## ईरान में रह रहे नागरिकों को जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह



तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने बुधवार को जारी एडवाइजरी में ईरान के हालातों को देखते हुए वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी गई है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक दूतावास के अधिकारियों के साथ संपर्क करें और उनके बताए सुरक्षित रास्तों से ही ईरान से बाहर निकलें। दूतावास ने सख्त हिदायत दी है कि कोई भी भारतीय नागरिक बिना सलाह लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की कोशिश न करे। किसी भी सीमा पर जाने से पहले दूतावास से तालमेल बिठाना अनिवार्य है।

**जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

भारतीय नागरिकों की मदद के लिए दूतावास ने चार इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर +989128109115, +989128109102, +989128109109 और +989932179359 हैं। इसके अलावा लोग अपनी समस्या या जानकारी के लिए **cons.tehran@›mea.gov.in** पर ईमेल भी कर सकते हैं। ईरान में हो रहे नए बदलावों और सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है। सरकार चाहती है कि सभी भारतीय सुरक्षित तरीके से अपने वतन वापस लौट आएं।

## *इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर किया हवाई हमला*

## *ईरान से जुड़े साइबर समूहों की ओर से अमेरिका पर बड़ा साइबर हमला*

### इराक ने खोला अपना हवाई क्षेत्र

संघर्ष विराम के बाद इराक ने अपने हवाई क्षेत्र और सभी एयरपोर्ट को तत्काल प्रभाव से फिर से खोलने का ऐलान किया है। इराक की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने आधिकारिक बयान में कहा कि क्षेत्र में हालात सामान्य होने के बाद अब हवाई यातायात को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अब सभी नागरिक उड़ानों को अनुमति दी गई है, जिसमें ओवरफ्लाइट, टेकऑफ और लैंडिंग शामिल हैं। यह सब तय नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत किया जाएगा।

### यूएस की पीएलसी पर निशाना

ईरान से जुड़े साइबर समूहों की ओर से अमेरिका पर बड़े साइबर हमले का दावा भी सामने आया है। हमलावरों ने औद्योगिक प्रणाली में इस्तेमाल होने वाले प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी) को निशाना बनाया। पीएलसी प्रणाली किसी भी बड़े औद्योगिक सेटअप के दिमाग की तरह काम करते हैं। ये ऑटोमैटिक प्रोग्राम के जरिए मशीनों और प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। ऐसे में इन सिस्टम्स के प्रभावित होने से कई महत्वपूर्ण संचालन बाधित हो सकते हैं।

**दुनिया ने किया युद्धविराम का स्वागत**

## नागरिकों के जीवन की रक्षा होगीः यूएन महासचिव



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि नागरिकों के जीवन की रक्षा और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए संघर्ष का अंत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और क्षेत्र में स्थायी और व्यापक शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए युद्धविराम की शर्तों का पालन करने का आह्वान किया है।

### युद्धविराम दुनिया के लिए राहत का पलः यूके



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टॉर्मर ने युद्धविराम समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र और दुनिया के लिए राहत का पल लाएगा। हमें अपने साझेदारों के साथ मिलकर इस युद्धविराम का समर्थन करने और इसे कायम रखने के लिए तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बुधवार से खाड़ी क्षेत्र का दौरा शुरू कर रहे हैं, जिस दौरान वह अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम के समर्थन और उसे कायम रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

### कश्मीर सहित देश के कई हिस्सों में मना जश्न

युद्धविराम की घोषणा के बाद कश्मीर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर जश्न मनाया जा रहा है, और लोगों ने इसे ईरान की जीत करार दिया है। श्रीनगर शहर के सैदाकदल और जदीबल क्षेत्रों के साथ ही घाटी के बडगाम, बारामूला, गांदरबल, पुलवामा और बांदीपोरा जिलों में भी जश्न का माहौल बन गया है। ईरानी झंडे लहराते हुए लोगों ने युद्धविराम की घोषणा पर खुशी जताई और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। जश्न के हिस्से के रूप में कश्मीरी कहवा भी बांटा गया। लखनऊ, हैदराबाद, कोलकता सहित कई शहरों में लोगों ने खुशी जाहिर की।

### *क्षेत्र में तनाव कम होगाः ईराक*

*इराक ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत किया है। इराक के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव कम होगा और सुरक्षा व स्थिरता मजबूत होगी। मंत्रालय ने कहा कि वह संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान का समर्थन करता है और सभी पक्षों से अपील की कि वे युद्धविराम का पूरी तरह पालन करें और किसी भी तरह की नई कार्रवाई से बचें।*

### *निर्यातकों को राहतः फियो*

*भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना निर्यातकों को शिपिंग बाधाओं, उच्च ढुलाई दरों और बीमा लागत में राहत देता है। यह अल्पकालिक रूप से लॉजिस्टिक्स को सामान्य करने में मदद करेगा, निर्यातक अभी भी युद्धविराम की अस्थायी प्रकृति को देखते हुए सतर्क रहेंगे। रल्हन ने कहा कि स्थिरता बनाए रखना जरूरी है ताकि विश्वास बहाल हो और व्यापार सुचारू रूप से चल सके।*

**अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ का दावा**

## ट्रंप चाहते तो ईरान की अर्थव्यवस्था को ठप कर देते, जानबूझकर नरमी दिखाई



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि ट्रंप के पास इतनी ताकत थी कि वो चाहें तो कुछ ही मिनटों में ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था ठप कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप ने जानबूझकर नरमी दिखाई, क्योंकि ईरान ने दबाव में सीजफायर मान लिया था। अमेरिका चाहता तो बड़ा नुकसान कर सकता था, लेकिन उसने रुकने का फैसला किया। ईरान की नई सरकार को समझ आ गया कि लड़ाई जारी रखने से हालात खराब होते, इसलिए समझौता बेहतर था। उन्होंने कहा कि नई सरकार ने अपने पुराने हालात से सबक लिया है।

## स्थिति अभी भी नाजुक, ट्रंप बेचैनः वेंस



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है तो एक समझौता संभव है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि जहां ईरानी व्यवस्था के कुछ हिस्से बातचीत को रचनात्मक रूप से ले रहे हैं, वहीं अन्य ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस स्थिति को एक नाजुक सीजफायर बताया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान युद्ध को खत्म करने की दिशा में प्रगति करने को लेकर बेचैन हैं और उन्होंने अपनी बातचीत करने वाली टीम को निर्देश दिया है कि वे ईरानियों के साथ सद्भावना से बातचीत करें।

**सीजफायर के असर से भारत में सस्ती होंगी चीजें**

सीजफायर के इस फैसले से ईंधन सस्ता होने से सिलेंडर की लागत घट सकती है, जिससे घरेलू बजट पर दबाव कम होगा। इसके अलावा होटल-रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडर सस्ते होने से बाहर खाना भी थोड़ा किफायती हो सकता है। जिससे रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। सब्जियां, दूध, राशन, फर्टिलाइजर, प्लास्टिक के सामान समेत अन्य जरूरी चीजों के दाम भी धीरे-धीरे नीचे आ सकते हैं। हवाई टिकटों की कीमतों में भी कमी आ सकती है। साथ ही प्लास्टिक, पैकेजिंग, कपड़े और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की लागत भी घट सकती है, जिससे इनकी कीमतों में राहत मिल सकती है। एफएमसीजी सामान और ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी सस्ती होगी। बाइक-कार समेत सभी गाड़ियों के टायर, पेंट, कपड़े और पैकेजिंग मटेरियल की कॉस्ट भी कम हो जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### वियतनाम में पटना के व्यापारी की मौत



**पटना।** पटना के विग्रहपुर निवासी और पटना के चांदनी चौक इलाके में इलेक्ट्रॉनिक्स का कारोबार करने वाले बिंदा सिंह एक महीने पहले 90 सदस्यीय भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ वियतनाम गए थे। जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले तीन दिनों से उनका परिवार उनके पार्थिव शरीर के भारत लाए जाने का इंतजार कर रहा है।

### तुर्कीये में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन



**इस्तांबुल।** तुर्किये की संसद नए प्रस्ताव के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी है। अगर यह प्रस्ताव कानून का रूप लेता है, तो यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे दिग्गज प्लेटफॉर्म्स को अपने सिस्टम में बड़े बदलाव करने होंगे। उन्हें न केवल उम्र की जांच (एज वेरिफिकेशन) के पुख्ता इंतजाम करने होंगे।

### 'मिल्क स्कैम' पर कनाडा सरकार की चेतावनी



**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने एक नए तरह के स्कैम की में चेतावनी जारी की है। जिसमें लोगों को टेक्स्ट मैसेज के जरिए घोटाले का शिकार बनाया जा रहा है जिसमें टेक्स्ट मैसेज के जरिये झूठा दावा किया जा रहा है कि ग्राहक 'मिल्क सैटलमेंट' के लिए पात्र हैं। सरकार ने चेतावनी दी है कि जालसाज वैध समझौतों का उपयोग करते हैं।

**सीजफायर के बीच भारत सरकार ने दी देशवासियों को राहत की खबर**

# बिजली उत्पादन के लिए कोयला का पर्याप्त भंडार, पेट्रोलियम उत्पादों की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में आ रही रुकावटों के बीच भारत सरकार ने देशवासियों को बड़ी राहत दी है। अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र ने साफ किया है कि भारत में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने देश में बिजली उत्पादन को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि देश की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार मौजूद है, जिससे उपभोक्ताओं को बहुत ही कम समय के नोटिस पर कोयले की आपूर्ति की जा सकती है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा आज भी कोयला आधारित बिजली से पूरा होता है।

कम समय के नोटिस पर कोयले की आपूर्ति जारी

घरेलू एलपीजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे


संजीव कुमार कस्सी

### देश में 24 दिनों का कोयले का भंडार मौजूद

कस्सी ने बताया कि बिजली उत्पादन क्षमता में कोई कमी नहीं है क्योंकि कोयले का उत्पादन उसकी खपत के स्तर के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठाकर चल रहा है। भारत ने ऊर्जा की एक किफायती और पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी है तथा लगातार दूसरे वर्ष 1 अरब टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किया है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने बताया कि भारत के पास बिजली उत्पादन की जरूरतों के लिए 24 दिनों का कोयले का भंडार मौजूद है।

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रहीं

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) ने कहा कि रिफाइनरियां अपनी पूर्ण क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। घरेलू जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### *56,000 सिलेंडर जब्त*

*सुजाता शर्मा ने बताया कि हाल ही में लगभग 4,000 छापेमारी की गई, जिसमें 56,000 सिलेंडर जब्त हुए। कंपनियों ने 1,770 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 51 वितरकों को निलंबित किया है और 175 के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। सुजाता शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराने से बचें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।*

### *करीब 7.88 लाख यात्री सुरक्षित भारत लौटे*



*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है जो वीजा और रसद जैसी सहायता दे रहा है। 28 फरवरी से अब तक खुले हवाई क्षेत्र से उड़ानों के जरिए करीब 7.88 लाख यात्री सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान में मौजूद लगभग 7,500 भारतीयों के लिए जल्द निकास की एडवाइजरी जारी की गई है, जिनमें से 1,864 नागरिकों को पड़ोसी देशों आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते सुरक्षित निकाला जा चुका है। जहाजों के गुजरने के लिए शुल्क मांगने की खबरों पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर ईरान के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है।*

**हिंद महासागर सम्मेलन में होंगे शामिल**

## आज से मॉरीशस और यूएई के दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मॉरीशस दौरे के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर 9वें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा के लिए मॉरीशस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, वे नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में मुख्य भाषण भी देंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री अन्य प्रतिभागी देशों के समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे।



यह दौरा भारत की पड़ोसी पहले नीति, विजन महासंघ और वैश्विक दक्षिण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित इंडिया फाउंडेशन और मॉरीशस सरकार संयुक्त रूप से नौवें हिंद महासागर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं, जो 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाला है। 2016 से आयोजित होने वाला यह वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### *प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच होगा संवाद*

*इंडिया फाउंडेशन ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन 'हिंद महासागर शासन के लिए सामूहिक प्रबंधन' विषय के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो राष्ट्राध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों, विद्वानों और नीति विशेषज्ञों के बीच चर्चाओं का मार्गदर्शन करेगा। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनमें समुद्री सुरक्षा, आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और उभरती भू-राजनीतिक गतिशीलता शामिल हैं। फाउंडेशन ने कहा कि उम्मीद है कि यह सम्मेलन हिंद महासागर से सटे देशों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रणनीतिक हित रखने वाली प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगा।*

**भारतीय युद्धपोत 'त्रिकंड' केन्या पहुंचा**

## 100 राइफल व 50 हजार गोलियां सौंपी एमआरआई मशीन देने का भी समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को फ्रंटलाइन गाइडेड प्रक्षेपास्त्र युद्धपोत 'त्रिकंद' मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। यहां भारत ने 100 राइफल और करीब 50 हजार गोलियां केन्या को दी हैं। भारत केन्याई रक्षा बलों को एमआरआई मशीन भी मुहैया कराएगा। इसका उद्देश्य केन्या के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करना व दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देना है। नौसेना ने बताया कि युद्धपोत 'त्रिकंद' दक्षिण-पश्चिम हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी ऑपरेशनल तैनाती के तहत यहां आया है। यह दौरा पश्चिमी नौसैनिक



कमान के कमांडर-इन-चीफ उप-नौसेनाध्यक्ष कृष्णा स्वामीनाथन की केन्या यात्रा के साथ हो रहा है। भारतीय पोत के मोम्बासा प्रवास के दौरान यहां कई पेशेवर, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही भारतीय दल केन्या रक्षा बलों को महत्वपूर्ण सामग्री भी सौंप रहा है। भारतीय युद्धपोत के कमांडिंग अधिकारी अगले कुछ दिनों में केन्या की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

**अमेरिका की सीक्रेट टेक्नोलॉजी ने दुनिया को चौंकाया**

# *दिल की धड़कन के सिग्नल को पकड़कर ढूंढ निकाला पायलट!*

### *लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने विकसित की तकनीक*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले हफ्ते ईरान के दक्षिणी हिस्से में अमेरिका का एक एफ-15 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार वेपन सिस्टम ऑफिसर, जिन्हें दुनिया 'ड्यूड 44 ब्रावो' के नाम से जानती है, किसी तरह जिंदा बच गए। दो दिनों तक वह ईरान की बंजर पहाड़ियों और ठंडे रेगिस्तान में छिपे रहे, जबकि ईरानी सेना उन पर रखे इनाम के लालच में उन्हें चप्पे-चप्पे पर तलाश रही थी। जब उम्मीदें धुंधली होने लगीं, तब 'घोस्ट मर्मर' नाम की तकनीक ने उनकी जान बचाई।

### तकनीक 'क्वांटम मैग्नेटोमेट्री' के सिद्धांत पर काम करती है


एआई इमेज

'घोस्ट मर्मर' को लॉकहीड मार्टिन की बेहद गुप्त डिवीजन 'स्कंक वर्क्स' ने विकसित किया है। यह तकनीक 'क्वांटम मैग्नेटोमेट्री' के सिद्धांत पर काम करती है। सरल शब्दों में कहें तो, हर इंसान की धड़कन एक खास इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फिंगरप्रिंट यानी विद्युत-चुंबकीय छाप छोड़ती है। यह तकनीक मीलों दूर से उस बेहद कमजोर सिग्नल को पकड़ लेती है और फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से हजारों अन्य शोर-शराबे के बीच से केवल उस इंसान की धड़कन को अलग करके उसकी लोकेशन बता देती है।

### *सेंसर को छाती से सटाना पड़ता है*

*मेडिकल साइंस में धड़कन मापने के लिए सेंसर को छाती से सटाना पड़ता है, लेकिन यह तकनीक इतनी एडवांस है कि यह लंबी दूरी से भी धड़कन पहचान लेती है। इसका नाम 'घोस्ट मर्मर' इसलिए रखा गया क्योंकि 'मर्मर' धड़कन की लय को कहते हैं और 'घोस्ट' का मतलब है उस व्यक्ति को ढूंढ निकालना जो दुनिया की नजरों में पूरी तरह गायब हो चुका है।*

### *ईरान की बंजर जमीन में शोर नहीं था*

*रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का वह इलाका इस तकनीक के पहले इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त था। वहां मानवीय आबादी कम होने के कारण अन्य इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों का शोर बहुत कम था। इसके अलावा, रात के समय रेगिस्तान की ठंडी रेत और एक जीवित इंसान के शरीर की गर्मी के बीच का अंतर इतना ज्यादा था कि इस तकनीक को अपना काम करने में आसानी हुई।*

### *इमरजेंसी सिग्नल बीकन भेजा*

*अमेरिकी पायलट ने बोइंग द्वारा निर्मित अपना इमरजेंसी सिग्नल बीकन सीलोकेटर चालू तो कर दिया था, लेकिन रेस्क्यू टीम को उनकी सटीक जगह का अंदाजा नहीं मिल पा रहा था। जैसे ही वह पायलट बीकन सिग्नल भेजने के लिए थोड़ी देर के लिए दरार से बाहर आया, 'घोस्ट मर्मर' ने तुरंत उनकी धड़कन के सिग्नल को पकड़ लिया जिससे रेस्क्यू टीम को पायलट की सटीक लोकेशन मिल गई।*

# आम-खास सबको धन्य कर रही रामभद्राचार्यजी की रामकथा

## जिनसे संपूर्ण राष्ट्र का मंगल होता है, उनका नाम है राम

**जबलपुर।** श्रीरामचरित मानस की चौपाई 'रामजनम जग मंगल हेतू' विषय पर अवधपुरी गौरीघाट में चल रही पद्मविभूषण, तुलसी पीठाधिश्वर, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी की रामकथा समरसता के मूलमंत्र को साकार कर रही है। आम-खास का भेद भूल मानो सब 'राम सबके-सब राम के' के मूलमंत्र की प्रतिध्वनि हो गए हों। क्या राजा, क्या रंग सब राममय दिखे। महाराजश्री से मिलने आज मुख्यमंत्री भी आए और आम शहरवासी भी। महाराज श्री ने सबको प्रभु रामभद्र सरकार के प्रेम में डुबो के धन्य कर दिया। कल की कथा विश्राम में प्रभु का प्राकट्य हुआ था। आज भगवान की बाल लीलाओं के आनंद में डूब-उतरा के सभी विभोर थे। महाराजश्री ने मुनिवर वशिष्ट, भगवान सूर्यनारायण, माता कौशल्या, महाराज दशरथ सहित सभी चरित्रों के माध्यम से बताया कि कैसे भगवान का जन्म सबके लिए और जगत के मंगल के कारण से हुआ। महाराजश्री जी ने कथा में सवाल किया कि कौआ को कोई घर में बुलाता है क्या? लेकिन चूंकि 'राम जनम जग मंगल हेतू' हुआ, इस कारण कौए का भी मंगल हुआ।

### जो जीव के दुखों को नष्ट करे वह मंगल ...

पूज्यश्री ने कहा कि रामजी के अवतार के समय चारों ओर अमंगल ही अमंगल था। रावण ने सबका मंगल छीन लिया था। पृथ्वी हाहाकार कर रही है। तब भगवान ने मंगलमई वाणी में सात पंक्तियों में कहा कि हे मुनियों हे सिद्धों मैं नर के रूप में सबका मंगल करने प्रकट हो रहा हूं। भगवान के चारों कल्पों के अवतारों की चर्चा में संकेत ये है भगवान का वचन था कि अंडज पिंडज सबका मंगल मैं करूंगा। मंगल का अर्थ बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि मंगति सर्पती दुक्खम नाशयति यत्तन मंगलम। अर्थात जो आते ही जीवों के दुखों को नष्ट कर दे, उसे मंगल कहते हैं। उन्होंने कहा कि नख से शिख तक भगवान का विगृह अपने आप में मंगल है। श्री हरि मंगल के आयतन यानी घर है। इसीलिए उनके लिए गाया गया है कि मंगल भवन अमंगल हारी। उन्हानें कहा कि माया, तीनों गुण और दोनों इंद्रिया जहां हैं, वहां मंगल नहीं हो सकता है। श्रीरामजी माया, गुणों और इंद्रियों से परे हैं, इसलिए वे मंगल के स्वरूप हैं।

### हमारा राष्ट्रगान रामगान भी है...

महाराजश्री ने कहा कि हमारा राष्ट्रगान, राष्ट्रगान नहीं , राम गान है। वास्तव में पंचम जार्ज की स्तुति में रविन्द्र नाथ टैगोर ने जन-गण मन अधिनायक जय हो लिखा था। मेरा विचार है कि यह मेरे प्रभु के गुणगान की जय है। जन-गण अधिनायक जय हो। राम जी ही संपूर्ण जन-गण के अधिनायक और भारत के भाग्य के विधाता हैं। रामजी पंजाब सिंध गुजरात मराठा सब जगह के आराध्य हैं। भगवान की जय की गाथा ही सब गा रहे हैं। गाहे तब जय गाथा पंक्ति यही कह रही है। आखिरी में जय है जय है सात बार जया है। ये भगवान श्रीराम जी की की ही जयजयकार है। मानस के सातों कांडों, सातों द्वीपों, सात समंदर पर आपकी जय हो रही है। हे प्रभ श्रीराम आप हमारे काम क्रोध लोभ पर जय यानी विजय प्राप्त करा दें। भगवान ने विश्वामित्र आश्रम, दंडकारण्य और लंगा में जय प्राप्त की। यही आपकी जय की गाथा है कि आज पूरा विश्व श्रीराम जय राम जय जय राम कह रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक रामजी की कृपा रहेगी, भारत का बाल भी बांका नहीं होगा। जन गण मंगल दायक जय है, तो वे जन-जन का मंगल करने वाले हैं। मंगल भवन अमंगल हारी।



### प्रतिबिंब करता है बिंब का अनुशरण ...

गिरदावली प्रस्तुत करने के पूर्व तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्रदास जी ने कहा कि वर्तमान कालखंड में भारतीय वैदिक वांग्मय पर और साथ ही तुलसी साहित्य पर पूज्य गुरुदेव का जितना अधिकार है, उतना किसी को नहीं है। पांच साल में जब बच्चे ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार रटते हैं, उस उम्र में महाराजश्री को गीता कंठस्थ हो गए थे। आज महाराजश्री ने एक भेद खोलले हुए कहा कि अशोक वाटिका में माया की सीताजी थीं। और वहां उन्होनें हनुमानजी को जो आशीर्वाद दिया वो सीताजी का माना नहीं जाएगा। वो प्रतिबिंब का आशीर्वाद था। तो महाराजश्री ने कहा कि प्रतिबिंब किसका अनुकरण करता है बिंब का। तो वह प्रतिबिंब भी मूल सीता ही का अनुसरण कर रही थी, अतः आशीर्वाद सीताजी का ही था। महाराजश्री आध्यात्म परंपरा को सहेजने का काम कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति तभी बचेगी जब संस्कृत बचेगी। शासन व्यवस्था को भी संस्कृत की रक्षा करने का दायित्व लेना पड़ेगा।

### राष्ट्र को देवता मानिए...

महाराजश्री ने कहा कि हमारे यहां पितृ देवताभ्याम नमः मातृ देवताभ्याम नमः आचार्य देवताभ्याम नमः कहते हहैं। अब राष्ट्र देवताभ्याम नमः कहने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिसने भी भारत में जन्म लिया है, उसकी भाषा संस्कृत भाषा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संस्कृति का उदय अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा से नहीं आ सकती। तुलसी पीठ का ये संकल्प है कि हम ऐसा गुरुकुल बनाएं, जो भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति का प्रचार करे। इसलिए इस गुरुकुलम को हम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी को इसका उद्घाटन होकर ही रहूंगा। उन्होंने सभी संस्कारधानी वासियों से अनुरोध किया कि एक माला यहां से पूरी हो, जिसमें हम इस गुरुकुलम को बहुत सुंदर प्रकार से चला सकें। इस गुरुकुलम में हम ऑनलाइन भी पढ़ाएंगे और तीन सौ विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे, रुकाएंगे खिलाएंगे। इसमें केवल बालक नहीं, बल्कि वृद्ध और बालिकाएं भी पढ़ेंगी।

### नाम-रूप व्युत्पत्ति की भ्रांति दूर करती है कथा..

महाराजश्री द्वारा गिरधावली प्रस्तुत करने के बाद साकेतधाम के अधिष्ठाता स्वामी गिरीषानंद जी ने कहा कि श्रीराम शब्द की व्युत्पत्ति, कथा की व्युत्पत्ति सहित जिन विषयों पर लोगों में भ्रांतियां होती हैं, उन्हें महाराजश्री सहज ही समाधान कर देते हैं। गिरीषानंद जी ने कहा कि आज कल कथा का रूप बिगड़ गया है, यदि सचमुझ रामकथा सुननी है तो महाराजश्री से सुनिए। तुलसीदास जी ने जो गूढ़ रहस्य मानस में समेटे हैं, वे महाराजश्री जैसे प्रवक्ता ही उद्घाटित करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई मक्खन दुह के दे दे तो दही जमाने का उपक्रम कौन करेगा। ऐसे ही तुलसी दास जी ने सबका रस और मक्खन रामचरित मानस के रूप में दे दिया है। मानस को पढ़ लेने, सुन लेने से सारे वेद शास्त्रों का सार सहज ही समझ में आ जाता है।

### जहां गुरु विराजमान वहां तीर्थ ...

राम अवेयरनेस मूवमेंट के डॉ अखिलेश गुमाश्ता ने महारजाश्री का सवागत करते हुए कहा कि जहां हमारे गुरुदेव विराजमान हो जाते हैं, वो स्थान तीर्थ हो जाता है। कर्मक्षेत्र में भी जो तुलसी पीठ कर रही है, वो अनुकरणीय है। चित्रकूट में जो गुरुकुलम स्थापित हो रहा है, वो संसार का अनुकरणीय और अकथनीय उदाहरण है। जब से हम पैदा हुए हैं तब से राष्ट्र ऋण, पितृ ऋण, ऋषि ऋण हम पर सदा रहता है। श्री गुमाश्ता ने कहा कि हम सभी को उक्त तीनों ऋणों से उबारने का अवसर महाराजश्री ने दिया है। हमारा कर्तव्य है कि हम इन ऋणों से मुक्त हों। उन्होंने 11 लाख रु. की राशि गुरुकुलम के लिए समर्पित की।

### इन्होंने किया पादुका पूजन..

कथा के पूर्व रामानंदा पीठ की चरण पादुकाओं का पूजन-अर्चन सांसद आशीष दुबे, उद्योगपती कैलाश गुप्ता, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, शरद भाई पालन , डॉ अखिलेश गुमास्ता, उज्ज्वल शुक्ला, भूपेन्द्र पाराशर, संतोष ओसवाल ने समर्चन कर किया। पूजन का मंगल विधान तुलसीपीठ के आचार्य युवराज रामचंद्रदासजी ने सुखाचार्य द्वाराचार्य राघवदेवाचार्य जी की उपस्थिति में संपन्न कराया। पादुकापूजन करने के उपरांत सभी ने व्यास पीठ का पूजन कर महाराजश्री का स्वागत वंदन-अर्चन किया। जस्टिस एच पी सिंह , अशोक मनोध्या, राजीव शर्मा , प्रदीप चौकसे , पंडित रमेश दुबे , मनीष खरे, मुन्ना पाण्डेय , अशोक पांडे ने भी महाराजश्री का माल्यार्पण कर वंदन किया।



## कैट की संभागीय बैठक में व्यापार महोत्सव पर हुई चर्चा

**जबलपुर।** CAIT (Confederation of All India Traders) जबलपुर इकाई द्वारा संभागीय बैठक का आयोजन राइट टाउन स्थित सत्य अशोका होटल में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर से पधारे संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता (प्रिंस) उपस्थित रहे। बैठक में आगामी दिल्ली में आयोजित होने वाले व्यापार महोत्सव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन की कार्यकारिणी के गठन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, जितेंद्र पचोरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सेठी, संभागीय अध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश संरक्षक रोहित खटवानी, प्रदेश मंत्री राजीव बड़ेरिया, जिला अध्यक्ष जबलपुर सहित मनोज जसाठी, संजय चड्ढा, सीमा सिंह चौहान, मनु तिवारी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, तरुण अग्रवाल एवं पुनीत हांडा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

## ईद मिलन समारोह में सौहार्द और भाईचारे का संदेश



**जबलपुर।** रद्दी चौकी स्थित गाज़ी बाग में जमाअते इस्लामी हिंद जबलपुर द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हमीद बैग (प्रदेश अध्यक्ष), विधायक लखन घनघोरिया, महापौर जगत बहादुर सिंह, निगम अध्यक्ष रिन्कू विज और कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में भीमा राव खातकर, डॉ. कमल राय, हीरालाल सोनी 'बब्बू', नवनीत नागपाल, पास्टर बैंजामिन लाल, गुरमीत सिंह, मतीन अंसारी और सरदार हामिद हसन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर अध्यक्ष गुलाम रसूल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा, संवाद और सौहार्द ही समाज और देश को विकास की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बढ़ती दूरियों को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अतिथियों ने भी अपने विचार रखते हुए प्रेम, एकता और आपसी सम्मान का संदेश दिया। डॉ. गुरमीत सिंह ने कहा कि ईद मिलन का उद्देश्य ही आपसी मेलजोल बढ़ाना है, जबकि पास्टर बैंजामिन लाल ने समाज में आत्मीयता और प्रेम की आवश्यकता बताई। एडवोकेट ओपी यादव और अन्य वक्ताओं ने भी ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. हमीद बैग ने देश की विविधता को उसकी शक्ति बताते हुए सभी से नैतिकता, समानता और भाईचारे के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उबैदुल्ला आमिर, मोहम्मद मेंहदी, शकील अहमद, मसूद हसन, जान मोहम्मद, वकार अहमद, मुनीर, एहतेशाम, लियाकत, जावेद, अलताफ, इफ्तेखार, अकरम अली, नवाब, जाहिद, उमैर, औसाफ, सूफियान, शाह फैसल, एसके फ़ैज़, अनवार हुसैन, इरफान, अबरार, दिलशाद, फारूख, शफीक, मोहम्मद वसीम, पनन्नू हाजी, शाकिर, डॉ. फरहान आदिल, हमज़ा सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



## गोहलपुर संघर्ष समिति ने नई शराब दुकान की तालाबंदी कर किया विरोध

**जबलपुर।** एडवोकेट परवेज अख्तर और गोहलपुर संघर्ष समिति के नेतृत्व में अंग्रेजी शराब की दुकान का घेराव कर तालाबंदी की गई। बताया गया अंजुमन महिला कॉलेज के बाजू में अंग्रेजी-देसी शराब की दुकान खोल दी गई, जबकि यह घनी आबादी का क्षेत्र है यहां पर महिला गर्ल्स कॉलेज और अंजुमन स्कूल, रिहान स्कूल, ईदगाह और काली माता मंदिर हैं। ओवर ब्रिज चालू होने के बाद संकरी पुलिया के कारण यहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे कि छात्र-छात्राओं, व्यापारियों और आमजन को जाम से जूझना पड़ता है। इस सब बातों को लेकर गोहलपुर संघर्ष समिति और अधिवक्ताओं ने अंग्रेजी शराब दुकान का घेराव कर तालाबंदी की, इस अवसर पर शाहिद अंसारी, शहबाज अंसारी, महबूब अली, गोलू स्वेपिल, नितिन, मनोज, रहमान, सोहेल, गुफरान, कुर्बान, अबरार रिजवान, एहसान सहित सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल रहे।

## टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय एवं एनसीटीई की अधिसूचना के आधार पर नॉन-टीईटी शिक्षकों को परीक्षा से छूट देने की बात कही। ज्ञापन में बताया गया कि 10 अगस्त 2010 की एनसीटीई अधिसूचना के अनुसार 3 सितम्बर 2001 से पहले एवं बाद में नियुक्त शिक्षकों तथा वर्ष 2011 से 2014 के बीच नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट का प्रावधान है। इसके बावजूद विभागीय आदेशों के माध्यम से सभी सेवारत शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो नियमों और न्यायालय के निर्णय के विपरीत है। मोर्चा ने 2 मार्च 2026 एवं 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को निरस्त करने और प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की, ताकि उन्हें मानसिक तनाव से राहत मिल सके। इस दौरान उमाशंकर पटेल, नरेन्द्र त्रिपाठी, दीपक पटेल, शिवकुमार चौबे, महेन्द्र अहवासी, संध्या अवस्थी, भूमिका पटेल, निशा पाठक, रश्मि विश्वकर्मा, संतोष झारिया, मनीषा सोनी, भरत पटेल, जगत पटेल, राकेश उपाध्याय, अजय रजक, देवेन्द्र सिंह राजपूत, गोविंद बिसेन, वीरेन्द्र पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## डॉ. अरुण मिश्रा राष्ट्रीय पत्रकार संघ जनपद के वरिष्ठ प्रभारी नियुक्त



जबलपुर। डॉ. अरुण मिश्रा, स्व. एनपी मिश्रा निवासी 54/1 शिवनगर कॉलोनी वीर सावरकर वार्ड गढ़ा जबलपुर को मप्र राष्ट्रीय पत्रकार संघ में वरिष्ठ प्रभारी, मध्य प्रदेश के जनपद पद पर नियुक्त किया गया। अतः अपेक्षा की जाती है कि आप राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत को मजबूत बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करेंगे। उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ समस्त साथीगणों ने बधाई दी।

## व्यंजन उत्सव 14 अप्रैल को

**जबलपुर।** नवीन कार्यकारिणी गठन के अवसर पर, व्यंजन उत्सव का आयोजन 14 अप्रैल को सांय 5 बजे साहित्य परिसर में रखा गया है जिसमें शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश, सजल जबलपुर, कचनार महिला परिषद एवं लोकधारा संस्था के नवीन पदाधिकारियों का परिचय एवं वर्ष 26-27 में होने वाले आयोजनों के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार की जावेगी।

## ऊर्जा मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

**जबलपुर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए पाँचों बिजली कंपनियों को स्वीकृत पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले माह तक भर्ती का विज्ञापन हर हाल में जारी किया जाए तथा 132 केवी के सभी स्वीकृत सबस्टेशनों का कार्य जल्द पूरा किया जाए।समीक्षा बैठक में मंत्री ने बिजली ट्रिपिंग की समस्या पर नाराजगी जताते हुए स्थायी समाधान खोजने के निर्देश दिए। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक फीडर पर सभी सुधारात्मक उपाय लागू कर ट्रिपिंग मुक्त व्यवस्था विकसित करने और बाद में इसे अन्य फीडरों में लागू करने को कहा। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिजली बिल समय पर न भरने वाले उपभोक्ताओं पर प्रारंभिक स्तर पर ही कार्रवाई की जाए। साथ ही गलत एवं फाल्स बिलिंग की जांच कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने और आवश्यक होने पर अधिकारों के विकेंद्रीकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन करने वाले सीई और एसई के खिलाफ कार्रवाई, ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग कम करने की कार्ययोजना, सोलर रूफटॉप में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा खराब कार्य करने वाले वेंडरों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। मंत्री ने इस वित्तीय वर्ष को "वसूली और उपभोक्ता संतुष्टि वर्ष" के रूप में मनाने, बड़े बकायेदारों से प्राथमिकता से वसूली करने तथा बेहतर कार्य करने वाले अभियंताओं को सम्मानित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने सिंहस्थ से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से समय-सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विद्युत कंपनियों के प्रबंध निदेशक उपस्थित रहे।



## श्री राम कॉलेज में 2 दिवसीय टेकफेस्ट का शुभारंभ

**जबलपुर।** श्री राम कॉलेज में 2 दिवसीय टेकफेस्ट का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि प्रह्लाद पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में लगभग 65 प्रकार के तकनीकी खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। टेकफेस्ट के पहले दिन की शाम देश के प्रसिद्ध "सवाली बैंड" की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विधायक अभिलाषा पांडे भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कॉलेज के रामेंद्र कारसोलिया, सोनम कारसोलिया, राजुल कारसोलिया सहित समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। दूसरे दिन भी विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड गायिका Nikhita Gandhi एवं डीजे Afterall अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## नगर निगम की मानवीय पहल से भिक्षकों को मिल रहा आश्रय और रोजगार का संबल

**जबलपुर।** शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त करने और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नगर निगम एक संवेदनशील अभियान चला रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि स्माइल प्रोजेक्ट एवं मध्यप्रदेश शासन की मंशा के तहत नगर निगम टीम द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर विशेष रेस्क्यू और काउंसलिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि भिक्षावृत्ति को बढ़ावा न दें, बल्कि इन्हें शिक्षा और रोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त अंकिता जैन और निगम के विधि अधिकारी राजीव अनभोरे ने बताया कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 360 एवं 361 के तहत किसी सार्वजनिक स्थल पर भिक्षा मांगना या देने के लिए प्रेरित करना अपराध है, जिसमें कारावास और अर्थदंड का प्रावधान है। आज अभियान के तहत 14 भिक्षकों का पुनर्वास किया गया। इसमें से 8 भिक्षकों को नगर निगम संचालित आश्रय स्थलों में शिफ्ट किया गया, जहाँ उनके रहने और भोजन की व्यवस्था की गई। शेष 6 व्यक्तियों को काउंसलिंग और पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर सुरक्षित रूप से उनके गृह ग्राम भेजा गया। उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य केवल भिक्षकों को हटाना नहीं है, बल्कि उन्हें स्थायी रूप से पुनर्वासित कर, काउंसलिंग और कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है।



## परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर।** ब्राह्मण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज द्वारा इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 18 अप्रेल को शाम 04 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मालवीय चौक से सतना बिल्डिंग, लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा बाजार होते हुए कोतवाली थाना के सामने संपन्न होगी, जिसमें 20 झांकियां, 251 प्रतीकात्मक फरसों के साथ वेद पाठी ब्राह्मण, डांडिया करती बच्चियां, कलशधारी महिलाएं शामिल रहेंगे। शोभायात्रा में उपस्थिति की अपील ब्राह्मण एकता मंच से लखन घनघोरिया, आशीष दुबे, जगत बहादुर सिंह अन्नू, रिंकू विज, पं. राम दुबे, श्याम दुबे, पं. योगेन्द्र दुबे, सुधीर नायक, आशीष मिश्रा, अयोध्या तिवारी ने की है।

(CHANGE OF NAME)

I, Army No. 6949806L, Rank: NK, Trade- SHT, Name: SYAM RAJ, Residing at: HOUSE NAME- SYAM NIVAS, Vill-ERATHU, Po.-MANAKALA, TEH.- ADOOR, Dist.-PATHANAMTHITTA, State- KERALA, PINCODE- 691551 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows.My son name is **SIDHARTH SYAM** and his Date of Birth is **16th May, 2018**. Name of son is erroneously endorsed in my service record as **D S SIDHARTH RAJ**. My son Name in respect of required to be correct in my service record as **SIDHARTH SYAM**. I am swearing this affidavit for correction of Name of my son in my service records as **SIDHARTH SYAM** for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. I am enclosing attested copy of **Aadhar Card No. 3893 7297 5314** in respect of my son **SIDHARTH SYAM** as proof of correct Name. I further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Nothing has been cealed of kept back there from.

(CHANGE OF NAME & DOB)

I, Army No. 6949806L, Rank: NK, Trade - SHT, Name: SYAM RAJ, Residing at: HOUSE NAME- SYAM NIVAS, VillERATHU, Po.- MANAKALA, TEH.- ADOOR, Dist.-PATHANAMTHITTA, State- KERALA, PINCODE- 691551 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows, My father name is **RAJAN R** and his **Date of Birth is 15th June, 1962**. Name & Date of Birth of father is erroneously endorsed in my service record as **RAJAN & 19th April 1952**. My father Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as **RAJAN R** and his Date of Birth is **15th June, 1962**. I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my father in my service records as **RAJAN R & 15th June, 1962** for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. I am enclosing attested copy of **Aadhar Card No. 9590 4975 5104** in respect of my father **RAJAN R** as proof of correct Name & Date of Birth. I further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Nothing has been cealed of kept back there from. DD 391374


(CHANGE OF NAME & DOB)

I, Army No. 6949806L, Rank: NK, Trade - SHT, Name: SYAM RAJ, Residing at: HOUSE NAME-SYAM NIVAS, VillERATHU, Po.-MANAKALA, TEH.-ADOOR, Dist.PATHANAMTHITTA, State- KERALA, PINCODE- 691551 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows. My mother name is **SHYAMALA P** and her Date of Birth is **15th May, 1966**. Name & Date of Birth of mother is erroneously endorsed in my service record as **SYAMALA & 04th August 1964**. My mother Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as **SHYAMALA P** and her Date of Birth is **15th May, 1966**. I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my mother in my service records as **SHYAMALA P & 15th May, 1966** for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. I am enclosing attested copy of **Aadhar Card No. 8095 9763 1133** in respect of my mother **SHYAMALA P** as proof of correct Name & Date of Birth. I further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Nothing has been cealed of kept back there from.

# सोनालीका ने अपने ऐतिहासिक 30वें वर्ष में 1,80,504 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड वार्षिक बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष '26 में 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री दर्ज करके अपने 30वें वर्ष में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कंपनी के अनुशासन, किसानों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण और तकनीकी रूप से उन्नत, हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों की आपूर्ति पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। यह शानदार उपलब्धि किसानों के बढ़ते भरोसे और अलग-अलग क्षेत्रों में कंपनी की मज़बूत साझेदारी को भी दर्शाती है, जिससे किसानों की अलग-अलग जरूरतें पूरी हो सकें।**

आज जहां एक ओर विश्व चुनौतियों से जूझ रहा है, सोनालीका ने अपने विश्व के नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में बेहतर फ़ोकस, नवीन निर्माण, और उन्नत उत्पादन के दम पर जबरदस्त गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष '26 में सफल प्रोडक्ट लॉन्च के बाद, सोनालीका भविष्य की खेती में वृद्धि को और भी तेज़ करने के लिए आधुनिक समाधान प्रदान करने हेतु अपने रिसर्च और डेवलपमेंट क्षमताओं को मज़बूत करने में लगा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, "अपने 30वें वर्ष में, हमारा 'जीतने का दम' सचमुच साकार हुआ है, क्यूंकि हमने 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक कुल वार्षिक बिक्री की ख़ास उपलब्धि हासिल की है। इस यात्रा को जो पहलु और भी खास बनाता है वह न केवल यह संख्या है, बल्कि इसके पीछे काम करने वाले लोगों की निरंतर मेहनत है। 50,000 ट्रैक्टरों से 1 लाख फिर 1.5 लाख और अब 1.8 लाख तक – हम लगभग उन्हीं टीम और पार्टनर्स के साथ आगे बढ़े हैं और हमने न केवल विस्तार किया है, बल्कि साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।




हमारे द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक ट्रैक्टर किसानों को सशक्त बनाने की हमारे प्रयास और हमारे बेहतर बनने की लगातार कोशिश के अटूट संकल्प को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 में सफल प्रोडक्ट लॉन्च और अपनी किसान-प्रथम सोच के प्रति ईमानदार रहते हुए, हम कृषि समुदाय को और भी उन्नत समाधान प्रदान करने के लिए अपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षमताओं को मज़बूत कर रहे हैं। हम अपने डीलर पार्टनर्स, विभिन्न क्षेत्रों की टीमों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से, अपने किसानों के प्रति उनके भरोसे के लिए अत्यंत आभारी हैं जो हमारी हर गतिविधि को प्रेरित करते हैं। किसानों की समृद्धि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, हम सीमाएं बढ़ाते रहेंगे क्यूंकि यह तो बस शुरुआत है और 'अब रुकना नहीं'। अभी तो और भी बेहतर होना बाकी है।''

# जिसे डब्ल्यूएचओ ने 'असंभव' कहकर छोड़ा, पतंजलि ने उसे किया साकार



**हरिद्वार।** कभी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था ने जिस काम को 'असंभव' मानकर बीच रास्ते में छोड़ दिया था, उसी कार्य को भारत में एक संकल्प ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसे इतिहास में दर्ज कर दिया। यह कहानी है उस अद्भुत पुरुषार्थ की, जहां तप, शोध और दूरदर्शिता ने मिलकर 'विश्व भेषज संहिता' जैसा महाग्रंथ रच दिया और आज हालात यह है कि डिजिटल युग की दिग्गज कंपनी गूगल भी उसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पतंजलि के दरवाजे पर दस्तक दे रही है।

वर्ष 1999 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की। लक्ष्य था, दुनिया भर की वनस्पति आधारित चिकित्सा पद्धतियों, औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान को एकत्रित कर एक वैश्विक दस्तावेज तैयार करना। करीब 11 वर्षों की मेहनत के बाद 2010 में डब्ल्यूएचओ ने इस परियोजना को रोक दिया। कारण साफ था, यह कार्य अत्यधिक व्यापक, जटिल एवं लगभग असंभव सा प्रतीत हो रहा था। अंततः डब्ल्यूएचओ केवल तीन सीमित वॉल्यूम तक ही सिमट गया।

उसी समय, बिना किसी वैश्विक शोर-शराबे के पतंजलि योगपीठ ने 2003-04 से इसी दिशा में काम शुरू कर दिया था। संस्थान को यह भी ज्ञात नहीं था कि डब्ल्यूएचओ इस पर पहले से कार्य कर चुका है। लेकिन अंतर था, दृष्टिकोण, धैर्य और तपस्या का। जहां वैश्विक संस्थान रुक गया, वहीं से पतंजलि की यात्रा तेज होती चली गई।तपस्या से तैयार हुआ वैश्विक ज्ञानकोष- करीब दो दशकों की निरंतर शोध और संकलन के बाद 2022 में यह कार्य अपने पूर्ण स्वरूप में सामने आया। इस दौरान - 3.60 लाख पौधों में से 50 हजार औषधीय पौधों की पहचान, -2000+ जनजातियों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण, 964 हीलिंग प्रैक्टिसेस का संकलन, 9+ चिकित्सा पद्धतियों का समावेश -12 लाख से अधिक स्थानीय (वर्नाक्युलर) नामों का संग्रह, -2200 से अधिक स्त्रोतों पर आधारित शोध, इन सबको समेटकर तैयार हुआ लगभग 1.25 लाख पृष्ठों का 'विश्व भेषज संहिता'।

देहरादून के दून बुक फेस्टिवल में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण ने स्वयं इस महाग्रंथ के 109 खंडों के पूर्ण होने और पीछे किए गए पुरुषार्थ की कहानी बताई। यह केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि वैश्विक चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करने का ऐतिहासिक क्षण था। इसका दून पुस्तक मेले में खुलासा हुआ ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा के इस युग में, जब दुनिया डिजिटल ज्ञान पर निर्भर है, तब गूगल जैसी टेक दिग्गज कंपनी ने पतंजलि से एविडेंस-बेस्ड डेटा के लिए संपर्क साधा है। यानि गूगल एआई के प्रयोग के लिए पतंजलि का संग्रहित साक्ष्य आधारित डेटा मांग रहा है जिससे कि वह इस डेटा से एआई को और मजबूत कर सके। यह केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत का पारंपरिक ज्ञान अब वैश्विक टेक्नोलॉजी के केंद्र में पहुंच चुका है।

यह केवल एक ग्रंथ की कहानी नहीं है, यह उस सोच की कहानी है जो असंभव को चुनौती देती है। जहां वैश्विक संस्थाएं सीमाओं में बंध गईं, वहां भारतीय परंपरा, तपस्या और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने मिलकर एक ऐसा इतिहास रचा, जिसे अब दुनिया न केवल पढ़ रही है, बल्कि उससे सीख भी रही है। 'विश्व भेषज संहिता' इस बात का प्रमाण है कि जब संकल्प अडिग हो, तो अधूरी कहानियां भी इतिहास बन जाती हैं। पतंजलि इस तरह के ज्ञान पर बीते कुछ समय से बहुत काम कर रहा है। गूगल जैसी टेक संस्था का पतंजलि के डेटा पर भरोसा करना यह हम भारतीयों के लिए गौरव की बात है।

# तनिष्क ने 'ह्यूज़' जेमस्टोन कलेक्शन लॉन्च किया

## आधुनिक महिलाओं के लिए खास पेशकश

**जबलपुर।** Tanishq ने अक्षय तृतीया के अवसर पर अपना नया जेमस्टोन ज्वेलरी कलेक्शन 'ह्यूज़' लॉन्च किया है। Titan Company Limited के इस ब्रांड ने 100% प्राकृतिक रंगीन रत्नों जैसे पन्ना, एमेथिस्ट, सिट्रीन, टूमलाइन और टैन्ज़ानाइट से तैयार आभूषण पेश किए हैं, जो आधुनिक भारतीय महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए हैं। इस कलेक्शन का चेहरा अभिनेत्री Tripti Dimri हैं, जिन्होंने कैम्पेन में रंगों के माध्यम से व्यक्तित्व अभिव्यक्ति को दर्शाया है। कंपनी की सीएमओ पेल्की त्शेरिंग और हेड ऑफ डिज़ाइन गरिमा माहेश्वरी ने इसे पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइन का संगम बताया। 'ह्यूज़' कलेक्शन की शुरुआती कीमत 30,000 है और अक्षय तृतीया पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट व एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध हैं।




# वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत में एलपीजी आपूर्ति बरकरार

**जबलपुर।** Petroleum and Natural Gas Ministry ने वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद देश में एलपीजी की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की है। सरकार के अनुसार 1 मार्च 2026 से अब तक 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं और प्रतिदिन 60 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। भारत अपनी लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी जरूरत आयात से पूरी करता है, इसके बावजूद आपूर्ति में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने और विभिन्न स्त्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करने जैसे कदम उठाए हैं। वितरण का औसत समय लगभग तीन दिन बना हुआ है। कुछ क्षेत्रों में डिलीवरी में देरी की समस्या सामने आई है, जिसे स्थानीय और अस्थायी बताया गया है। इन समस्याओं के समाधान के लिए वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। सरकार ने Pradhan Mantri Ujjwala Yojana के लाभार्थियों सहित उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए भी कदम उठाए हैं, जिससे वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर सीमित रहे।


# युद्धविराम के बाद सोना और चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी

- चांदी 11,000 रुपए उछलकर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो
- सोना 3,200 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत होने के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,000 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत मंगलवार के बंद स्तर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,000 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये यानी 2.09 प्रतिशत बढ़कर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) हो गया।पिछले बाजार सत्र में यह 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सर्राफा कीमतें मजबूत हुईं, जिससे वैश्विक वित्तीय बाजार में बड़ी राहत वाली तेजी शुरू हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोने में मजबूत बढ़त बनी रही और बुधवार को यह तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि वैश्विक जोखिम लेने की धारणा में सुधार के साथ डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी। यह अच्छा क्षण, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खुद से तय की गई समयसीमा से ठीक पहले हुए एक समझौते के बाद आया, जिन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की शर्त पर सैन्य कार्रवाई पर रोक की पुष्टि की। ईरान ने यह भी संकेत दिया कि युद्धविराम के दौरान जलडमरूमध्य से सुरक्षित रास्ता मुमकिन होगा।

### विदेशी बाजार में चांदी 6 फीसदी उछली

विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 97.48 डॉलर यानी 2.07 प्रतिशत बढ़कर 4,803.33 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी छह प्रतिशत बढ़कर 77.33 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''ईरान युद्ध में युद्धविराम की घोषणा के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने में तेजी आई।''

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : www.mpstdc.com
क्रमांक 141 /यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 08.04.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र/सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1 | 133/2026_STDC_498450_1/एस.आई.एच.एम. जबलपुर में सौलर पी.व्ही. सिस्टम प्रदाय एवं स्थापित करने का कार्य (कार्य पूर्णता का समय 03 माह)। | 29.90 |
| 2 | 134/2026_STDC_498451_1/एस.आई.एच.एम. जबलपुर में 125 के.व्ही.ए. डी.जी. सेट प्रदाय एवं स्थापित करने का कार्य (कार्य पूर्णता का समय 02 माह)। | 19.34 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 22.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125260/2026 कार्यपालन यंत्री

**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**www.mptenders.gov.in के माध्यम से**

**द्वितीय ई-निविदा वर्ष 2026-27**

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधन -2022) के तहत खण्ड-1 सब्जी/फल, खण्ड-2 दवाईयाँ एवं चिकित्सीय लैब सामग्री की वार्षिक निविदाऐं ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 21.04.2026 को अपरान्ह 05.30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 08.04.2026 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 2 | प्रिबिड मीटिंग | 16.04.2026 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत राशि रू. 1000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें - 800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमा किया जावेगा। | 17.04.2026 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 21.04.2026 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| 5 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) | 23.04.2026 को प्रातः 11.30 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 6 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 24.04.2026 को प्रातः 12.30 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।
(अजमेर सिंह ठाकुर)
जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)
G-11233/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**GURU RAMDAS KHALSA INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (APPROVED BY AICTE NEW DELHI AFFILIATED TO RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA BHOPAL) KUKRI KHEDA, BARELA, JABALPUR MADHYA PRADESH 483001 PHONE NO: 8226006223**

**Notification for faculty recruitment**

Guru Ramdas Khalsa institute of science and technology invites applications for the post of professors, associate professors, assistant professors and lecturers for Diploma, Engineering in the following discipline:
Artificial Intelligence And Data Science(AI&DS), Civil Engineering, Mechanical Engineering, Agriculture Engineering, Computer Science & Engineering, Electrical & Electronics Engineering,Electronics & Communication Engineering, Biotechnology, Automobile Engineering, Dairy Engineering, Fire Technology And Safety, Refrigeration And Air Conditioning And Master Of Engineering (Thermal System & Design).

Qualification and salary as per UGC/AICTE norms
Candidate can submit their resume along with copies of certificate to
directorgrkist@gmail.com

## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


## शब्द पहेली - 6190



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6189 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6200

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में डॉक्टर देव का किरदार इकबाल खान निभा रहे हैं। सीरियल में वे काफी फिट दिखते हैं। यहां शेयर कर रहे हैं अपना फिटनेस फंडा अपनी ही जुबानी।

# कितना भी बिजी क्यों न रहूं वर्कआउट जरूर करता हूं

**फिटनेस फंडा**

**इकबाल खान**



एक्टर इकबाल खान अपनी एक्टिंग के साथ फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। जिस तरह सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में अपने रोल को परफेक्ट बनाने के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ते, उसी तरह अपनी फिटनेस को भी मेंटेन करने के लिए सभी एफर्ट करते हैं। यहां जानिए उनका फिटनेस फंडा।

**डाइट प्लान:** मेरा बेसिकली कोई तय डाइट प्लान नहीं होता है। मुझे जिस किस्म की आवश्यकता होती है, मैं वैसे डाइट प्लान कर लेता हूं। मैं अपने आप को किसी चीज या काम से महरूम नहीं करता। थोड़ा-थोड़ा सब कर लेता हूं। उसी तरह थोड़ा-थोड़ा खा लेता हूं सब कुछ। जैसी आवश्यकता होती है, वैसी ही डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं स्कूल के दिनों से ही वर्कआउट करता आ रहा हूं। मैं सिर्फ इसलिए डेली वर्कआउट नहीं करता कि मैं एक एक्टर हूं, ये आदत तो बचपन से ही मेरे अंदर बसी हुई है। मैं बेसिकली वेट ट्रेनिंग करता हूं और हफ्ते में पांच से छह दिन जिम जाता हूं। हालांकि रमजान के दौरान मैं वर्कआउट नहीं करता। बाकी दिनों में ज्यादातर फोकस वेट्स पर ही रहता है। जहां तक कार्डियो एक्सरसाइज की बात है तो सच कहूं तो मुझे उसे करने में बिल्कुल मजा नहीं आता है। मुझे पता है कि कार्डियो बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है, लेकिन वो मुझसे हो नहीं पाता है।

**जरूर निकालता हूं टाइम:** एक्टिंग की वजह से या पर्सनल वर्क से चाहे मैं कितना भी बिजी रहूं, लेकिन वर्कआउट के लिए वक्त तो निकालना ही पड़ता है। मुझे सुबह उठना ज्यादा ठीक लगता है, इसलिए मैं सुबह-सुबह ही अपना वर्कआउट खत्म कर लेता हूं। इससे पूरा दिन भी अच्छा गुजरता है, मैं फ्रेश और एनर्जेटिक फील करता हूं। इसलिए काम पर निकलने से पहले ही मैं अपना वर्कआउट कंप्लीट कर लेता हूं।

**रीडर्स को मैसेज:** हरिभूमि के रीडर्स और अपने फैंस को मैं यही फिटनेस फंडा देना चाहूंगा कि जो लोग अपनी ट्वेंटीज में हैं, वो अच्छा खाना खाएं और थोड़ा-थोड़ा सब कुछ खाएं। कभी-कभी थोड़ा ज्यादा भी हो जाए तो चलेगा। जो लोग थर्टीज में हैं, उन्हें मीठा थोड़ा कम खाना चाहिए और तला हुआ भी कम करना चाहिए। बाकी अच्छा और बैलेंस्ड खाना खाते रहें। और जो 40 के ऊपर हैं, उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि मीठा बहुत कम खाएं, और अगर खाना ही है तो नेचुरल सोर्स से लें। तला हुआ खाना बिल्कुल अवॉइड करें और हफ्ते में कम से कम तीन बार वर्कआउट जरूर करें। ये बहुत जरूरी है, इससे आपका हार्ट, मसल्स और जॉइंट्स सब अच्छे रहते हैं। ये भी जरूरी नहीं है कि बहुत भारी वेट्स ही उठाएं। नॉर्मल वेट्स में, जहां आपका मसल्स सही से काम करें, वही काफी है। सबसे जरूरी है कि आप नियमित रूप से वर्कआउट करें। और खाने के मामले में सबसे जरूरी बात यह है कि सीमित मात्रा में खाना चाहिए, ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि जैसे पता नहीं कल खाना मिलेगा या नहीं, इसलिए आज ही अधिक से अधिक खा लो।

**मेंटल हेल्थ ऐसे रहती है सही:** जब हम छोटे थे, तब मानसिक स्वास्थ्य जैसी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन अब इसके प्रति काफी जागरुकता बढ़ गई है। मेरे शो 'हुई गुम यादें' में मेरा किरदार डॉ. देव भी इसी पहलू को दर्शाता है, जहां उसकी जिंदगी के उतार-चढ़ाव उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और वह इन भावनाओं से जूझते हुए खुद को संभालने की कोशिश करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक ही बात जो मेरे दिमाग में आती है कि वो ऊपर वाला है, जिसने पूरी कायनात बनाई है, जो चला रहा है उसके संपर्क में हमेशा रहिए। उसके संपर्क में रहने से जादुई असर होता है। जब हम ऊपर वाले को अपने साथ महसूस करते हैं तो कभी मन निराश, हताश नहीं होता। जिंदगी बहुत अच्छी गुजरती है। चूंकि हम सब वहीं से आए हैं और वहीं जाएंगे तो उसके टच में रहना सबसे अच्छा है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

**स्पेशलः वर्ल्ड पार्किंसंस-डे, 11 अप्रैल**

पूरी दुनिया में लगभग एक करोड़ से अधिक लोग पार्किंसंस डिजीज से ग्रस्त हैं। यह ओल्ड एज में होने वाला एक सीरियस न्यूरोलॉजिकल रोग है। इसमें पेशेंट का मूवमेंट और बॉडी फंक्शनिंग प्रभावित होती है। लेकिन सही ट्रीटमेंट और सपोर्टिव डाइट हैबिट, लाइफस्टाइल से इसे मैनेज किया जा सकता है। इस बारे में जानिए।

# बुजुर्गों को होने वाला सीरियस न्यूरोलॉजिकल डिजीज है पार्किंसंस

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. सुषमा शर्मा**
प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी
मैरेंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

पार्किंसंस रोग एक न्यूरोलॉजिकल (नर्वस सिस्टम) डिजीज है। यह मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं।

## क्या है पार्किंसंस रोग

इस रोग का कारण मस्तिष्क के एक खास हिस्से (सबस्टेंटिया निग्रा) में डोपामिन उत्पादक न्यूरॉन्स या सेल्स का धीरे-धीरे कमजोर या नष्ट हो जाना है। जो मुख्य रूप से डोपामिन नामक केमिकल का उत्पादन और स्राव करते हैं। जिसकी वजह से शरीर में डोपामिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर की कमी हो जाती है।

डोपामिन एक प्रकार का केमिकल है, जो दिमाग से पूरे शरीर और शरीर से दिमाग तक सिग्नल लेकर जाता है। शरीर के अन्य अंगों को कंट्रोल में रखता है और शरीर की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। डोपामिन केमिकल का स्तर कम होने पर दिमाग के सिग्नल शरीर के विभिन्न हिस्सों तक नहीं पहुंच पाते और व्यक्ति पार्किंसन डिजीज की चपेट में आ जाता है।

पार्किंसंस, डिजनरेटिड प्रोग्रेसिव डिसऑर्डर के साथ कंट्रोल की जा सकने वाली बीमारी है। एक बार पार्किंसंस रोग होने पर समस्या लंबे समय तक परेशान कर सकती है या जिंदगी भर चलती है। शरीर के विभिन्न अंगों पर नियंत्रण कम होने लगता है। धीरे-धीरे उसकी गति, पॉश्चर और भाषा प्रभावित होने लगती है। जिससे मरीज को रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होने लगती है। ध्यान न दिए जाने पर पार्किंसंस, गंभीर रूप ले सकता है। लेकिन अगर इसका समुचित उपचार, स्वस्थ जीवनशैली और सही देखभाल शुरुआती अवस्था पर शुरू हो जाए, तो मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है।



## क्या कहते हैं आंकड़े

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में पिछले 25 वर्ष में पार्किंसंस के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज द्वारा की गई स्टडी के हिसाब से 2019 तक तकरीबन 8.5 मिलियन से अधिक लोग पार्किंसंस रोग से प्रभावित थे। वर्तमान में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर तकरीबन 10 मिलियन (1 करोड़) से अधिक मरीज के होने तक पहुंच गया है। भारत में भी लगभग 5.76 लाख लोग पार्किंसंस बीमारी के साथ जी रहे हैं। 2050 तक पार्किंसंस के मरीजों की संख्या 25 मिलियन (2.5 करोड़) से अधिक होने की आशंका है।



## बुजुर्ग होते हैं अधिक प्रभावित

पार्किंसंस डिजीज आमतौर पर 55-65 साल की उम्र के बीच शुरू होती है। लेकिन 10-15 प्रतिशत मामलों में यह 50 साल से पहले भी हो सकता है, जिसे यंग ऑनसेट पार्किंसंस डिजीज कहा जाता है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में यह बीमारी महिलाओं की तुलना में 1.5 गुना अधिक देखी जाती है। फैमिली हिस्ट्री के कारण 40 साल से कम उम्र के लोगों में भी पार्किंसंस डिजीज बढ़ने की आशंका रहती है। आनुवांशिक या जीन म्यूटेशंस के कारण कई बच्चों में भी देखी जाती है, जिसे जुबेनाइल पार्किंसंस डिजीज कहते हैं। सिर में चोट लगने, दिमाग में सूजन, ब्रेन हैमरेज, ब्लड क्लॉटिंग, ब्रेन ट्यूमर से नर्वस सिस्टम में हुई क्षति से भी एक्वायर पार्किंसन होने की संभावना रहती है। कई बार कुछ दवाइयों के साइड-इफेक्ट की वजह से भी मरीज में किसी भी उम्र में आ सकती है। विषाक्त पदार्थों, कीटनाशकों और रसायनों के संपर्क में आना पार्किंसंस के जोखिम को बढ़ाता है।

**रोग के प्रमुख लक्षणः** शुरुआती अवस्था में मरीज के हाथों में झनझनाहट होना, हाथ-पैरों में अनियंत्रित कंपकपी होना खासकर आराम करते हुए भी एक हाथ में कंपन होना, विभिन्न अंगों की मांसपेशियों में अकड़न आना और दर्द महसूस होना जिससे चलने-फिरने में दिक्कत आना, बैलेंस न बना पाने और गिरने का डर रहना, आवाज धीमी हो जाना, सुनने की शक्ति कम होना, कमर आगे की तरफ झुकना, स्लोनेस आना यानी काम करने और चाल में धीमापन आना, बच्चे जैसे छोटे कदम लेकर चलना। समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है- मरीज के बोलने, लिखने की क्षमता में कमी आना, खाना खाने के लिए भी दूसरों पर निर्भर होना, मनोभ्रम रहना, तनाव, घबराहट रहने के कारण दिनचर्या के काम ठीक तरह न कर पाना। एंग्जाइटी या डिप्रेशन के भी शिकार हो सकते हैं।



## कैसे होता है डायग्नोज

व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखें, तो यथाशीघ्र न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। पार्किंसंस की पुष्टि के लिए क्लीनिकल डायग्नोज किया जाता है। मरीज की केस हिस्ट्री, लक्षण, जांच से पता लगाया जाता है कि मरीज पार्किंसंस की किस अवस्था में है? बीमारी से उसकी दिनचर्या और गतिविधियां कितनी प्रभावित हैं? एमआरआई, सिटी स्कैन भी कराया जाता है।

## उपचार के तरीके

मरीज की स्थिति के हिसाब से मेडिकल मैनेजमेंट यानी दवाइयों के जरिए बीमारी मैनेज की जाती है। कोशिश होती है कि मरीज स्वाबलंबी बने, अपने दैनिक कार्य करने योग्य हो और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हों। प्रारंभिक अवस्था में ब्रेन में डोपामाइन को बढ़ाने वाली और पार्किंसंस के लक्षणों को नियंत्रित करने वाली दवाइयां दी जाती हैं। मरीज की फिजियोथेरेपी भी कराई जाती है ताकि उसकी मांसपेशियों की ताकत, बैलेंस और कॉर्डिनेशन में सुधार हो। ऑक्यूपेशनल थेरेपी भी दी जाती है। 8-10 साल बाद दवाइयों का असर कम होने या पार्किंसंस की एडवांस स्टेज में न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। मरीज की स्थिति के आधार पर डीप ब्रेन स्टीमुलेशन नामक प्रक्रिया में मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जो पार्किंसंस के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## इन बातों का भी रखें ध्यान



**समुचित उपचार** के साथ पार्किंसंस के मरीज को स्थिति से उबरने के लिए परिवार और नजदीकी लोगों के पूरे सपोर्ट और देखभाल की जरूरत होती है। जरूरी है कि न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा दी गई मेडिसिन को समय पर देनी चाहिए। मरीज के लक्षणों पर नजर रखनी चाहिए और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना चाहिए। सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। एक्सरसाइज पार्किंसंस में सबसे बेस्ट डिजीज मॉडीफाइंग ट्रीटमेंट मानी जाती है। नियमित व्यायाम, शारीरिक गतिविधियों, डांस, योग और स्ट्रेचिंग से लचीलापन और बैलेंस कायम करने में मदद मिलती है।

मरीज को पोषक और संतुलित आहार देना चाहिए। यथासंभव वसायुक्त आहार कम, फाइबर से भरपूर आहार देना चाहिए। यह पाचन तंत्र को सही रखने और वजन नियंत्रित रखने में मददगार है। ताजे फल-सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा आहार में शामिल करना चाहिए। स्वस्थ वसा (जैसे- ओमेगा-3 फैटी एसिड) और प्रोटीन से भरपूर आहार जैसे मछली, अंडे, दालें और नट्स भी फायदेमंद होते हैं। रोगी के हाइड्रेशन का ध्यान रखना चाहिए। पाचन संबंधी समस्याओं से बचने के लिए रोजाना 6-8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन, योग और अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाना सहायक होता है।

---

यह तो हम सभी जानते हैं कि ड्राई फ्रूट्स हेल्थ के लिए यूजफुल होते हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इनको भोजन के ऑप्शन के तौर पर सेवन किया जाए। ड्राई फ्रूट्स का सेवन कब अधिक फायदेमंद होता है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# तभी होगा फायदेमंद ड्राई फ्रूट्स का सेवन

**डाइट सजेशन**

**राजकुमार 'दिनकर'**

एक समय ऐसा था जब व्रत, त्योहार में ही लोग ड्राई फ्रूट्स खाया करते थे और इनके पोषण के स्तर को देखते हुए इन्हें ताकत से भरपूर माना जाता था। इसीलिए हमारे पारंपरिक भोजन में बादाम, अखरोट, खजूर, छुहारे, काजू, किशमिश, पिस्ता, अंजीर का भरपूर इस्तेमाल होता था। आजकल ड्राई फ्रूट्स का भोजन में काफी इस्तेमाल होने लगा है।

## वेट लॉस में सहायक

आजकल ड्राई फ्रूट्स डाइट का इस्तेमाल शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए भी किया जाता है। फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरे ड्राई फ्रूट्स भूख को नियंत्रित तो करते ही हैं, हमारे मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाते हैं। वजन घटाने में इनका काफी इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए लोग बादाम, अखरोट और पिस्ते को फाइबर और प्रोटीन के लिए खाते हैं। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ये मेवे हमारे मेटाबॉलिज्म को तीव्र करते हैं। खजूर, किशमिश और अंजीर प्राकृतिक रूप से काफी मीठे होते हैं, उनको खाने के बाद मीठा खाने की इच्छा कम हो जाती है। ये विटामिन और मिनरल का स्रोत हैं जो हमारे शरीर की कमजोरी को दूर करके उसे मजबूत बनाते हैं।

## भोजन का विकल्प नहीं

जो लोग इसे खाने के तौर पर खाते हैं, तो उनके लिए यह सुझाव है कि इसको पूर्ण संतुलित आहार नहीं माना जा सकता। हालांकि ड्राई फ्रूट्स हमारी हृदय की सेहत के लिए अच्छे होने के साथ-साथ सुपाच्य भी होते हैं। इसके बावजूद इनमें उतने पोषक तत्व नहीं होते, जो हमारे भोजन में होते हैं। हां, इनका इस्तेमाल हम कंप्लीट मील के विकल्प के तौर पर कभी-कभी कर सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स का अगर ज्यादा मात्रा में सेवन किया जाए तो शरीर में ज्यादा फाइबर और शुगर के कारण अपच या पेट में गैस हो सकती है। क्योंकि इनमें मौजूद वसा, प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स इन्हें पोषण से भरपूर बनाते हैं, लेकिन इनका कम मात्रा में सेवन करना चाहिए, क्योंकि इनमें कैलोरीज ज्यादा होती है। किसी भी कंडीशन में ड्राई फ्रूट्स को दिन में खाए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं माना जा सकता। दरअसल, भोजन हमारे शरीर में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा की आपूर्ति करते हैं और हमारे मेटाबॉलिज्म को स्थिर रखते हैं। ड्राई फ्रूट्स खाने भर से हमारे शरीर में इन तत्वों की आपूर्ति नहीं हो सकती। विभिन्न अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि बादाम में मौजूद अनसैचुरेटेड फैटी एसिड और विटामिंस हमारे मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस घटाकर हमारी स्मरणशक्ति को बढ़ाते हैं। सीमित मात्रा में अगर ड्राई फ्रूट्स का सेवन किया जाए तो ये हमारे लिए फायदेमंद हैं। लेकिन चीनी से भरे ड्राई फ्रूट्स जैसे किशमिश और खजूर की मात्रा सीमित रखनी चाहिए। वैसे भी ये दोनों ड्राई फ्रूट्स नेचुरल शुगर का भंडार होते हैं। इनको खाने के बाद हमारे दांतों से ये चिपक जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया की वृद्धि होती है। इसलिए इनको लेने के बाद पानी, पीना चाहिए और दांतों को अच्छी तरह साफ रखना चाहिए।



## कितनी मात्रा है सही

हमें प्रतिदिन लगभग 20 से 30 ग्राम मिक्स ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना चाहिए। बच्चों को इससे कम मात्रा देनी चाहिए। वयस्कों के लिए पानी में भीगे 5 से 7 बादाम और 2 अखरोट के टुकड़े सुबह के समय लेने चाहिए, जो हमारे दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। महिलाओं को आयरन और कैल्शियम में लिए खजूर और अंजीर खाने चाहिए। स्टेमिना के लिए पुरुष पिस्ता और अखरोट ले सकते हैं। बादाम, अखरोट और अंजीर को अगर रात में पानी में भिगो दिया जाए तो ये सुपाच्य होते हैं और इनमें मौजूद पौष्टिकता भी बढ़ जाती है। ड्राई फ्रूट्स को सुबह खाली पेट या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए।



## कैसे और किस समय खाएं ड्राई फ्रूट्स

- ड्राई फ्रूट्स की मात्रा पर ध्यान देना सबसे जरूरी है। वयस्कों के लिए इनकी मात्रा 20 से 30 ग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।
- बादाम, अखरोट और अंजीर को सुपाच्य बनाने के लिए पूरी रात पानी में भिगोकर रखना चाहिए।
- इसे सुबह के समय या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए। ध्यान रखें ड्राई फ्रूट्स मुख्य भोजन की जगह पर ऑप्शन के तौर पर नहीं लेने चाहिए।
- सूखे मेवों को योगर्ट, फ्रूट, सलाद, दालों के साथ लेना चाहिए ताकि शरीर में फाइबर और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स का संतुलन बना रहे।
- तले, नमकीन या मीठे ड्राई फ्रूट्स लेने से बचें, क्योंकि इनमें शुगर और सोडियम का स्तर ज्यादा होता है।

**अगर अधिक मात्रा में करें सेवन**

- ड्राई फ्रूट्स में कैलोरी ज्यादा होती हैं। इससे वजन बढ़ता है और यदि इसकी मात्रा पर ध्यान न दिया जाए तो ब्लड शुगर भी बढ़ता है।
- इनके साथ प्रोटीन, कॉम्प्लैक्स कार्बोहाइड्रेट और पानी की जरूरत होती है, ताकि यह शरीर की मसल्स को रिपेयर कर सकें।
- इनकी ज्यादा मात्रा भोजन को असंतुलित बनाती है। इसलिए ड्राई फ्रूट्स के साथ मोटे अनाज, दालें और सब्जियां ही लेनी चाहिए, लेकिन सीमित मात्रा में।
- कई ड्राई फ्रूट्स में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 कम मात्रा में होता है। अगर इनकी ज्यादा मात्रा ली जाती है तो अपच और पेट में गैस जैसी समस्या हो सकती है।
- डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, किडनी संबंधी गंभीर बीमारियां और पाचन संबंधी रोगों से ग्रस्त व्यक्ति या जिन्हें ड्राई फ्रूट्स से एलर्जी हो, ऐसे लोगों को ड्राई फ्रूट्स नहीं खाने चाहिए। *



# दिव्या ने ड्रा को जीत में बदला, हासिल की बढ़त

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंट : वैशाली ने असौबायेवा के साथ खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| पाफोस



भारतीय शतरंज की युवा सनसनी दिव्या देशमुख ने शानदार वापसी करते हुए ड्रॉ की तरफ बढ़ रही बाजी को जीत में बदलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता देशमुख ने काले मोहरों से खेलते हुए यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया और 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। अब कुल चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से आगे चल रही हैं।

एक समय लग रहा था कि बाजी ड्रॉ पर समाप्त हो जाएगी लेकिन दिव्या देशमुख ने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम समय में अपनी प्रतिद्वंदी की एक अनचाही गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की। महिला वर्ग में भाग ले रही दूसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली ने कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा के साथ ड्रॉ खेला। वह आठ बाजियों के बाद 4.5 अंकों के साथ देशमुख, यूक्रेन की कटेरीना लागनो, चीन की झू जिनर और मुजिचुक के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। ओपन वर्ग में खेल रहे आर प्रज्ञाननंदा आठवें दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी से हार के बाद खिताब हासिल करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं।

# आयुष ने 51 मिनट में चीन के फेंग को हराया

## बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12-9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का




रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## खबर संक्षेप



### पी सेफ ने स्मृति को बनाया कंफर्ट रेंज का चेहरा

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने एक प्रमुख महिला हाइजीन (स्वच्छता) ब्रांड की ब्रांड दूत बनने के बाद स्वास्थ्य और महिलाओं की हाइजीन को प्राथमिकता देने की अहमियत पर जोर दिया। 'पी सेफ' ने अपने स्थापना दिवस पर भारतीय महिला टीम की उप कप्तान को अपनी 'कंफर्ट रेंज' का चेहरा बनाया है और इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ इस साझेदारी का मकसद महिलाओं की हाइजीन के संदेश को फैलाना है। स्मृति मंधाना ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कंफर्ट कभी ऐसी चीज होनी चाहिए, जिसके बारे में आपको दो बार सोचना पड़े या कोई समझौता करना पड़े। यह बस आपको मिलनी चाहिए। पी सेफ के बारे में यही बात मुझे सबसे अलग लगी क्योंकि वे कंफर्ट को प्राथमिकता देने की कोशिश कर रहे हैं।'

### कॉमनवेल्थ स्पोर्ट का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा अहमदाबाद




**अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेलों की सर्वोच्च वैश्विक संस्था कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में 2030 में होने वाले इन खेलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को गुजरात का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आठ से 11 अप्रैल तक राज्य में रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की आम सभा की पिछले साल नवंबर में हुई बैठक में अहमदाबाद को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार दिया गया था। भारत ने इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी।

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया जीत से आगाज



**शिमला।** भारतीय लड़कियों (अंडर-19) और लड़कों (अंडर-15) की टीमों ने आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः श्रीलंका और मालदीव पर एक समान 3-0 से जीत हासिल करके अपना दबदबा कायम किया। बेहतर रैंकिंग वाली जेनिफर वर्गीज, अनन्या मुरलीधरन और प्रिशा गोयल की तिकड़ी ने सीधे या चार गेम में जीत दर्ज कर श्रीलंका के खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया। अंडर-19 लड़कियों की टीम एकमात्र ऐसी टीम है, जो एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है।

## आईपीएल 2026 : शाम 7.30 बजे केकेआर और लखनऊ में मुकाबला

# एलएसजी के खिलाफ आज गेंदबाजी में छा सकते हैं 25.20 करोड़ के कैमरुन

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज कैमरुन ग्रीन लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गेंदबाजी करते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे, उन्हें केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था, उन्होंने टीम के शुरुआती मुकाबलों में एक विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने केकेआर को सूचित किया था कि आईपीएल 2026 की शुरुआत में कैमरुन ग्रीन एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। सीए ने 30 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर के पहले मैच के बाद जारी एक बयान में कहा, कैमरून को पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका इलाज चल रहा है, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय तक गेंदबाजी से दूर रहने की जरूरत है।



### केकेआर के पास केवल एक अंक

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीन अब प्रतिस्पर्धी माहौल में गेंदबाजी करने के लिए तैयार हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी विभाग में ग्रीन की कमी बहुत ज्यादा खल रही है। यह विभाग पहले से ही मथीशा पथिराना, हर्षित राणा और आकाश दीप के बिना है, जो चोटों से उबर रहे हैं, जबकि मुस्तफिजुर रहमान को टूर्नामेंट शुरू होने से काफी पहले ही बीसीसीआई के निर्देशों पर टीम से हटा दिया गया था। वरुण चक्रवर्ती की खराब फॉर्म ने केकेआर की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। नतीजतन, तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती दोनों मैच हार चुकी है और उसके पास केवल एक अंक है, क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ उसका तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

### ग्रीन ने 3 मैच में बनाए सिर्फ 24 रन

ऑलराउंडर कैमरुन ग्रीन आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस (एमआई) की ओर से 16 मैच खेले थे, जिसमें 50.22 की औसत से 452 रन बनाने के साथ उन्होंने 6 विकेट भी अपने नाम किए थे। इसके बाद आईपीएल 2024 में उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से 13 मैच खेले, जिसमें 255 रन बनाने के साथ 10 विकेट निकाले। आईपीएल 2026 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कैमरुन ग्रीन को अपने साथ जोड़ा। इस टीम के लिए उन्होंने अब तक तीनों ही मैच खेले हैं, लेकिन एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं की। बल्ले से उन्होंने 8 की औसत के साथ सिर्फ 24 रन जुटाए। आईपीएल 2026 की शुरुआत को 10 से ज्यादा दिन हो गए हैं।

### केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण

केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण (आठ ओवर में 69 रन देकर एक विकेट) और भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का खराब प्रदर्शन रहा है, जिन्होंने अभी तक एक भी विकेट नहीं लिया है। यह दोनों खिलाड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में अस्वस्थ होने के कारण टीम में शामिल नहीं थे। इन दोनों की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है जबकि मिस्ट्री स्पिनर दक्ष कामरा को भी मौका मिल सकता है।

### एलएसजी की टीम आत्मविश्वास से भरी

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एलएसजी की टीम में पंत के अलावा शीर्ष तीन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम भी शामिल हैं। वह केकेआर के गेंदबाजों पर शुरू से ही हावी होने की कोशिश करेंगे।

### टीमें इस प्रकार

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरुन ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी।

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

## निशानेबाजी विश्व कप

# पिस्टल मुकाबले में रिदम ने दिखाया दम, टॉप-6 में एंट्री

- 25 मीटर में सिमरनप्रीत कौर 45वें स्थान पर
- एयर पिस्टल में पुरुषों ने किया निराशा



एजेंसी ▶▶| ग्रेनाडा

मिश्रित टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष निशानेबाजों ने बुधवार को आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निराश किया, जहां तीनों प्रतिभागी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।

महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपियन रिदम सांगवान प्रीसीजन चरण में 292 (99, 96, 97) का स्कोर बनाकर पहले दिन के बाद छठे स्थान पर है। दिव्या टी ने भी 291 (96, 98, 97) के स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए आठवां स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही तीसरी भारतीय खिलाड़ी सिमरनप्रीत कौर बराड़ 282 (93, 94, 95) के स्कोर के साथ 45वें स्थान पर है। प्रतियोगिता का दूसरा चरण (रैपिड चरण) गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें शीर्ष आठ निशानेबाज पदक चरण में प्रवेश करेंगे।

### फाइनल में जगह बनाने से चूके नेलावल्ली

युवा मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वह 579 के स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीन के विश्व नंबर एक हू काई भी संघर्ष करते हुए 578 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहे। मुकेश क्वालीफाइंग के शुरुआती और अंतिम चरण में 94 और 95 के दो कमजोर स्कोर के कारण पिछड़ गए। उन्होंने बीच के चारों चरणों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 98, 98, 97 और 97 के स्कोर बनाए थे। यू शी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग में 588 के स्कोर से शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 98, 99, 97, 98, 99 और 97 के स्कोर बनाए। काहिरा विश्व कप (2024) में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता उज्जवल मलिक 577 के कुल स्कोर (95, 96, 96, 97, 95, 98) के साथ 22वें स्थान पर रहे।

## महिला हॉकी

# दीपिका की टीम में वापसी सविता संभालेंगी गोलपोस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित
- 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स में चार मैचों की सीरीज

अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम में फॉरवर्ड दीपिका की वापसी ने अटैक को नई धार दी है। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया फिर गोलपोस्ट की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना दौरे के लिए, जो 24 सदस्यीय टीम चुनी है वह अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई




नई प्रतिभाओं का मेल है। भारतीय मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करने वालीं सलीमा टेटे कप्तानी जारी रखेंगी। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान की भी वापसी हुई है। इससे टीम का डिफेंस और अटैक दोनों मजबूत हुआ है। फॉरवर्ड दीपिका कुमारी ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है। दीपिका भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभालेंगी।

### भारतीय टीम अब और भी ज्यादा संतुलित

खासतौर पर अन्नू ने क्वालिफायर मैचों के दौरान जोरदार ड्रैग-फ्लिक करने की अपनी क्षमता से सभी को प्रभावित किया। दीपिका की वापसी से टीम को और गहराई और अनुभव मिला है। इससे अब यह टीम और भी ज्यादा संतुलित और विपक्षी टीमों के लिए खतरनाक नजर आ रही है। भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की भी टीम में वापसी हुई है। हालांकि, उनकी वापसी चौंकाने वाली है, क्योंकि सविता वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए उपलब्ध नहीं थीं। उनकी गैरमौजूदगी में बिच्छू देवी ने साबित किया कि वह इस स्तर पर खेलने की पूरी हकदार हैं। इस युवा गोलकीपर ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता, फुर्ती और धैर्य का प्रदर्शन किया था। भारतीय महिला हॉकी टीम 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच खेलेगी। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे।

## एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप

# भारत ने चीनी ताइपे को हराया नॉकआउट दौड़ में बरकरार

**पाथुम थानी।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने अपने अंतिम ग्रुप सी मैच में चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। भारतीय फारवर्ड शिवानी देवी नोंगमेइकापम ने दो गोल दागे। उन्होंने 32वें मिनट में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी को भी गोल में बदला। इससे पहले भूमिका देवी खुमुकचाम ने 26वें मिनट में गोल दागकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। स्थानापन्न



खिलाड़ी काओ सिन ने चीनी ताइपे के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में किया। यह 2004 से एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में भारत की पहली जीत है। इस जीत की बदौलत भारत ग्रुप सी में तीन मैच में तीन अंक से तीसरे स्थान पर रहा। भारत को अब उम्मीद होगी कि जोर्डन और उज्बेकिस्तान के बीच आज होने वाला ग्रुप बी मैच ड्रॉ रहे, जिससे कि टीम सभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह बना सके।

# वैष्णवी ने दिलाई भारत को न्यूजीलैंड पर बढ़त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



युवा वैष्णवी अडकर ने वापसी करते हुए बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशियाना ग्रुप एक मुकाबले के पहले एकल मैच में आइशी दास को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराकर भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। पदार्पण कर रही वैष्णवी को मंगलवार को अपने पहले मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा था, जिससे भारत वर्षा से प्रभावित मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-2 से हार गया।

दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर वैष्णवी ने काफी सुधार दिखाया। उन्होंने सहज गलतियां कम की और बेहतर नियंत्रण के साथ शॉट खेले, जिससे न्यूजीलैंड की खिलाड़ी को एक घंटे 30 मिनट में हराने में सफल रहीं। वैष्णवी ने कहा, 'यह बिली जीन किंग कप में मेरा पहला मैच था इसलिए मैं निश्चित रूप से बहुत नर्वस थी। मैंने अपनी घबराहट से ठीक तरीके से नहीं निपट पाई लेकिन यह मेरे लिए एक सबक था।' उन्होंने कहा, 'आज कोर्ट पर आकर मुझे उस चीज पर ध्यान देना था, जिसमें मैं सबसे अच्छी हूं। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।' दूसरे एकल में सहजा यमलापल्ली का मुकाबला वैलेंटिना इवानोव से होगा जबकि रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की जोड़ी महिला युगल में मोनिक बैरी और एरिन रूटलिफ से भिड़ेगी। इससे पहले रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की युगल मुकाबले में जीत के बावजूद भारत सहजा यमलापल्ली की तीन सेट तक चले मुकाबले में पैचरिन चीपचंदेज से पराजय के कारण बारिश से प्रभावित अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड से 1-2 से हार गया।

## चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल में हैरी केन का शानदार प्रदर्शन

# बायर्न म्यूनिख की रियाल मैड्रिड पर 2-1 से जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

चोट से उबरकर वापसी करने वाले हैरी केन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया।

केन ने एक गोल किया जबकि एक अन्य गोल करने में मदद की, जिससे बायर्न 2-0 से आगे हो गया। किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल करके अंतर को कम किया। केन टखने में चोट के कारण पिछले सप्ताहांत बुंडेसलिगा मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा था। उन्होंने हालांकि न सिर्फ मैच खेला बल्कि शानदार प्रदर्शन भी किया। इस परिणाम से बायर्न म्यूनिख को अगले सप्ताह जर्मनी में होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले बढ़त मिल गई है। वह 2023-24 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश



कर रहा है। केन ने 41वें मिनट में बायर्न के पहले गोल में मदद की। उन्होंने सर्ज ग्नाब्री के साथ मिलकर मूव बनाया और फिर लुई डियाज़ को पेनल्टी एरिया के अंदर पास दिया। कोलंबियाई फॉरवर्ड ने रियाल मैड्रिड के गोलकीपर एंड्री लुनिन को चकमा देकर गोल दाग दिया। केन ने 46वें मिनट में बायर्न की तरफ से दूसरा गोल किया। यह चैंपियंस लीग में उनका 11वां गोल था।

### आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को हराया

*लंदन।* *काई हावर्ट्ज के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने क्वार्टर फाइनल की पहले चरण में स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। एस्टाडियो जोस अल्वाल्डे स्टेडियम में जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त होगा तब स्थानापन्न खिलाड़ी हावर्ट्ज ने गोलकीपर रुई सिल्वा को छकाते हुए करीब से गोल दागकर आर्सेनल को अगले सप्ताह होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। पुर्तगाल में खेले गए इस कड़े मुकाबले*



*में हावर्ट्ज ने इंजरी टाइम के पहले ही मिनट में गैब्रियल मार्टिनेली के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। मार्टिनेली ने लिस्बन के डिफेंस को भेदकर गेंद बॉक्स के अंदर जर्मन खिलाड़ी हावर्ट्ज को दी, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की।*




## हाईकोर्ट ने पूछा - लिंग आधारित भेदभाव क्यों ?

# नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में 100% महिला आरक्षण को दी गई चुनौती

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली 800 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया विवादों में घिर गई है । मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के जस्टिस विशाल घगट की एकलपीठ ने सरकार एवं ईएसबी से पूछा है कि नर्सिंग ऑफिसर के पदों में महिलाओं को 100 प्रतिशत आरक्षण किस आधार पर दिया जा रहा है, मामले में अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी । दरअसल संतोष कुमार लोधी एवं अन्य पुरुष अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हाल ही में जारी नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन को चुनौती दी है।



याचिकाकर्ताओं की ओर अधिवक्ता विशाल बघेल ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 2 अप्रैल 2026 को जारी विज्ञापन (नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा-2026) में नर्सिंग ऑफिसर के पदों को 100% केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया है । इससे योग्य पुरुष अभ्यर्थी आवेदन करने से पूरी तरह वंचित हो गए हैं । याचिकाकर्ताओं के अनुसार, 'मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023' के तहत नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए कोई लिंग-आधारित प्रतिबंध नहीं है । मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन में किया गया यह प्रावधान वैधानिक नियमों के विपरीत है याचिका में तर्क दिया गया है कि पुरुष और महिला दोनों एक ही पाठ्यक्रम (B.Sc. नर्सिंग/GNM) पढ़ते हैं और उनके पास समान योग्यता व पंजीकरण होता है । केवल लिंग के आधार पर सार्वजनिक रोजगार से पूर्णतः बाहर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है । याचिका में मांग की गई है कि विज्ञापन के उस हिस्से को निरस्त किया जाए जो 100% पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित करता है ।

### पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल से संबद्ध प्रदेश के 11 विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों को बड़ी राहत

## हाईकोर्ट ने छात्रों को दी 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के फॉर्म भरने की अनुमति

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल से संबद्ध प्रदेश के 11 विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों को बड़ी राहत दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने इन कॉलेजों में अध्ययनरत 9वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्रों जिन्होंने क्रमशः एमपी बोर्ड या सीबीएसई से उत्तीर्ण की है, उन्हें 10वीं एवं 12वीं कक्षा के फॉर्म भरने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने 27 जून 2024 की नई नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य बोर्डों से उत्तीर्ण छात्रों को संस्कृत बोर्ड के विद्यालयों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। मां जगदंबा संस्कृत विद्यालय रायसेन सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि दरअसल, पूर्व में संस्कृत बोर्ड अपने संबद्ध विद्यालयों को यह अनुमति देता था कि वे ऐसे छात्रों को प्रवेश दें जिन्होंने अपनी पिछली कक्षा एमपी बोर्ड भोपाल या सीबीएसई से उत्तीर्ण की हो। अचानक बिना किसी औचित्य के नीति में परिवर्तन कर दिया गया। इस निर्णय से हजारों छात्र प्रभावित हुए और 11 विद्यालयों को इस राहत हेतु उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने कहा उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को बुधवार से चार दिनों के भीतर फॉर्म भरने की अनुमति दी जाए। आवश्यक सभी दस्तावेजों का सत्यापन प्रतिवादी संस्था द्वारा अगले चार दिनों के भीतर किया जाएगा। तत्पश्चात छात्र चार दिनों के भीतर परीक्षा शुल्क जमा करेंगे। सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात, सरकार उन्हें नियमों के अनुसार प्रवेश पत्र जारी कर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देगी।

### हाईकोर्ट ने बैतूल-भोपाल फोरलेन प्रोजेक्ट के मामले में कहा, एनएचएआई को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

## सड़क के नीचे से टाइगर के लिए रास्ता बना रहे, पूरी तरह अनुचित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बैतूल-भोपाल फोरलेन प्रोजेक्ट का तहत केसला-भौंरा-बरेठा के जंगल में चल रहे सड़क निर्माण के मामले पर असंतोष व्यक्त किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि सड़क के नीचे से टाइगर के लिए रास्ता बना रहे , वह पूरी तरह अनुचित है। टाइगर का स्वभाव है कि उसे सामने जंगल दिखेगा, तभी वह रास्ता पार करेगा। जिस तरह से उसके जाने के लिए संकरा रास्ता बना रहे हैं, उससे वह कभी नहीं गुजरेगा और कभी भी रोड पर आएगा। इससे टाइगर के साथ लोगों की जान को भी खतरा रहेगा। कोर्ट ने कहा कि जब 19.5 किमी के जंगल में से 10.5 किमी का हिस्सा ऊपर से ले जाने की सिफारिश पहले से की जा चुकी है, तो उसका पालन क्यों नहीं किया जा रहा है।कोर्ट ने कहा कि सड़क किनारे यदि बैरिकेड्स लगा देंगे तो टाइगर सड़क पार कैसे करेंगे? एनएचएआई को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिया गया।अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। अमरावती महाराष्ट्र निवासी अद्वेत क्योले की ओर से दायर याचिका में बैतूल-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग क्र 49 को फोरलेन में तब्दील करने की प्रक्रिया को चुनौती दी गई है।दलील दी गई है कि सड़क बनाने से वन्य जीवों को सड़क के एक ओर से दूसरी ओर जाने में काफी परेशानी होगी और उनकी जान को हमेशा खतरा बना रहेगा। 1 अप्रैल 2022 को मप्र हाईकोर्ट ने सतपुड़ा और मेलघाट टाइगर रिजर्व के बीच चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। बीते 23 मार्च 2026 को हाईकोर्ट ने इस निर्माण कार्य पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया था। साथ ही नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी व नेशनल बोर्ड फॉर वाईल्ड लाइफ के अधिकारियों को तलब किया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। कोर्ट में मौजूद दोनों विभागों के जिम्मेदार अधिकारी हाईकोर्ट के सवालों का उचित जवाब नहीं दे सके। इस पर कोर्ट ने कहा कि जिस तरह से विकास कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ के हाथियों ने मप्र का रुख किया है, ठीक वैसे ही इस फोरलेन के कारण मप्र के टाइगर भी पलायन करने लगेंगे।

## बार काउंसिल के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू, पहले दिन 48 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन कुल 48 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनमें निवर्तमान वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, विवेक सिंह, सुनील गुप्ता, नरेंद्र जैन, भोपाल से राजेश व्यास, राजेश पांडे, उज्जैन से आशीष बालकृष्ण उपाध्याय आदि शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जस्टिस एसके पालो एवं हाई पॉवर्ड इलेक्शन कमेटी के सचिव प्रशांत दुबे ने बताया कि गुरूवार और शुक्रवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। नाम वापसी होने के बाद सभी नामांकन प्रपत्रों की जांच की जाएगी। स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान 12 मई को होना है। बुधवार को सुबह से ही स्टेट बार में उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ पहुंचने लगे थे। शाम तक नामांकन प्रक्रिया जारी रही। इस दौरान स्थानीय प्रत्याशी आरके सिंह सैनी के साथ पाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, सम्मति सैनी, राकेश सैनी, टीसी लखेरा, अशोक पांडे, सुशील शर्मा, अशोक गुप्ता, पीएस दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

# देशी पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़े गए 2 बदमाश

**जबलपुर।** अधारताल और गोहलपुर पुलिस ने अधारताल तालाब शिव मंदिर के पास और लेमा गार्डन मैदान पर रखे टपरे के पीछे पिस्टल लेकर घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 देशी पिस्टल और 3 कारतूस जब्त किए है।



अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर अधारताल तालाब शिव मंदिर के पास पिस्टल लेकर घूम रहे जगदंबा नगर महाराजपुर निवासी 21 वर्षीय लकी गोटिया को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो कारतूस जब्त किए है। बताया गया है कि आरोपी लकी गोटिया के विरूद्ध अवैध वसूली, मारपीट सड़क दुर्घटना सहित पूर्व से आधा दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है। इसी तरह गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि मुखबिर की सूचना गत रात लेमा गार्डन मैदान पर रखे टपरे के पीछे वारदात करने की फिराक में खड़े अंसारनगर गोहलपुर निवासी 23 वर्षीय मोह.कादिर उर्फ सोहेल बाबा अंसारी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी पिस्टल एवं एक कारतूस जब्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है।

### कुलसचिव कार्यालय ने जारी किए आदेश

# बायो साइंस विभाग के आचार्य को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में लंबे समय से खाली पड़े अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) पद पर आखिरकार नियुक्ति कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार बायोसाइंस विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह को नया अधिष्ठाता छात्र कल्याण नियुक्त किया गया है। वे आगामी आदेश तक इस पद का दायित्व संभालेंगे।



गौरतलब है कि 16 मार्च को पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्रा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर असहयोग का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था और छात्र संगठनों सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्गों में नए डीएसडब्ल्यू की नियुक्ति को लेकर चर्चा और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था।

करीब तीन सप्ताह तक चले मंथन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. सुरेंद्र सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. सिंह बायोसाइंस विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं और उन्हें एक अनुशासित एवं प्रशासनिक अनुभव वाले शिक्षक के रूप में जाना जाता है। उनकी नियुक्ति को विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण का पद विश्वविद्यालय में अत्यंत अहम माना जाता है, क्योंकि यह पद सीधे तौर पर छात्रों की समस्याओं, छात्रवृत्ति, सांस्कृतिक गतिविधियों, छात्र संघ से जुड़े मामलों और विभिन्न छात्र हितों से संबंधित कार्यों का समन्वय करता है। ऐसे में नए डीएसडब्ल्यू के सामने छात्रों के विश्वास को मजबूत करने और लंबित मामलों के निराकरण की बड़ी चुनौती होगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि नई नियुक्ति से छात्र कल्याण से जुड़े कार्यों में तेजी आएगी और पूर्व में बनी असमंजस की स्थिति समाप्त होगी। वहीं छात्र संगठनों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि नई जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ. सुरेंद्र सिंह किस प्रकार छात्र हितों को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन एवं छात्रों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करते हैं।

### मजदूर से मारपीट कर पर्स व मोबाइल लूटा

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मेन रोड शराब दुकान के पास स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक मजदूर के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल व पर्स लूट लिया। पर्स में 1 हजार 500 रुपए रखे हुए थे। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुंदरई ग्वारा थाना निवास जिला मंडला निवासी 21 वर्षीय दिलीप जबलपुर मजदूरी करने आया है और जबलपुर में स्वास्तिक अस्पताल के पीछे विजयनगर में किराए से रहता है। गत शाम लगभग 7.30 बजे बस स्टेंड से गांव जाने के लिए निकला था। दीनदयाल बस स्टेण्ड में एक स्कूटी में 2 लड़के मिले जिन्होंने कहा कि रांझी से बस मिल जायेगी, तुम्हें रांझी तक छोड़ दे रहे हैं, उसे स्कूटी में पीछे बिठा लिये तथा रांझी मेन रोड शराब दुकान के पास स्कूटी रोके जब वह उतरा तो उन लड़कों ने उसे थप्पड़ मारा और उसका टेक्नो कम्पनी का मोबाइल और पर्स छीन लिया। पर्स में 1 हजार 500 रूपये रखे थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




### तेज हवाओं के बीच वर्षा की संभावना

# अचानक बदले मौसम के मिजाज, सुबह और दोपहर बरसा पानी

**जबलपुर।** बुधवार को फिर मौसम के मिजाज अचानक बदले और आसमान पर दिनभर बादल छाये रहे। दिन में धूप छांव का खेल चलता रहा, इस बीच पारा तीन दिनों से स्थिर बना हुआ है। लेकिन गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। बादलों की बसाहट से उमस ने हलाकान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दवाब वाले क्षेत्र के कारण बादल नीचे उतर आए हैं और आगामी 24 घण्टों के दौरान संभाग के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बरस भी सकते हैं। बुधवार की सुबह और दोपहर में एक झलक अच्छी बारिश हुई। जो 9.2 मिलीमीटर दर्ज की गई।



स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू काश्मीर से आया पश्चिमी विक्षोप के कारण पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। लो-प्रेशर की वजह से बादल बन रहे हैं, और तापमान में गिरावट आई है। हाल ही में तीखे हुए गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। लेकिन आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 31.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 79 प्रतिशत और सायंकाल 51 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 05.54 पर और सूर्यास्त शाम 06.29 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 37.05 डिग्री तापमान मंडला और सबसे कम 16.08 डिग्री पचमढ़ी में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ पानी बौछारें पड़ने की संभावना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240